●वर्ष : 16 ●अंक : 248 ●मूल्य : 02 रूपया मात्र पृष्ठ : 08

RNI No. DELHIN/2008/23928

Mfg & mkt by.. ANGEN PHARMACEU-TICALS (OPC) PRIVATE LIMITED




Distributorship ke liye contact Karen . ( 9315755133 / ya email Karen) angenpharmaceuticals@gmail.com

दैनिक

# लोकतंत्र की शान

लोकतंत्र का स्तंभ

दिल्ली से प्रकाशित

मगंलवार 31 दिसम्बर 2024

## समाचार

### पीएम ने जिमी कार्टर के निधन पर जताया शोक

**नई दिल्ली** । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जिमी कार्टर को एक महान दूरदर्शी राजनेता बताते हुए उनके निधन पर दुख व्यक्त किया है। श्री मोदी ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर शोक संदेश में कहा, अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जिमी कार्टर के निधन पर मुझे गहरा दुख हुआ है। वह एक महान दूरदर्शी नेता थे और उन्होंने विश्व शांति एवं सद्भाव के लिये अथक प्रयास किया।' श्री मोदी ने भारत-अमेरिका के संबंध को विस्तार देने में श्री कार्टर के योगदान को याद करते हुये कहा है कि पूर्व राष्ट्रपति ने दोनों देशों के रिश्तों में अपने योगदान की एक विरासत छोड़ी है। उन्होंने कहा, ' मैं श्री कार्टर के परिवार दोस्तों और अमेरिका के लोगों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूं।'

### मनमोहन के घर परिजनों से मिलने गई सोनिया-प्रियंका

**नई दिल्ली** । कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा रविवार को पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के परिवार के सदस्यों से मिलने उनके आवास पर गयीं और पीड़ित परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने सोमवार को कहा कि परिजनों से बातचीत के दौरान श्रीमती गांधी और श्रीमती वाड्रा ने महसूस किया की डॉ सिंह के अंतिम संस्कार के समय परिवार से जुड़े कई सदस्य चिता स्थल तक नहीं पहुंच सके जिसके कारण उन्हें काफी कष्ट हुआ। स्थिति को देखते हुए परिजनों को डॉ सिंह के फूल चुनने और अस्थि विसर्जन के लिए निजात के साथ काम करने का अवसर दिया गया। उन्होंने कहा,परिवार की निजता का सम्मान करते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता सरदार डॉ मनमोहन सिंह जी की अस्थियों को चुनने और विसर्जित करने के लिए परिवार के साथ नहीं गए। हमारे प्रिय दिवंगत नेता के अंतिम संस्कार के बाद श्रीमती सोनिया गांधी जी और श्रीमती प्रियंका गांधी वाड्रा जी ने उनके निवास पर परिवार से मुलाकात की।

### दिल्ली में इमामों को 17 महीने से सैलरी नहीं : पूर्व सीएम का नया ऐलान

# पुजारी-ग्रंथी को हर महीने 18000 देंगे



### प्रदर्शन कर रहे इमाम बोले- 50 बार अधिकारियों से मिले, वेतन नहीं मिला

*केजरीवाल के घर के बाहर प्रदर्शन कर रहे ऑल इंडिया इमाम एसोसिएशन के चेयरमैन साजिद रशीदी ने कहा कि वेतन में देरी को लेकर पिछले 6 महीनों से अधिकारियों और नेताओं से मुलाकात कर रहे हैं, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। रशीदी का कहना है कि उन्होंने मुख्यमंत्री, एलजी समेत हर छोटे-बड़े अधिकारी से लगभग 50 बार मुलाकात की है। रशीदी ने दिल्ली सरकार को चेतावनी दी है कि 240 इमामों की सैलरी जल्द नहीं दी गई, तो वे धरने पर बैठेंगे और जब तक वेतन नहीं मिलेगा, वहां से हटेंगे नहीं। प्रदर्शनकारियों ने दावा किया कि उनका मासिक मानदेय इमामों के लिए 18000 और मुअज्जिनों के लिए 16000 रुपए डेढ़ साल से ज्यादा समय से नहीं मिला है।*

नूना न्यूज एजेंसी।

**नई दिल्ली।** आम आदमी सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को ऐलान किया कि अगर उनकी पार्टी दिल्ली में दोबारा सरकार बनाती है, तो वह पुजारी ग्रंथी सम्मान योजना शुरू करेगी। इसके तहत मंदिर के पुजारियों और गुरुद्वारों के ग्रंथियों को 18 हजार हर महीने भत्ता दिया जाएगा। केजरीवाल ने कहा कि योजना के लिए रजिस्ट्रेशन कल से शुरू होगा। केजरीवाल मंगलवार को कनॉट प्लेस के हनुमान मंदिर जाएंगे। जहां वे रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया की जांच करेंगे। इधर, दिल्ली वक्फ बोर्ड के इमामों ने केजरीवाल के घर के बाहर प्रदर्शन किया। इमामों का दावा है कि उन्हें 17 महीने से सैलरी नहीं मिली है। इसके लिए वे सीएम, एलजी समेत सभी से शिकायत कर चुके हैं। योजना के ऐलान के बाद केजरीवाल ने कहा कि पुजारी और ग्रंथी समाज का अहम हिस्सा हैं, लेकिन उनकी समस्याओं की अक्सर अनदेखी की जाती है। भाजपा वालों ने महिला सम्मान और संजीवनी योजना के रजिस्ट्रेशन को रोकने की असफल कोशिश की थी। अब ये लोग पुजारी-ग्रंथी सम्मान योजना के रजिस्ट्रेशन न रोकें वरना इन्हें पाप लगेगा। भाजपा के प्रवक्ता अमित मालवीय ने केजरीवाल के पुजारी-ग्रंथी सम्मान योजना को लेकर कहा कि महाठग अरविंद केजरीवाल ने 10 साल बाद मंदिरों के पुजारियों और गुरुद्वारा साहिब के ग्रंथियों को ठगने के लिए नई योजना की घोषणा की है। लेकिन दिल्ली में कितने पुजारी और ग्रंथी हैं, उन्हें इसका पता तक नहीं है। चुनाव से पहले झूठे वादों की झड़ी लगा दी गई है। अमित ने एक्स पोस्ट में लिखा- पिछले 17 महीनों से इमामों को तनख्वाह भी नहीं दी गई है, और वे लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं। दिल्ली वाले जानते हैं कि हिंदू विरोधी आप की यह घोषणा भी केवल हवा-हवाई है।

### नोएडा महापंचायत में फैसला, नए साल से होगी बातचीत : राकेश टिकैत बोले

# देश में सब चीज के रेट बढ़े, किसानों की जमीन सस्ते दामों पर लुट जाएगी

नूना न्यूज एजेंसी।

**नोएडा।** संयुक्त मोर्चे की ग्रेटर नोएडा के जीरो पॉइंट पर महापंचायत शुरू हो गई है। राकेश टिकैत ने कहा कि तीनों प्राधिकरण बैठकर किसानों से बातचीत करें। देश में सब चीज के रेट बढ़े हैं। जमीन के सर्किल रेट क्यों नहीं बढ़े। क्या किसानों की जमीन सस्ते दामों पर लुट जाएगी। ये इशु है। ये आंदोलन पूरे देश में चलेंगे। अगर सरकारें नहीं मानी तो आंदोलन चलेंगे। अलग-अलग जगह के अलग इशु हैं। यहां का भूमि अधिग्रहण का है। दूसरी जगह एमएसपी गारंटी का है। कही छात्रों पर लाठी चार्ज हो रहे हैं। हर जगह कमेटी बनी हुई है। यहां गौतमबुद्ध



नगर में भूमि अधिग्रहण का मामला है। सरकार और प्राधिकरण बैठकर बातचीत करे। वार्ता सात जनवरी से शुरू होगी। इसलिए किसान अपने कागज दस्तावेज मजबूत करके चले। उन्होंने कहा कि हम पहले वाले आंदोलन से सहमत नहीं है। क्योंकि कोई भी फैसला बैठक ही लिया जाता है। इस पंचायत में भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत पहुंच गए हैं। पंचायत को लेकर जीरो पाइंट पर किसानों के आने का सिलसिला शुरू हो गया है। इस बार भारी संख्या में महिला किसान भी इकट्ठा हुई हैं। पंचायत में ओएसडी यमुना विकास प्राधिकरण शैलेंद्र सिंह ने बताया कि यमुना के लिए मुआवजा बढ़ोतरी की गई है। सर्किल रेट बढ़ाने का काम किया जा रहा है। शिफिटिंग के मामलों को पूरा करने के लिए कमेटी बना दी गई है। एक महीने में काम पूरा हो जाएगा। सात तारीख को दोबारा से कमेटी की बैठक होगी। अलग से रजिस्टर होगा किसानों का अलग से डेटा होगा। पांच पांच गांवों में एक आबादी सर्वे होगा। जिससे किसानों की समस्याओं का निवारण हो सकेगा। हालांकि महापंचायत में भारतीय किसान परिषद शामिल नहीं है। ये वहीं संगठन है जिसने नोएडा, ग्रेटरनोएडा, यमुना और एनटीपीसी के किसानों को उनका लिए दिलाने के लिए धरना दिया और जेल गए।

## ज्वलंत मुद्दा

## सम्पादकीय



### प्रधानमंत्रियों के अंतिम संस्कार और स्मारक के लिए अपनाए गए दोहरे मापदंड पर खुद घिरी कांग्रेस

पहले पूर्व प्रधानमंत्री पी वी नरसिम्हाराव और अब पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार और उनके स्मारक को लेकर जो घिनौनी राजनीति 'कांग्रेस परिवार' खासकर नेहरू-गांधी परिवार ने शुरू की है, वह बेहद लज्जाजनक और भारतीय राजनीति पर किसी काले धब्बे की मानिंद है। इससे देश का सत्तापक्ष, विपक्ष और जनमानस सभी शर्मसार हुए हैं। दरअसल, कांग्रेस व विपक्षी दल के कई नेता चाहते थे कि डॉ. मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार राजघाट के पास किया जाए और वहीं पर उनका समाधि स्थल भी बनवाया जाए। जबकि केंद्र सरकार ने डॉक्टर मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार निगमबोध घाट पर किए जाने का फैसला लिया और बाद में उनका स्मारक बनवाए जाने की बात कही। इसी मसले पर सियासत शुरू हो गई। वहीं, इस मसले पर अबतक हुए सियासी वार-पलटवार में भाजपा से ज्यादा कांग्रेस घिर चुकी है। क्योंकि अब आईना दिखाया जा रहा है कि प्रधानमंत्रियों के अंतिम संस्कार और स्मारक के लिए खुद कांग्रेस के नेतृत्व वाली मनमोहन सरकार ने ही दोहरे मापदंड अपनाए थे। जबकि वह नाहक ही इस मसले पर भाजपा को घेर रही है ताकि फरवरी 2025 में होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनावों में उसे इसका भावनात्मक लाभ मिल सके। ऐसे में सवाल यह भी उठ रहे हैं कि क्या नेहरू-गांधी परिवार के इशारे पर भारत सरकार फैसले लेगी या फिर कोई स्वस्थ परम्परा शुरू करेगी। वहीं, इस मसले पर राष्ट्रपति-उपराष्ट्रपति में भी भेद नहीं होना चाहिए, क्योंकि उपराष्ट्रपति राज्यसभा का सभापति भी होता है। बताया गया है कि राजघाट पर स्मारक के लिए राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, उपप्रधानमंत्री और विशिष्ट योगदान देने वाले लोगों की चर्चा तो है, लेकिन उसमें उपराष्ट्रपति का पद शामिल नहीं है। यह हैरतअंगेज है। सवाल है कि पूर्व प्रधानमंत्री पी वी नरसिम्हाराव को मरणोपरांत समुचित पार्टीगत सम्मान व स्मारक हेतु दिल्ली में स्थान नहीं देने का आरोपी 'कांग्रेस परिवार' अब किस मुंह से पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के लिए मरणोपरांत अंत्येष्टि व स्मारक हेतु राजघाट, दिल्ली में स्थान मांग रहा है और इसे नहीं देने का आरोप 'बीजेपी परिवार' पर लगा रहा है, जबकि एनडीए के नेतृत्व वाले मोदी सरकार की ऐसी कोई नकारात्मक मंशा नहीं है।

**SYED ZAKI HAIDER**

( EDITOR / PUBLISHER CUM MANAGING DIRECTOR
OF NAI UMMEED NEWS AGENCY
MOBILE NO. 9911371802
EMAIL SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM

### राजनाथ सिंह ने किए महाकाल मंदिर में दर्शन

नूना न्यूज एजेंसी।

**उज्जैन** । रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज मध्यप्रदेश के उज्जैन स्थित प्रसिद्ध महाकाल मंदिर में दर्शन और पूजा की। श्री सिंह ने सोशल मीडिया पर दर्शन संबंधी फोटो पोस्ट करते हुए लिखा है, उज्जैन में आज महाकाल मंदिर में दर्शन और पूजन का सौभाग्य प्राप्त हुआ। यह मंदिर भारत की आध्यात्मिक चेतना का केंद्र है। यहां महादेव से समस्त देशवासियों के सुख,समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। जय महाकाल।

# छात्रों पर अत्याचार कर रही डबल इंजन की सरकार: प्रियंका

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि बिहार में अपनी वाजिब मांगों को लेकर आवाज उठा रहे छात्रों की बात सुनने की बजाय डबल इंजन सरकार उन पर लगातार अत्याचार कर रही है। उन्होंने कहा कि बिहार में पेपर लीक हो रहे हैं, परीक्षाओं में भ्रष्टाचार हो रहा है तथा धांधली की जा रही है और जब छात्र इसके खिलाफ आवाज उठा रहे हैं तो



कड़ाके की सर्दी में उन पर पानी की बौछार कर छात्रों पर अत्याचार किया जा रहा है। प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा, बिहार में तीन दिन के अंदर दूसरी बार छात्रों पर अत्याचार किया गया। परीक्षाओं में भ्रष्टाचार, धांधली, पेपर लीक रोकना सरकार का काम है लेकिन भ्रष्टाचार रोकने की जगह छात्रों को आवाज उठाने से रोका जा रहा है। उन्होंने कहा, इस कड़ाके की ठंड में युवाओं पर पानी की बौछार और लाठीचार्ज करना अमानवीय है। भाजपा का डबल इंजन युवाओं पर डबल अत्याचार का प्रतीक बन गया है।

### विवाद के बाद पहली बार संदेशखाली पहुंचीं ममता बनर्जी, बोली

# मां-बहनें देश का गौरव है : ममता बनर्जी

नूना न्यूज एजेंसी।

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सोमवार को एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए संदेशखाली गईं। विशेष रूप से, यह पहली बार है जब सीएम ममता बनर्जी ने इलाके में हिंसक विरोध प्रदर्शन के बाद संदेशखाली का दौरा किया। संदेशखाली में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने बीजेपी और सीपीआईएम पर निशाना साधा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने कहा कि यह सेवा सरकार के लिए है और किसी भी सरकारी प्रोजेक्ट के लिए किसी को पैसा न दें। ममता ने कहा कि यह पैसा सरकार का है, यह पैसा



आपका है। इसलिए सरकारी परियोजनाओं के लिए किसी को पैसा न दें। ममता ने कहा कि अगर कोई बुलाए तो मत जाइए और अगर कोई सरकारी प्रोजेक्ट 'दुआरे सरकार' पर आता है तो घर पर प्रोजेक्ट के बारे में बात करें। विद्याधरी नदी पर पुल की मांग पर ममता बनर्जी ने कहा कि यह काम धीरे-धीरे किया जाएगा। आज झुपखाली में पुल की घोषणा की गई है। संदेशखाली में ममता बनर्जी ने कहा कि मां-बहनें देश का गौरव हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर माँ और बहन नहीं है, तो कोई परिवार नहीं है। घर की महिलाएं स्वास्थ्य साथी परियोजना की प्रमुख हैं। ममता ने कहा कि 123 करोड़ रुपये से कई परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया है और संदेशखाली में सड़क, बांध, जल उपचार संयंत्र, सामुदायिक भवनों का निर्माण किया गया है। ममता ने यह भी वादा किया कि आने वाले दिनों में एक नया उपखंड और जिला बनाया जाएगा क्योंकि संदेशखाली के लोगों को दूर जाना पड़ता है।

### स्वास्थ्य एवं शिक्षा प्रतिनिधियों के साथ बजट पूर्व चर्चा

नूना न्यूज एजेंसी।

**नई दिल्ली** । वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त वर्ष 2025-26 के बजट की तैयारियों के मद्देनजर आज यहां स्वास्थ्य एवं शिक्षा क्षेत्र के प्रतिनिधियों एवं विशेषज्ञों के साथ चर्चा की। वित्त मंत्रालय ने एक्स पर यह जानकारी देते हुये कहा कि बजट की तैयारियों के तहत यह वित्त मंत्री की छठी बैठक थी। इसमें वित्त सचिव एवं दिपम सचिव, आर्थिक मामलों के विभाग के सचिव के साथ ही स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अधिकारियों, स्कूली शिक्षा विभाग और स्वास्थ्य शोध विभाग के अधिकारियों के साथ ही सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार मौजूद थे। बैठक में भाग लेने वालों में स्वास्थ्य क्षेत्र से टाटा मेमोरियल सेंटर मुंबई के निदेशक डॉ. कैलाश शर्मा, लोक स्वास्थ्य विशेषज्ञ एवं एपिडेमिओलॉजिस्ट डॉ अतुल कोटवाल, राष्ट्रीय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. अभिजीत सेठ और संत जॉंस नेशनल एकेडमी ऑफ हेल्थ साइंस के प्रोफेसर डॉ. हरि मेनन शामिल थे। शिक्षा क्षेत्र के प्रतिनिधियों में श्री विश्वकर्मा स्कील विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो राज नेहरू, सेंटर फॉर टीचर एक्रीडेशन के संस्थापक एवं सीईओ राम्या वेंकटरमन, अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के महासचिव प्रो गीता चौहान, एबीवीपी के राष्ट्रीय ऑर्गेनाइजिंग सचिव आशिष चौहान आदि शामिल थे।

### आप की योजनाओं पर हरदीप पुरी का तंज

# 'ऐसा कोई सगा नहीं जिसे केजरीवाल ने ठगा नहीं'

नूना न्यूज एजेंसी।

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने पार्टी की कल्याणकारी योजनाओं को लेकर आप संयोजक अरविंद केजरीवाल पर हमला बोला और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री पर लोगों को 'धोखा' देने का आरोप लगाया। केंद्रीय मंत्री ने कहा, "ऐसा कोई सगा नहीं जिसे केजरीवाल ने ठगा नहीं।" पुरी ने दावा किया कि महिला 'सम्मान योजना' और 'संजीवनी' योजना में उचित बजटीय प्रावधानों और कैबिनेट की मंजूरी का अभाव है। महिला सम्मान योजना का उद्देश्य दिल्ली में रहने वाली महिलाओं को



प्रति माह 2,100 रुपये प्रदान करना है। मंत्री ने योजनाओं की ईमानदारी पर सवाल उठाते हुए कहा कि स्पष्ट वित्तीय समर्थन या मजबूत कार्यान्वयन प्रक्रिया के बिना ऐसी योजनाओं की घोषणा करना लोगों के साथ विश्वासघात है। उन्होंने कहा कि आप योजनाएँ बना सकते हैं लेकिन इसके लिए बजटीय प्रावधान होना चाहिए। योजना को आगे भी बढ़ाना है। उन्होंने आगे कहा कि पंजाब में महिलाओं से किए गए वादे पूरे नहीं किए गए और वह दिल्ली में महिलाओं को 2,100 रुपये देने की एक और योजना लेकर आए। क्या उनकी कैबिनेट ने इस योजना को मंजूरी दी? क्या उन्होंने बजट का संचालन किया? पुरी से सवाल किया कि वे योजना के इरादे की घोषणा कर सकते हैं लेकिन वे लोगों से फॉर्म भरवा रहे हैं, यह लोगों के साथ 'धोखा' है। ऐसा इसलिए है क्योंकि अगर कोई उत्पाद ही नहीं है तो कोई उत्पाद कैसे बेच सकता है? केजरीवाल द्वारा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर उनके निर्वाचन क्षेत्र में "ऑपरेशन लोटस" चलाने का आरोप लगाने के बाद पुरी ने अरविंद केजरीवाल पर 'मानसिक संतुलन' खोने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा, "मुझे लगता है कि जब अरविंद केजरीवाल (जेल में) 'सरकारी आतिथ्य' में थे, तो उनका 'मानसिक संतुलन' गड़बड़ा गया...अरविंद केजरीवाल का दृष्टिकोण क्या है - विघटन?...अरविंद केजरीवाल के पास बहुत कम समय बचा है।

# देवास पुलिस की कस्टडी में हुई दलित की हत्या: राहुल

### भाजपा शासित राज्यों में मनुवादी सोच के कारण हो रहीं ऐसी घटनाएं, सरकार की शह

**नई दिल्ली।** देवास के सतवास थाना में एक युवक की पुलिस हिरासत में मौत को राहुल गांधी ने हत्या बताया है। राहुल गांधी ने सोमवार को आरोप लगाया कि बीजेपी की मनुवादी सोच के कारण उनके शासन वाले राज्यों में ऐसी घटनाएं हो रही है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा- देवास में दलित युवक की पुलिस कस्टडी में हत्या की गई, जो दुखद, शर्मनाक और अत्यंत निंदनीय है। भाजपा की मनुवादी सोच के कारण उनके शासन वाले राज्यों में एक के बाद एक इस तरह की घटनाएं हो रही हैं। सरकार की शह के बिना ये संभव नहीं है। दरअसल, मालागांव के रहने वाले मुकेश (35) पिता गबूलाल लोंगरे के खिलाफ एक महिला ने 26 दिसंबर को मारपीट और गाली-गलौज की शिकायत की थी। इसी मामले में पुलिस ने शनिवार दोपहर में मुकेश को हिरासत में लिया था। शाम को ही उसकी मौत हो गई। परिवार वालों ने पुलिस पर 6 हजार रुपए रिश्वत मांगने और हत्या करने का आरोप लगाया। राहुल गांधी के बयान पर बीजेपी ने पलटवार किया है। प्रदेश बीजेपी के मीडिया विभाग के प्रभारी आशीष अग्रवाल सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर लिखा- 'मौत पर राजनीति करना कांग्रेसियों का चरित्र है। किसी भी संवेदनशील घटना में जाति और धर्म ढूंढने वाले राहुल गांधी का यह गैर-जिम्मेदाराना बयान कोई नई बात नहीं है। बिना घटना की जानकारी लिए राहुल गांधी, जीतू पटवारी और कांग्रेसी ही इस प्रकार के ट्वीट कर अपनी राजनीति चमकाने का कुत्सित प्रयास कर सकते हैं। आषीष अग्रवाल ने कहा है कि सरकार ने ये मामला संज्ञान में आने के बाद त्वरित कार्रवाई की है।

# डॉ मनमोहन सिंह की समाधि स्थल को विवाद का मुद्दा नहीं बनाएं: बुद्धिजीवी।



**सनंत सिंह/ पत्रकार। नयी दिल्ली, 30 दिसंबर 2024 (एजेंसी)।** विभिन्न क्षेत्रों के प्रमुख हस्तियों ने महान अर्थशास्त्री एवं पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के समाधि स्थल को राजनीतिक मुद्दा बनाने से दलों से परहेज करने की अपील की है। दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व प्रो योगेश कुमार ने कहा है,कि इस मामले को राजनीतिक मुद्दा बनाना दुर्भाग्यपूर्ण है। सभी राजनीतिक दलों को इससे परहेज करना चाहिए, क्योंकि डॉ. सिंह का कद विवादों से पड़े रहा है। जाने माने समाजसेवी एवं कई जनांदोलनों के वाहक रहे अरविन्द पाठक ने कहा है, कि यह अत्यन्त दुर्भाग्यपूर्ण है। डॉ. सिंह न सिर्फ देश के पूर्व प्रधानमंत्री थे,बल्कि प्रख्यात अर्थशास्त्री थे। देश को आर्थिक रूप से मजबूत करने में उनका अहम योगदान रहा है। उन्हें विवादों से दूर रखना चाहिए। सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ.गिरजेश रस्तोगी कहते हैं, कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह सादगी के प्रतीक थे। उनका जीवन विवादों से दूर रहा है,इसलिए उनके समाधि स्थल को लेकर राजनीति नहीं होनी चाहिए। वयोवृद्ध वरिष्ठ पत्रकार सुलतान एस कुरैशी कहते हैं, कि अभी राजनीति का स्वरुप काफी बदल गया है। अब लोग निधन पर भी राजनीतिक संभावनायें तलाशने लगे हैं। यह ठीक नहीं है। एल.एस.

## बाबासाहेब अंबेडकर का अपमान और कमजोर वर्गों पर अत्याचार ही भाजपा के शासन का मूलमंत्र है।



**नयी दिल्ली।** देवास, मध्य प्रदेश में पुलिस हिरासत में दलित युवक की मौत का मामला अत्यंत गंभीर है। परिवार का आरोप है कि पुलिस क्रूरता की वजह से युवक की जान चली गई। इसके पहले महाराष्ट्र के परभणी से दलित परिवारों पर अत्याचार व पुलिस हिरासत में एक दलित युवक की मृत्यु की खबर आई थी। लगता है भाजपा राज में दलितों, आदिवासियों और वंचितों पर पुलिस को कमजोर वर्गों पर अत्याचार की खुली छूट मिली हुई है।

# राहुल मित्रा के 'टेडएक्स टॉक' ने जीता लोगों का दिल

**नयी दिल्ली।** प्रसिद्ध पुरस्कार विजेता फिल्म निमार्ता-अभिनेता और ब्रांडिंग विशेषज्ञ राहुल मित्रा के रोमांचक टेडएक्स टॉक 'क्रिएट विद करेज' को शुक्रवार को लखनऊ में जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट के खचाखच भरे ऑडिटोरियम में खूब वाहवाही मिली। इस वाहवाही की वजह यह थी क्योंकि उन्होंने दर्शकों को अपनी सीमाओं को आगे बढ़ाने, नाकामियों को स्वीकारने और आत्मविश्वास के साथ कुछ नया प्रयोग करने के लिए उत्साहित किया। राहुल मित्रा ने कहा कि 'साहस सिर्फ एक भावना नहीं है, बल्कि यह एक ऐसी प्रेरक शक्ति है, जो हमें डर का निडरता से सामना करने और हमेशा अग्रसर करने की दिशा में सक्षम बनाती है। साहस सिर्फ हमारे अंदर







नहीं रहता, बल्कि हमें किसी भी तरह की चुनौती से लड़ने की ताकत देता है। साहस सफलता की कुंजी है। यह एक ऐसी ताकत है, जो हमें हर गिरावट के बाद उठ खड़े होने, दृढ़ संकल्प के साथ अज्ञात चीजों एवं भय का सामना करने के साथ अपने लिए तय सीमाओं को पार करने की शक्ति देती है। राहुल मित्रा ने कहा कि साहस हमें असफलता को एक सबक के रूप में स्वीकार करना और हर असफलता को वापसी में बदलना सिखाता है। उन्होंने बताया कि 'टेडएक्स टॉक्स' विचारकों, उपलब्धियां प्राप्त करने वालों और प्रभावशाली लोगों के लिए अपने अनुभव और अंतर्दृष्टि को साझा करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है। साथ ही, यह हमें चुनौतियों पर काबू पाने और सफलता हासिल करने के लिए एक रोडमैप भी प्रदान करता है।

## प्रसादम: आध्यात्मिकता को घर-घर पहुंचाने की अनोखी पहल, आध्यात्मिकता से जुड़ने की अनोखी पहल

नई दिल्ली दिसम्बर : नई दिल्ली के भारत मंडपम, आईटीपीओ एक्सपो में प्रसादम नामक एक अभिनव पहल की शुरुआत हुई। इस पहल का उद्देश्य लोगों को उनकी आध्यात्मिक जड़ों से जोड़ना है, जहां देश के प्रसिद्ध मंदिरों का प्रसाद सीधा उनके घर, ऑफिस या हॉस्टल तक पहुंचाया जाएगा। इस पहल को वेंचर स्टूडियो कैपिटल और जागो नारी फैडरेशन के मेंटर राजेश शुक्ला द्वारा संरचित और समर्थित किया गया। इस भव्य कार्यक्रम का उद्घाटन केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने किया। कार्यक्रम में 30 हजार से अधिक लोग और 23 देशों के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस पहल के पीछे एक ऊजार्वान टीम है, जिसमें प्रिंस त्यागी, विनय प्रताप सिंह, विकास यादव, सुरेंद्र पंत, कृतिका गुप्ता और सी.एस मधु त्यागी जैसे युवा शामिल हैं। प्रसादम पारंपरिक विधियों से तैयार और विशेष भोग के बाद पैक किया जाता है, जिससे ताजगी और प्रामाणिकता बरकरार रहती है। यह पहल न केवल आध्यात्मिकता को घर-घर पहुंचाने का प्रयास है, बल्कि रोजगार के अवसर भी प्रदान करती है। कार्यक्रम में मौजूद गणमान्य व्यक्तियों, जैसे स्मृति ईरानी, मीनाक्षी लेखी और दया शंकर सिंह ने इस पहल को भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिकता से जोड़ने का प्रयास बताया। भविष्य में, प्रसादम टीम कुंभ मेले में 1 लाख लोगों तक प्रसाद पहुंचाने और सुप्रीम कोर्ट परिसर में सेवा शुरू करने की योजना बना रही है।

# महाकुंभ 2025: आध्यात्मिकता और आधुनिकता का भव्य संगम, भव्यता और सांस्कृतिक धरोहर का उत्सव

नई दिल्ली दिसम्बर : प्रयागराज में 13 जनवरी से 26 फरवरी तक आयोजित होने वाले 45 दिवसीय महाकुंभ 2025 का आयोजन भव्यता और व्यापक तैयारियों के साथ किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि यह आयोजन न केवल भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरोहर को प्रदर्शित करे, बल्कि विश्वस्तरीय सुविधाएं भी प्रदान करे। दुनिया भर से 40 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं की भागीदारी की अपेक्षा के साथ, महाकुंभ भारतीय प्रवासियों, पर्यटकों और भक्तों के लिए एक अनोखा अवसर बनकर उभरा है। महाकुंभ नगर को एक अस्थायी शहर में तब्दील किया गया है, जिसमें आधुनिक सुविधाओं से युक्त डीलक्स टेंट और विला शामिल हैं। सड़कों और पुलों का नवीनीकरण, बहुभाषीय संकेतक, और स्वच्छता के लिए मजबूत अपशिष्ट प्रबंधन जैसी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। 30 पोंटून पुलों में से 28 चालू हो चुके हैं, और आगंतुकों की सुविधा के लिए 2.69 लाख चेकर्ड प्लेटें बिछाई गई हैं। सुरक्षा के लिए एआई-सक्षम सीसीटीवी कैमरे, चेहरे की पहचान तकनीक, और पानी के नीचे ड्रोन जैसी अत्याधुनिक तकनीकें तैनात की गई हैं। स्वास्थ्य सेवाओं में भी विशेष ध्यान दिया गया है। अस्थायी अस्पतालों के साथ भीष्म क्यूब की तैनाती की गई है, जो एक साथ 200 लोगों का इलाज करने में सक्षम है। नेत्र कुंभ शिविर के माध्यम से 5 लाख से अधिक लोगों की आंखों की जांच और 3 लाख चश्मे वितरित करने का लक्ष्य रखा गया है। कमजोर समूहों, जैसे बुजुर्गों और बच्चों के लिए समर्पित स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित किए जाएंगे। पर्यावरणीय स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए, गंगा और यमुना नदियों में स्वच्छता बनाए रखने हेतु अस्थायी सीवेज उपचार संयंत्र स्थापित किए गए हैं। सौर ऊर्जा का उपयोग और प्लास्टिक पर प्रतिबंध जैसे उपाय अपनाए गए हैं। डिजिटल नवाचार में मोबाइल ऐप और वाई-फाई जोन के साथ गूगल मैप्स के इंटीग्रेशन ने आयोजन को और भी सुलभ बनाया है। पर्यटन और सांस्कृतिक संवर्धन के लिए नागवासुकी मंदिर और हनुमान मंदिर कॉरिडोर का नवीनीकरण किया गया है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों, शास्त्रीय संगीत और प्रदर्शनियों के माध्यम से भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक समृद्धि को दशार्या जाएगा। महाकुंभ 2025 केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि आध्यात्मिकता, आधुनिकता और स्थिरता का एक अद्वितीय उत्सव बनकर उभर रहा है, जो भारत की सांस्कृतिक विविधता और विकास को विश्व मंच पर प्रस्तुत करेगा।

# नाबालिगा के कपड़े फाड़े, परिवार गया था खाटूश्याम

-घर में घुसे 2 युवक, सोती बच्ची को जगाकर छेड़छाड़, जेवर चोरी कर फरार

महम दिसंबर : जिले में दो युवकों ने घर में घुसकर नाबालिग से छेड़छाड़ की, उसके कपड़े फाड़ दिए। रेप करने की कोशिश करने लगे तो बच्ची चिल्लाई, जिसके बाद घर में सो रही मेड जाग गई। उसने बदमाशों से बच्ची को बचाया। इसके बाद आरोपियों ने पूरा घर खंगाला और जेवर चोरी करके फरार हो गए।

महम क्षेत्र के एक गांव में बच्ची के मां-बाप और पूरा परिवार खाटू श्याम दर्शन करने के लिए गया था। घर में 3 बच्चे और खाना बनाने वाली महिला मौजूद थी। शनिवार की रात जब नाबालिग अपने कमरे में सो रही थी तभी रात 9-10 बजे के करीब बदमाश घर में घुस गए। आरोपियों ने पहले तो घर में चोरी की, कीमती सामान और जेवरात चोरी करने के बाद नाबालिग लड़की को सोते हुए देखा तो उसे जगाया। फिर लड़की के साथ छेड़छाड़ करने लगे। इस पर लड़की ने शोर मचाया तो आरोपियों ने उसके कपड़े फाड़ दिए। शोर सुनकर जब घर में सो रही खाना बनाने वाली मेड जागी, तो दौड़ते हुए कमरे में आई। इस पर महिला ने आरोपियों से बच्ची धमकी

दोनों युवकों ने नाबालिग बच्ची और महिला को धमकी दी कि इसके बारे में अगर किसी को बताया तो जान से मार देंगे। फिर चोरी किए हुए सारे जेवर लेकर आरोपी फरार हो गए। दोनों युवक गांव के ही रहने वाले थे।

बाक्स....................

खाटूश्याम से लौटने के बाद परिवार को सुनाई आपबीती

जब परिवार खाटू श्याम से दर्शन करके वापस घर लौटा तो मेड और बच्ची ने घटना के बारे में बताया। जिसके बाद बच्ची के परिजन शिकायत लेकर थाने पहुंचे। महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके पति गुरुग्राम में रहते हैं और बिजनेस करते हैं। घर पर वह और उसके बच्चे रहते हैं। उन्होंने काम के लिए एक हाउस मेड रखी हुई है। 26 दिसंबर को दोपहर करीब 2 बजे घर से खाटू श्याम दरबार जाने के लिए निकले थे। उसके दो बच्चे व करीब 13 वर्षीय भतीजी व उनकी मेड घर पर सो रहे थे। रात करीब 9-10 बजे गांव के ही दो लड़के घर में घुस आए और चोरी करने के बाद बच्ची से छेड़छाड़ किए और उसके कपड़े फाड़ दिए। साथ ही धमकी देते हुए फरार हो गए। महम थाना पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ

## सीएम योगी ने राष्ट्रपति-उप राष्ट्रपति को दिया महाकुम्भ का निमंत्रण

### वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और दिल्ली के उप राज्यपाल वीके सक्सेना से भी मिले मुख्यमंत्री, प्रयागराज महाकुम्भ का दिया आमंत्रण

नई दिल्ली दिसम्बर : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भेंट की और उन्हें महाकुम्भ का निमंत्रण दिया। मुख्यमंत्री ने उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और दिल्ली के उप राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना को भी प्रयागराज में होने जा रहे महाकुम्भ-2025 के लिए आमंत्रित किया। सीएम योगी ने विशिष्टजनों को निमंत्रण पत्र के साथ ही महाकुम्भ 2025 के लोगो वाला प्रतीक चिह्न, कलश, महाकुम्भ से जुड़ा साहित्य, नववर्ष का टेबल कैलेंडर व डायरी भेंट की। 13 जनवरी से 26 फरवरी 2025 तक प्रयागराज में होने जा रहे महाकुम्भ में विशिष्टजनों को आमंत्रण देने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को दिल्ली पहुंचे थे। शनिवार को उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा, मिजोरम के राज्यपाल जनरल वीके सिंह से मुलाकात की थी। सीएम योगी ने सभी विशिष्टजनों को महाकुम्भ से संबंधित उपहार भी भेंट किए। रविवार को भी सीएम योगी ने अपने 'एक्स' हैंडल पर विशिष्टजनों से भेंट की तस्वीर पोस्ट करते हुए अमूल्य समय प्रदान करने के लिए उनका आभार भी जताया। उल्लेखनीय है कि महाकुम्भ प्रारंभ होने में अब कुछ ही समय शेष रह गया है। सीएम योगी और उनके मंत्रीगण विभिन्न राज्यों में जाकर विशिष्ट और आमजनों को महाकुम्भ के लिए आमंत्रित कर रहे हैं।

# गांव खरींडवा का सरपंच बर्खास्त : 10वीं का सर्टिफिकेट फर्जी मिलने पर उपायुक्त ने की कार्रवाई

कुरुक्षेत्र/शाहाबाद दिसम्बर : शाहाबाद विधानसभा के गांव खरींडवा में सरपंच को बर्खास्त किया गया है। यह कार्रवाई उपायुक्त कुरुक्षेत्र के आदेश से हुई है। आदेश में लिखा गया है कि गांव खरींडवा के सरपंच पवन कुमार की दसवीं का सर्टिफिकेट जांच के बाद फर्जी पाया गया है, जिसके बाद यह कार्रवाई हुई। आदेश में उपायुक्त ने बीडीपीओ शाहाबाद को लिखा कि तुरंत पंचायत का कार्यभार पूर्ण बहुमत वाले पंच को सौंपा जाए।

## मेरी 10वीं असली, घटिया राजनीति कर रहे कुछ शरारती : पवन कुमार



गांव खरींडवा के सरपंच पवन कुमार ने कहा कि शिकायतकर्ता ग्रामीण शरारती हैं और वे घटिया राजनीति कर रहे हैं। शिकायतकर्ता संजीव कुमार मुझ से चुनाव हारा था और शिकायतकर्ता प्रेम कुमार से हमने पंचायती जमीन का कब्जा छुड़वाया है। पवन ने बताया कि प्रेम कुमार ने अभी भी कुछ पंचायती जमीन पर कब्जा किया हुआ है और उसे डर है कि कहीं वह कब्जा भी उससे न चला जाए। उन्होंने बताया कि मेरी दसवीं ओरिजनल है और अब मैं माननीय न्यायालय का सहारा लूंगा।

## ठंड व कोहरे ने लगाया आम दिनचर्या पर ब्रेक

कैथल दिसंबर : कड़ाके की ठंड व कोहरे की वजह से यहां जिंदगी थम सी गई है। ठंड से बचने के लिए लोगों ने अलाव का सहारा लिया। दिनभर शहरवासी ठंड से बचने के लिए अलाव सेकते हुए नजर आए। ठंड होने के कारण बाजारों में रोज की अपेक्षा चहल पहल भी कम ही नजर आई। सुबह शाम चलने वाली शीतलहर ने लोगों की परेशानियों को दोगुना कर दिया। दिनभर सूरज देवता के दर्शन भी नहीं हुए। पारा लुढकने की वजह से ठिठुरन बढ़ गई। पहाड़ों में बर्फबारी होने की वजह से उत्तर भारत में शीतलहर का प्रकोप जारी है। बारिश के बाद से ही ठंड बहुत अधिक बढ़ गई जिस कारण लोग घरों में दुबकने को मजबूर हो गए। रविवार से ही ठंड ने अपना प्रचंड रूप दिखाना शुरू कर दिया। मौसम विभाग के अनुसार 3 जनवरी तक कोहरा छाया रहेगा। कैथल में 19 डिग्री अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान 7 डिग्री दर्ज किया। 14 किलोमीटर प्रति धंटे की रफ्तार के हवा चली और नमी 62 प्रतिशत नमी दर्ज की गई।

## ज्वैलर्स को रोक 7 तोले सोने, 8 किलो चांदी के आभूषण व 5 हजार रुपए लूटे

यमुनानगर दिसंबर : छछरौली थाना क्षेत्र के गांव कोट के पास बदमाशों ने देर शाम दुकान बंद कर घर जा रहे ज्वेलर्स से बंदूक के बल पर गहनों से भरा बैग लूट लिया। इसके बाद आरोपी मौके से भाग निकले। बैग में पांच हजार रुपये, सात तोले सोने तथा आठ किलो चांदी के आभूषण थे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज कर आगामी कार्यवाही शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों के अनुसार गांव कोट बसावा सिंह निवासी जसपाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी गांव कोट में ज्वेलर्स की दुकान है। वह शाम सात बजे दुकान बंद करके अपने घर जा रहा था। जब वह गांव कोट से थोड़ा आगे लेदी की तरफ गया तो बदमाशों ने उसे रोक लिया। इस दौरान बदमाशों ने उसे बंदूक दिखाकर जान से मारने की धमकी दी, जिससे वह डर गया। आरोपी उसके पास से गहनों से भरा बैग लूट कर फरार हो गए। उसने बताया कि उसके बैग में पांच हजार रुपये, सात तोले सोना तथा आठ किलो चांदी के आभूषण थे।

## 'केरल मिनी पाकिस्तान इसलिए जीते राहुल-प्रियंका'

### नितेश राणे का विवादित बयान, भड़की कांग्रेस

**महाराष्ट्र।** के मंत्री नितेश राणे ने एक विवादास्पद टिप्पणी में केरल की तुलना मिनी पाकिस्तान से की है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता ने कहा कि कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा और राहुल गांधी को इसी कारण से संसद सदस्य के रूप में चुना गया था। राणे ने पुणे जिले के पुरंदर तालुका में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि केरल मिनी पाकिस्तान है, इसीलिए राहुल गांधी और उनकी बहन वहां से चुने जाते हैं। सभी आतंकवादी उन्हें वोट देते हैं। यह सच्चाई है, आप पूछ सकते हैं। वे आतंकवादियों को अपने साथ लेकर सांसद बने हैं। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री नारायण राणे के बेटे राणे, शिव प्रताप दिवस के अवसर पर एक समारोह में बोल रहे थे, जो उस ऐतिहासिक घटना की सालगिरह है जब छत्रपति शिवाजी महाराज ने अफजल खान को मार डाला था जब उन्होंने ये टिप्पणी की। राणे ने हाल ही में संपन्न 2024 महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में कंकावली सीट से जीत हासिल की। नई कैबिनेट में राणे को मत्स्य पालन और बंदरगाह विभाग दिया गया है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस प्रवक्ता अतुल लोंढे पाटिल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस पर निशाना साधा और राणे को कैबिनेट का हिस्सा बने रहने की जरूरत पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि राणे का काम यही करना था। उन्होंने कहा कि नितेश राणे से और क्या उम्मीद की जा सकती है। उन्हें ऐसा करने के लिए ही चुना गया है। हालाँकि, मैं प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और देवेंद्र फडणवीस से पूछना चाहता हूं। वह व्यक्ति (राणे), जो मंत्री हैं, ने भारत की संप्रभुता और एकता को बनाए रखने के लिए संविधान की शपथ ली है। अब वह देश के एक राज्य को पाकिस्तान बता रहे हैं। वह वहां के मतदाताओं को 'आतंकवादी' कह रहे हैं. क्या उन्हें मंत्री पद पर बने रहने का अधिकार होना चाहिए? यह मेरा आपसे प्रश्न है।

# रोहतक में मां-बाप के सामने बेटे का मर्डर

## घर के पास बदमाशों ने घेरकर चाकू घोंपे, परिवार को धमकी देकर भागे







प्रवीण की फाइल फोटो व मृतक के भाई रिंकू मामले की जानकारी देते हुए तथा आरोपियों की धरपकड़ के लिए पुलिस से मिलने पहुंचे मतृक के परिजन।

कलानौर दिसंबर : रोहतक में शनिवार रात युवक की उसके माता-पिता के सामने चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। वारदात उस समय हुई जब वह कलानौर स्थित धर्मशाला में गया था। इस दौरान 3 आरोपियों ने युवक पर चाकुओं व अन्य हथियारों से हमला कर दिया। युवक चिल्ला रहा था कि मुझे मार डाला। चीख सुनकर जब माता-पिता घर से बाहर आए तो कुछ लोग उसे पीट रहे थे। युवकों ने दंपती को जान से मारने की धमकी दी और भाग गए। घायल को इलाज के लिए रोहतक पीजीआई लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। मृतक की पहचान कलानौर निवासी प्रवीण (22) के रूप में हुई है। प्रवीण 9वीं कक्षा तक पढ़ा है। उसका एक भाई और बहन भी है।

### दंपती को मारने की धमकी दी

जाते समय आरोपियों ने दंपती को जान से मारने की धमकी भी दी। प्रवीण के सिर, आंख और शरीर के अन्य हिस्सों पर चोटें थी। उसे इलाज के लिए कलानौर अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे पीजीआई रेफर कर दिया। वहां डॉक्टरों ने प्रवीण को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर कलानौर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। एफएसएल टीम भी मौके पर पहुंची और हत्या से जुड़े साक्ष्य जुटाए।

### खाना खाने के बाद टहलने निकला था

कलानौर के वार्ड-4 छोटा पाना की रहने वाली शारदा ने पुलिस को बताया कि वह मिड-डे मील वर्कर का काम करती है। उसके तीन बच्चे (एक बेटी और दो बेटे) हैं। शनिवार रात करीब साढ़े 7 बजे उसका छोटा बेटा प्रवीण कुमार उर्फ पिन्नी खाना खाने के बाद टहलने निकला था। जब वह चौक पर पहुंचा तो तीन-चार युवकों ने उसके बेटे पर चाकुओं से हमला कर दिया। प्रवीण के चिल्लाने पर वह आवाज सुनकर अपने पति प्रेम प्रकाश के साथ चौक पर गई। उन्होंने देखा कि आरोपी उसके बेटे प्रवीण पर चाकुओं से हमला कर रहे थे। हमलावरों में आलोक, होनहार उर्फ हिमांशु और नोनी शामिल हैं। अन्य लोगों को आता देख आरोपी हथियार लेकर मोटरसाइकिल पर फरार हो गए।

### कॉल डिटेल भी खंगाली जा रही

कलानौर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सतपाल का कहना है कि युवक की चाकू घोंपकर हत्या की गई है। पुलिस आरोपियों की तलाश के लिए आसपास के सीसीटीवी खंगालेगी। मृतक के फोन की कॉल डिटेल भी खंगाली जाएगी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि रात साढ़े सात बजे सूचना मिली थी। मामले में पुलिस टीम कार्रवाई कर रही है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। मृतक के परिजनों के बयान के आधार पर पुलिस कार्रवाई कर रही है। पुलिस जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लेगी। आरोपी और मृतक एक दूसरे को जानते थे। पुलिस शव का पोस्टमार्टम करा रही है।

### चौकी इंचार्ज ने 3 से 4 दिन का आश्वासन दिया

कार्रवाई की मांग को लेकर थाने पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि चौकी इंचार्ज ने 3 से 4 दिन का आश्वासन दिया है। आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। साथ ही पुलिस परिजनों से पूछताछ कर रही है। पुलिस जल्द से जल्द मामले में कार्रवाई करेगी।

## ऑरियनप्रो को दिल्ली मेट्रो के लिए एएफसी गेट, कार्ड रीडर बनाने का मिला ठेका



**दिल्ली।** प्रौद्योगिकी कंपनी ऑरियनप्रो सॉल्यूशंस को दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) से स्वचालित किराया संग्रह (एएफसी) प्रौद्योगिकी और विनिर्मित समाधान का ठेका मिला है। कंपनी ने सोमवार को बयान में कहा, इनमें डीएमआरसी के प्रथम, द्वितीय और तृतीय चरण नेटवर्क के विभिन्न परिचालन क्षेत्रों के लिए स्वचालित गेट, वैलिडेटर तथा कार्ड रीडर की आपूर्ति की जाएगी। इसमें कहा गया, इस परियोजना के लिए एएफसी गेट का निर्माण पूरी तरह से ऑरियनप्रो की गाजियाबाद स्थित फैक्टरी में किया जाएगा। कंपनी को चेन्नई मेट्रो के दूसरे चरण के लिए एएफसी प्रणाली देने के लिए चेन्नई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (सीएमआरएल) से भी नवंबर 2024 में एक ठेका मिला था।

## समाचार

## स्पार्क मिंडा ने गुरु नानक ट्रेडर्स पर एक कार्यक्रम में ग्राहकों एवं मैकेनिको को दी तकनीकी जानकारी

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी**
**अमरोहा**



**हसनपुर।** सोमवार को नगर के हसनपुर गजरौला बायपास मार्ग पर चकोरी रोड के निकट स्थित गुरु नानक ट्रेडर्स पर स्पार्क मिंडा कंपनी के सीईओ एवं मैनेजर समेत कंपनी के बड़े पदाधिकारी पहुंच गए। जहां उन्होंने प्रोग्राम किया और स्पार्क मिंडा कंपनी के सभी पार्टस के बारे में जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि स्पार्क मिंडा कंपनी अभी तक बाइक पार्ट्स को बेहतर तरीके से बनाकर अच्छा माइलेज निकालने तथा और भी बेहतर कार्य करने पर विचाराधीन रहती है। कंपनी का एक यह भी प्रोडक्ट है कि डिजिटल मार्केट में बेहतर पार्ट्स बनाने के लिए हमेशा ग्राहकों एवं मैकेनिकों से जानकारियां हासिल करती है। उसके बाद कंपनी में वही पार्टस तैयार किए जाते हैं जिनसे ग्राहक तथा मैकेनिक को बेहतर सुविधा मिल सके। वहीं गुरु नानक ट्रेडर्स पर कंपनी के कार्यकताओं ने सभी ग्राहकों एवं संबंधित कंपनी डीलर को जानकारी प्रदान की है। इस दौरान मौके पर सीईओ आशीष गर्ग, रीजनल हेड मनोज सिंह, मुकेश मिश्रा एरिया हेड, डिस्ट्रीब्यूटर अरुण श्रीवास्तव, प्रिंस सरदारजी, बिट्टू कुमार, योगेंद्र प्रजापति, चंदन प्रजापति, चंद्रसेन सिंह, अमित मिस्त्री, सरफराज मिस्त्री, आरिफ मिस्त्री समेत भारी संख्या में मैकेनिकल इंजीनियर मौजूद रहे।

## भारतीय जनता पार्टी ने जारी की मंडल अध्यक्षों की सूची

**लोकतंत्र की शान**
**संवाददाता मंजीत शर्मा पीलीभीत**


भारतीय जनता पार्टी, उत्तर प्रदेश
जिला का नाम :- पीलीभीत

**पीलीभीत।** भारतीय जनता पार्टी ने जिला पीलीभीत में मंडल अध्यक्षों की सूची जारी कर दी है। इस सूची में कुल 16 मंडल अध्यक्षों के नाम शामिल हैं। नवीन मंडल अध्यक्षों को लगातार बधाइयां मिल रही हैं। पार्टी के कार्यकर्ता और समर्थक उन्हें अपने नए पदों पर बधाई दे रहे हैं। यह घोषणा पीलीभीत में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं और समर्थकों के लिए एक महत्वपूर्ण है। सुल्तानपुर मंडल के कार्यकर्ता बेसब्री से कर रहे इंतजार सुल्तानपुर मंडल के कार्यकर्ता अपने मंडल अध्यक्ष के नाम की घोषणा का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। यह मंडल भी उन तीन मंडलों में से एक है, जिनके मंडल अध्यक्षों के नाम अभी तक घोषित नहीं किए गए हैं।

**>> बरखेड़ा के नवीन मंडल अध्यक्ष को मिली बधाईयां**

सभी कार्यकर्ताओ ने मंडल अध्यक्ष प्यारेलाल कश्यप जी का बरखेडा आगमन पर जोरदार स्वागत किया एवं आतिशबाजी की। इस मौके पर उनके साथ महामंत्री दीपक सोनकर, वीरेंद्र शर्मा, अमित गुप्ता, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुशवाह, अमित गंगवार, जिला समिति सदस्य अनुसूचित मोर्चा चंद्रपाल दिवाकर, अजय शर्मा, सूरज श्रीवास्तव, केशव तिवारी, युगल वर्मा, महेश श्रीवस्ताव, आदेश वाल्मीकि, आकाश श्रीवस्तव, वेद प्रकाश, प्रिंस सोनकर सहित अन्य कार्यकर्त्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## योगी के मंत्रियों ने दिल्ली और पंजाब की जनता को दिया महाकुंभ-2025 का निमंत्रण



**दिल्ली/मोहाली।** महाकुम्भ 2025 के महत्व और तैयारियों को जन-जन तक पहुंचाने और इसे भारतीय संस्कृति का वैश्विक प्रतीक बनाने के लिए योगी सरकार ने मोहाली और दिल्ली में भव्य रोडशो का आयोजन किया। योगी के मंत्रियों ने रोडशो का नेतृत्व करते हुए पंजाब और दिल्ली के आम जनता के साथ-साथ गणमान्य व्यक्तियों को महाकुम्भ में शामिल होने का निमंत्रण दिया। दिल्ली में आयोजित रोडशो का नेतृत्व वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना और आबकारी एवं मद्य निषेध राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल ने किया। उन्होंने दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना, मुख्यमंत्री आतिशी और दिल्ली की जनता को आमंत्रित करते हुए महाकुम्भ को भारतीय संस्कृति की महान धरोहर बताया। वहीं मोहाली में गन्ना विकास एवं चीनी मिल मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी, होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा मंत्री धर्मवीर प्रजापति और कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह ओलख ने भव्य रोडशो का नेतृत्व किया। उन्होंने पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया, मुख्यमंत्री भगवंत मान और पंजाब की जनता को प्रयागराज महाकुम्भ-2025 में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया।

## हर साल बहराइच की 50 हजार टन हल्दी खरीदेंगे योगगुरु स्वामी रामदेव



**लखनऊ, 30 दिसंबर:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडेक्ट (ओडीओपी) योजना का असर लगातार दिख रहा है। अन्नदाता किसानों के लिए सीएम योगी के प्रयासों का ही नतीजा है कि योगगुरु स्वामी रामदेव बहराइच की हल्दी खरीदने के लिए आगे आए हैं। इसका इस्तेमाल वे आयुर्वेदिक दवाओं को बनाने में करेंगे। बता दें कि बहराइच की हल्दी की गुणवत्ता काफी अच्छी होती है, इस कारण इसकी डिमांड भी काफी रहती है। यही वजह है कि योगगुरु की कंपनी और बहराइच के तीन एफपीओ के बीच एमओयू साइन किया गया है।

**>> बहराइच के तीन एफपीओ और योगगुरु की कंपनी के बीच हुआ एमओयू**

बहराइच की जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरुप जिले के उत्पादों को विश्वस्तर पर पहचान दिलाने और अन्नदाता किसानों की आय बढ़ाने के लिए विभिन्न प्रयास किये जा रहे हैं। इसके तहत बहराइच में 86 कृषक उत्पादक संगठन (एफपीओ) गठित किये गये हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि सीएम योगी के निर्देश पर हल्दी और अन्नदाताओं को उनकी फसल का उचित मूल्य दिलाने के लिए योगगुरु स्वामी रामदेव की कंपनी के साथ बहराइच की तीन एफपीओ के बीच एमओयू साइन किया गया है। यह एमओयू बहराइच की 3 एफपीओ प्रत्युष बायोएनर्जी फॉर्मर प्रोड्?यूसर कंपनी लिमिटेड, वीरांगना लक्ष्मीबाई महिला किसान निमार्ता कंपनी लिमिटेड और सीएससी राज किसान उत्पादक कंपनी लिमिटेड ने साइन किया है। हरिद्वार में हुए एमओयू में योगगुरु स्वामी रामदेव, आचार्य बालकृष्ण, बहराइच जिलाधिकारी मोनिका रानी, उप कृषि निदेशक टीपी शाही, सीएससी राज किसान उत्पादक कंपनी लिमिटेड मिहिंपुरवा के निदेशक अखिलेश सिंह आदि मौजूद रहे।

**>> हर साल 50 हजार टन हल्दी खरीदेंगे स्वामी रामदेव**

जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि बहराइच का मिहिंपुरवा क्षेत्र प्राकृतिक संसाधनों, उपजाऊ भूमि और अनुकूल जलवायु होने के कारण कृषि के लिए काफी उपयुक्त है। यही वजह है कि यहां हल्दी, जिमीकन्द और हरी सब्जियों की काफी अधिक मात्रा में खेती की जाती है। इसे कई राज्यों के साथ ही प्रदेश के विभिन्न जिलों में भी भेजा जाता है। इसके बावजूद अन्नदाताओं को उनके उत्पाद का उचित मूल्य नहीं मिल पाता था। इसे देखते हुए अन्नदाताओं की आय बढ़ाने के लिए प्रति वर्ष 20 से 25 टन प्रति हेक्टेयर के हिसाब से लगभग 2000 हेक्टेयर क्षेत्रफल में 45-50 हजार टन हल्दी के विक्रय/विपणन स्वामी रामदेव की कंपनी से कराया गया है। उप कृषि निदेशक टीपी शाही ने बताया कि एफपीओ के 1,880 पुरुष किसान तथा 975 महिला किसान हल्दी उत्पादन से जुड़े हैं। इसी तरह यहां 150 हेक्टेयर में जिमीकन्द की खेती की जा रही है, जिसमें 30-35 टन प्रति हेक्टेयर में कुल 5,250 टन जिमीकन्द का उत्पादन हो रहा है। स्थानीय और राष्ट्रीय बाजारों में इसकी मांग अधिक है। इसी प्रकार लगभग 600 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल में हरी सब्जियों की भी यहां खेती हो रही है।

## शिक्षा से वंचित रह गए बच्चों की समस्याओं पर चर्चा



**लखनऊ, 30 दिसंबर 2024**
आज हमारी अफहाम -ए - जमा सोसाइटी का एक प्रतिनिधिमंडल श्री राम प्रवेश, बेसिक शिक्षा अधिकारी, लखनऊ से मिला। इस मुलाकात का मुख्य उद्देश्य कोरोना महामारी के बाद शिक्षा से वंचित रह गए बच्चों की समस्याओं पर चर्चा करना था।

प्रतिनिधिमंडल ने श्री राम प्रवेश को बताया कि महामारी के कारण बहुत सारे बच्चे शिक्षा से वंचित रह गए हैं। ऐसे बच्चों को विशेष तौर पर ध्यान देने की आवश्यकता है।

प्रतिनिधिमंडल ने निम्नलिखित मांगें रखीं:

1. पुराने लखनऊ में कक्षा 8 तक विद्यालयों की संख्या बढ़ाई जाए।
2. कंप्यूटर शिक्षा के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की शिक्षा भी दी जाए।

प्रतिनिधिमंडल में प्रोफेसर आगा परवेज मसीह, श्री सैय्यद अली मीसम नकवी, अध्यक्ष, मिथलेश सिंह, प्रोफेसर ध्रुव त्रिपाठी, श्री मोहम्मद नासिर, यूशा आबिद, एडवोकेट और समर मेहदी (अम्बर फाउंडेशन) शामिल थे। हमें उम्मीद है कि श्री राम प्रवेश हमारी मांगों पर विचार करेंगे और शिक्षा से वंचित बच्चों की समस्याओं का समाधान करेंगे।

## भाजपा ने हसनपुर विधानसभा के चारों मंडल अध्यक्ष किए घोषित, कार्यकताओं में खुशी की लहर









**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी**
**अमरोहा**

**अमरोहा/हसनपुर।** सोमवार को भाजपा नेतृत्व द्वारा विभिन्न जिलों के मंडल अध्यक्षों की घोषणा की गई जिसमें अमरोहा जिले के चारों विधानसभा अमरोहा, नौगांव सादात, धनोरा, हसनपुर के मंडल अध्यक्षों की भी घोषणा की गई, बताते चलें कि यह घोषणा 20 दिसंबर को होनी थी लेकिन काफी मंथन के बाद 29 दिसंबर को यह घोषणा हो पाई, जिसमें हसनपुर विधानसभा के मंडल अध्यक्षों में उझारी मंडल अध्यक्ष पद पर कल्याण सिंह सैनी को तथा रुखालू मंडल अध्यक्ष पद पर भाजपा ने फिर से हुकुम सिंह खड़क बंशी को मंडल अध्यक्ष घोषित किया है, वही आदमपुर मंडल अध्यक्ष पद पर भी भाजपा ने फिर से राजीव गोयल उर्फ राजू को मंडल अध्यक्ष की जिम्मेदारी देकर उन पर विश्वास जताया है, उधर हसनपुर मंडल अध्यक्ष पद पर भाजपा द्वारा राजू राणा को मंडल अध्यक्ष की पद की जिम्मेदारी दी गई है वहीं मंडल प्रतिनिधि के रूप में पवन राज जाटव को मनोनीत किया गया है, बताते चलें कि हसनपुर मंडल अध्यक्ष पद को लेकर 13 लोगों द्वारा नामांकन कराया गया था, वही मंडल अध्यक्ष मनोनीत होने के बाद भाजपा विधायक महेंद्र सिंह खड़कवंशी ने अपने कैंप कार्यालय पर चारों मंडल अध्यक्षों का फूल माला पहनकर जोरदार स्वागत किया, इस मौके पर मुख्य रूप से मयंक अग्रवाल, व्यापारी नेता अंकुर अग्रवाल, व्यापारी नेता शिखर अग्रवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष संजय शर्मा, हेमराज सैनी, विधायक पुत्र देवेंद्र खड़कवंशी आदि सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बने चंद्रसेन अग्रवाल तथा महासचिव बने मदन कुमार

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी**
**अमरोहा**



**हसनपुर।** सोमवार को हसनपुर तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं महासचिव पद के लिए मतदान हुआ तथा अन्य पदों पर सभी निर्विरोध निर्वाचित पूर्व में ही घोषित हो चुके थे, लेकिन अध्यक्ष व महासचिव पद पर दो-दो लोगों के नामांकन होने के कारण चुनाव समिति द्वारा चुनाव कराया गया तथा वोटो की गिनती भी की गई, बताते चलें कि सोमवार को तहसील परिसर में तहसील बार एसोसिएशन हसनपुर के अध्यक्ष पद के लिए चंद्रसेन अग्रवाल के पक्ष में 90 वोट पड़े तथा उनके प्रतिद्वंदी गजेंद्र सिंह के पक्ष में 58 वोट पड़े, उधर महासचिव पद पर मदन कुमार के पक्ष में 87 वोट डाले गए तथा राजीव शर्मा को 60 वोट प्राप्त हुए, मतों की गिनती के बाद एल्डर कमेटी के द्वारा दोनों विजयई प्रत्याशियों की घोषणा की गई तथा पूर्व में निर्विरोध निर्वाचित हुए अन्य पदों के विजय प्रत्याशियों के नामो की भी घोषणा की गई, जैसे ही अध्यक्ष एवं महासचिव पद पर जीते गए उम्मीदवारों का नाम घोषित किया गया तो अधिवक्ताओं ने दोनों प्रत्याशियों को फूल मालाओं से लाद दिया, उधर विधायक महेंद्र सिंह खड़कवंशी ने अपने कैंप कार्यालय पर दोनों विजई प्रत्याशियों को फूल माला पहनकर एवं मिठाई खिलाकर उनका स्वागत किया ' इस मौके पर एडवोकेट मुजाहिद चौधरी, महावीर सिंह चौहान, अरुण अग्रवाल, मयंक अग्रवाल, विनोद सक्सेना, वीर सिंह, आदि सहित दर्जनों अधिवक्ता गण मौजूद रहे।

## पालिका अध्यक्ष ने 14 लाख कीमत की सड़क के निर्माण कार्य का किया शुभारंभ

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी**
**अमरोहा**



**हसनपुर।** सोमवार को आदर्श नगर पालिका परिषद हसनपुर के पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने नगर के विकास कार्य को गति देते हुए एक और सड़क का शुभारंभ किया, बताते चले कि सभासद शुभम अग्रवाल उर्फ निशु के वार्ड नंबर 13 में काफी समय से जर्जर हालत में पड़ी डॉ शौकत जी के पीछे वाली गली की सड़क का निर्माण कार्य का पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने फीता काटकर शुभारंभ कर दिया, इस मौके पर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने बताया कि लगभग 14 लख रुपए की कीमत से यह 110 मीटर के करीब कि सड़क का निर्माण कार्य किया जाएगा उन्होंने बताया कि एक सप्ताह के अंदर यह निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा तथा लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी, वहीं उन्होंने कहा कि और भी जहां सड़कों की हालत खराब है वहां जल्द ही कार्य प्रारंभ किए जाएंगे तथा नगर के विकास में कोई कौर कसर नहीं छोड़ी जाएगी, इस मौके पर मुख्य रूप से पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी, नगर स्वच्छता प्रेरक प्रशांत सैनी, इशांत सैनी सभासद शुभम अग्रवाल, हम्जा अली, नितिन सैनी, राजपाल सैनी, मोहसिन लोधी, बाबू करण सिंह, बर्ड वासी एवं निर्माण ठेकेदार आदि मौजूद रहे।

## मार्ग दुघर्टना में मृतक सिपाही के पत्नी को पुलिस अधीक्षक ने दी आर्थिक सहायता, आश्रिता पत्नी को सौंपा 75 लाख रुपए का चेक



**तौफीक खान संवाददाता बस्ती**

**बस्ती ।** मार्ग दुघर्टना में मृतक सिपाही के पत्नी को पुलिस अधीक्षक ने दी आर्थिक सहायता, आश्रिता पत्नी को सौंपा 75 लाख रुपए का चेक बस्ती पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी ने जनपद बस्ती के थाना रूधौली अंतर्गत ग्राम अहिरौली, पोस्ट रौनाकला निवासी आरक्षी नितीश कुमार (पुत्र श्यामलाल), भर्ती वर्ष 2016, की मरणोपरांत उनकी पत्नी सुधा को एसबीआई द्वारा प्रदत्त एक्सीडेंटल कवर बीमा की धनराशि 75 लाख का चेक सौंपा बताते चलें कि आरक्षी नितीश कुमार की तैनाती जनपद मऊ के दोहरीघाट में थी, जहाँ अज्ञात वाहन से दुर्घटनाग्रस्त होने के उपरांत उन्हें डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया था। पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी ने दुःख की इस घड़ी में परिवार को सांत्वना दी और भविष्य में मजबूती के साथ आगे बढ़ने का आग्रह किया। परिवार ने इस आर्थिक सहायता को संभव बनाने के लिए एकाउंटेंट बस्ती, राजनरायन राय का आभार जताया। कार्यक्रम में एसबीआई ब्रांच गांधीनगर के अधिकारीगण, पुलिस अधीक्षक पीआरओ मुकुन्द त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## नगर पंचायत के अंतर्गत वार्ड नंबर 2 शिवा नगर उसका में बन रहे पानी की निकासी के लिए नाली का किसानों ने किया विरोध।

**तौफीक खान संवाददाता**
**बस्ती**





**बभनान बस्ती।** नगर पंचायत बभनान वार्ड नंबर 2 शिवा नगर उसका में पानी निकालने के लिए नाली का निर्माण किया जा रहा है नाली के लिए गांव के रास्ते के बगल से निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ था इसी बीच गांव के किसान जिनका खेत रास्ते के बगल पड़ता है उनके आने-जाने के लिए वही एक मार्ग था जिस पर नाली का निर्माण किया जा रहा है इस पर किसानों ने आपत्ति दर्ज कराई पत्र के माध्यम से डीएम एसडीएम एवं नगर पंचायत बभनान अध्यक्ष को अवगत कराया तथा अपनी समस्या को बताया कि अगर नाली बन रही है तो हम लोगो को कोई आपत्ति नहीं है लेकिन नाली बन जाने के बाद हम लोगों को खेत में ले जाने के लिए ट्रैक्टर ट्राली नहीं जा पाएगा नाली का निर्माण अतिक्रमण हटवा कर कराया जाय तो हम लोगो को कोई आपत्ति नहीं है निर्माण सही ढंग से करवाया जाए जिससे हम लोगों को आने-जाने में असुविधा ना हो नगर पंचायत बभनान तो सुर्खियो बटोरने मे वैसे ही मशहूर जिसकी शिकायत आये दिन होती रहती है लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों कि मिलीभगत से सिर्फ अनियमितता से काम कराये जा रहे है,और भ्रष्टचार कि मुहिम पर लाखो करोड़ो का घोटाला करवा रहे है एक तरफ नगर पंचायत लोगो को सुविधाएं उपलब्ध कराने कि जिम्मेदारी सम्भाले हुये है एक तरफ चौतरफा से लोगो को परेशान करने और खुद कि कमाई बढाने के लिये नये नये तरीके निकालकर भ्रष्टचार करके सरकार के सरकारी धन लुटने का काम किया जा रहा है नगर पंचायत बभनान मे भ्रष्टाचारो कि मुहिम उजागर हो रही है लेकिन जिम्मेदार मौन रुप धारण कर अपने हिस्से कि कमिशन बटोरने पर लगा हुआ है कमिशन दिजिये भ्रष्टचार कीजिए इस बारे में जब नगर पंचायत अधिकारी कीर्ति सिंह से संपर्क करना चाहा तो त उनका फोन रिसीव नहीं हुआ शिकायतकर्ता राजन सिंह राजाराम सिंह राम प्रसाद सिंह सुरेंद्र सिंह, बाबू राम सिंह आदि लोगों ने विरोध किया।

## समय से हो विश्वविद्यालयों का निर्माण, गुणवत्ता का अनिवार्य रूप से हो पालनः मुख्यमंत्री



**लखनऊ, 30 दिसंबरः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को तीन नए विश्वविद्यालयों (मां पाटेश्वरी विवि बलरामपुर, मां विंध्यवासिनी विवि मीरजापुर व गुरु जंभेश्वर विवि मुरादाबाद) के भवन निर्माण की प्रगति, कर्मचारियों की व्यवस्था व संचालन के संबंध में समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री ने कुलपतियों से वहां कराए जा रहे निर्माण कार्यों की वास्तविक स्थिति की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कुलपतियों से कहा कि निर्माण कार्य समय से हो। इसमें गुणवत्ता का हर हाल में ध्यान रखा जाए।

**कमेटी बनाकर निर्माण कार्य की समय-समय पर की जाए समीक्षा**

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि निर्माण कार्य चरणबद्ध तरीके से कराए जाएं। पहले चरण में एकेडमिक व प्रशासनिक भवन का निर्माण कराया जाए। द्वितीय चरण में कुलपति, फैकल्टी व गेस्ट हाउस तथा तीसरे चरण में छात्रावास के निर्माण की कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन, कार्यदायी संस्था व स्थानीय प्रशासन की कमेटी बनाकर निर्माण कार्य की समय-समय पर समीक्षा की जाए। कुलपति प्रतिदिन या दो दिन में निर्माण कार्यों का अवलोकन करते रहें। यह सुनिश्चित हो कि कार्य गुणवत्ता पूर्ण हो और समय से हो।

**उच्च शिक्षा विभाग द्वारा हर 15 दिन में की जाए मॉनीटरिंग**

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हर 15 दिन पर उच्च शिक्षा विभाग से इसकी मॉनीटरिंग की जाए। कार्य में किसी भी बाधा की स्थिति में कुलपति जिलाधिकारी-प्रमुख सचिव से संवाद स्थापित करें। निर्माण कार्य में किसी भी परिवर्तन के लिए शासन से संपर्क करें। शासन स्तर से कार्यदायी संस्थाओं को इसके लिए दिशा-निर्देश दिए जाएं। उच्च शिक्षा विभाग के मंत्रीगण भी समय-समय पर इन विश्वविद्यालयों में हो रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण करें।

## नैनी में बायो सीएनजी प्लांट का अनावरण करेंगे सीएम योगी



**महाकुम्भ नगर, 30 दिसंबर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को एक बार फिर महाकुम्भ की तैयारियों की समीक्षा करने के लिए प्रयागराज आएंगे। यह इस माह उनका पांचवां दौरा होगा। इस दौरान सीएम योगी नैनी में निर्मित बायो सीएनजी प्लांट का भी अनावरण करेंगे। इसके साथ ही सीएम योगी संगम ऐरावत घाट, संगम नोज घाट के साथ ही गंगा सेतु के समानांतर बने स्टील ब्रिज का भी निरीक्षण करेंगे। सीएम योगी लगभग 4 घंटे प्रयागराज में रहेंगे और इस दौरान वह स्थलीय निरीक्षण के साथ ही आईसीसीसी सभागार में समीक्षा बैठक भी करेंगे। इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 7 दिसंबर, 12 दिसंबर, 13 दिसंबर और 23 दिसंबर को भी प्रयागराज का दौरा कर चुके हैं। सीएम योगी करीब 11.55 पर डीपीएस प्रयागराज हैलिपैड पर पहुंचेंगे और यहां से वो सीधा नैनी बायो सीएनजी प्लांट जाएंगे और इस महत्वाकांक्षी परियोजना का अनावरण करेंगे। यहां से सीएम संगम ऐरावत घाट और संगम नोज घाट का भी निरीक्षण करेंगे। इसके बाद सीएम प्रयागराज मेला प्राधिकरण में बने आईसीसीसी सभागार में 1.20 मिनट से 2.20 बजे तक महाकुम्भ के प्रगति कार्यों की समीक्षा करेंगे। यहां से वह विभिन्न मार्गों का स्थलीय निरीक्षण करते हुए गंगा सेतु के समानांतर बने स्टील ब्रिज का निरीक्षण करेंगे और फिर पुलिस लाइन हेलीपैड से वापल लखनऊ के लिए रवाना होंगे।

## सीएम योगी के नेतृत्व में उद्योग और रोजगार के नए युग की ओर अग्रसर उत्तर प्रदेश

**लखनऊ, 30 दिसंबर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन के क्षेत्र में नए मानदंड स्थापित कर रहा है। योगी सरकार का लक्ष्य प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था में बदलना है और इसके लिए कई महत्वाकांक्षी परियोजनाएं प्रारंभ की गई हैं। योगी सरकार ने न केवल औद्योगिक क्षेत्रों में बल्कि श्रम सुधारों और सामाजिक कल्याण की दिशा में भी व्यापक बदलाव किए हैं, बल्कि प्रदेश को व्यापार और निवेश के लिए एक आकर्षक गंतव्य भी बनाया है।

**औद्योगिक सुधार और रोजगार नीति से प्रदेश में बना अनुकूल वातावरण**

योगी सरकार ने रोजगार सृजन और उद्योगों के लिए एक अनुकूल वातावरण बनाने के लिए कई सुधार किए हैं। उद्योगों को त्वरित और पारदर्शी सेवाएं प्रदान करने के लिए वन टाइम रजिस्ट्रेशन की सुविधा शुरू की गई है। इसके तहत व्यापारियों और उद्यमियों को अनेक प्रक्रियाओं से मुक्त किया गया है। महिला श्रमिकों को प्रोत्साहन देने के लिए विशेष योजनाएं शुरू की गई हैं। पॉटरी, कारपेट, पीतल, और ताला उद्योग में महिला श्रमिकों को रोजगार के विशेष अवसर दिए गए हैं। इन योजनाओं ने न केवल महिला श्रमिकों की भागीदारी बढ़ाई है, बल्कि उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त भी बनाया है। आईटी और वस्त्र उद्योगों में कामकाजी घंटों को 8 से बढ़ाकर 12 किया गया है। इससे कार्यदक्षता और उत्पादकता में वृद्धि हुई है। साथ ही, टेक्सटाइल और अन्य उद्योगों में स्थायी रोजगार अनुबंध की अनुमति दी गई है। इसके परिणामस्वरूप रोजगार के नए अवसर सृजित हुए हैं।

**प्रदेश में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में हुआ सुधार**

योगी सरकार ने 2017 से अब तक 7 प्रमुख श्रम कानूनों में संशोधन और सरलीकरण किया है। इन सुधारों के कारण उत्तर प्रदेश ने 2022 में "टॉप अचीवर" की श्रेणी में स्थान प्राप्त किया। बिजनेस रिफॉर्म एक्शन प्लान (BRAP) के तहत 2018 में प्रदेश का स्थान 14वां था, जो अब दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। इन सुधारों ने न केवल औद्योगिक निवेश को बढ़ावा दिया है, बल्कि प्रदेश को एक आर्थिक हब के रूप में विकसित करने की दिशा में एक मजबूत आधार भी तैयार किया है। सरकार ने छोटे और मझोले उद्योगों (एमएसएमई) को भी विशेष ध्यान दिया है, जो राज्य की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं।

**योगी सरकार ने श्रम कानूनों को बनाया सरल और पारदर्शी**

श्रमिक कल्याण योजना के तहत उत्तर प्रदेश में श्रमिकों को स्वास्थ्य, आवास, और शिक्षा में सुविधाएं दी जा रही हैं। महिला श्रमिकों के लिए विशेष योजनाएं लागू की गई हैं, जिनसे उनकी आर्थिक और सामाजिक स्थिति में सुधार हुआ है। इन प्रयासों ने श्रमिकों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने में मदद की है। सरकार ने श्रम कानूनों को सरल और पारदर्शी बनाया है। अब श्रमिक और नियोक्ता दोनों के लिए नियमों का पालन करना आसान हो गया है। इससे श्रम विवादों की संख्या में कमी आई है और उद्योगों की उत्पादकता में वृद्धि हुई है।

# हर समस्या का समाधान सरकार की प्राथमिकता: कृष्ण कुमार

## प्रशासन का सबल प्रयास, नहीं हो किसी के साथ अन्याय: उपायुक्त डॉ. विरेन्द्र कुमार दहिया

>> जिला कष्टद्द निवारण समिति की बैठक में 15 सूत्रीय एजेंडे में 8 समस्याओं का हुआ मौके पर समाधान, 6 को लंबित रखा व 1 समस्या को किया रद्द
>> समिति की बैठक में 6 समस्याओं को पहली बार रखा गया।



**करनाल बीटू संधू**
**हरियाणा।** में सामाजिक न्याय, सशक्तिकरण, अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग कल्याण तथा अंत्योदय (सेवा)मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने सोमवार को द्वितीय तल पर स्थित सभागार में जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि आम व्यक्ति के साथ न्याय करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। जिला कष्टद्द निवारण समिति की बैठक में जो शिकायतें पहुंचती है उनके समाधान का प्रशासन के सहयोग से प्रयास किया जाता है। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने कार्य में पारदर्शिता बरते व जन समस्याओं को ईमानदारीपूर्वक निर्वहन करने का प्रयास करे। समिति की बैठक में 15 सूत्रीय एजेंडे के तहत समस्याओं की सुनवाई हुई। जिसमें 8 समस्याओं का मौके पर समाधान किया गया व 6 समस्याओं को आगामी सुनवाई के लिए रखा गया व 1 समस्या को रद्द कर दिया गया। इन समस्याओं में 6 समस्याओं को पहली बार रखा गया। उपायुक्त डॉ.विरेन्द्र कुमार दहिया ने मंत्री को आश्वस्त किया कि जो समस्याएं जिला कष्टद्द निवारण समिति की बैठक में पहुंचती है उन पर प्रशासन गंभीरता से कार्य करता है व प्रशासन का यहीं प्रयास रहता है कि किसी के साथ किसी भी प्रकार का अन्याय न हों। मंत्री ने रमेश चंद्र वासी खंडरा की पिछली बैठक की लंबित शिकायत पर सुनवाई करते हुए इस समस्या पर कार्यवाही की व उसका मौके पर समाधान किया। दूसरी शिकायत भी पिछली बैठक की लंबित शिकायत थी जो टीडीआई से संबंधित थी जिस पर कई देर तक दोनों पक्षों की बा

# भूपेंद्र को 37 हजार 500 रुपये की वित्तीय सहायता राशि के चेक दिये।

**करनाल सुखविंदर सोही**
**करनाल।** विधायक योगेंद्र राणा ने असंध मार्केट कमेटी कार्यालय में मुख्यमंत्री किसान एवं खेतीहर मजदूर जीवन सुरक्षा योजना के तहत सोमवार को जयसिंहपुरा गांव की लाभार्थी सोनिया को 5 लाख रुपये और गांव जलमाना के भूपेंद्र को 37 हजार 500 रुपये की वित्तीय सहायता राशि के चेक दिये। इस मौके पर विधायक योगेन्द्र राणा ने कहा कि मुख्यमंत्री किसान एवं खेतीहर मजदूर जीवन सुरक्षा योजना महत्वपूर्ण योजना है। उन्होंने बताया कि सरकार की इस योजना का लाभ उन लोगों को मिलता है जो कृषि, मशीनरी, औजार, टूल्स, उपकरण, यंत्र व कुआं खोदने, ट्यूबवेल लगाने जैसे काम करते समय, जहरीली गैस, क्रेन, क्रेशर, कोल्हू, चारा काटने की मशीन, थ्रेसर पर कार्य करते समय दुर्घटना में मृत्यु हो जाती है या कोई शरीर का अंग भंग हो जाता है। इसके अलावा किसी कृषि उपकरण को चलाते समय बिजली करंट के कारण और गाड़ी से कोई कृषि उपज ले जाते समय किसी पशु ठेला, ट्रक या किसी अन्य वाहन के साथ दुर्घटना के कारण तथा कृषि संबंधी कार्यों के दौरान कोई कीटनाशक दवाई,



पेस्टीसाईड, खरपतवार नाशक दवाई के प्रयोग से तथा बिजली करंट या अग्नि संकट के समय किसान या मजदूर की मृत्यु होने पर, मार्केट यार्ड में कृषि उत्पादन उतारते शिफ्ट या तोलते समय दुर्घटना के कारण तथा कृषि कार्यों के दौरान सांप या अन्य जहरीले जीव के काटने के कारण मौत होने पर सरकार की तरफ से आर्थिक सहायता दी जाती है। इस योजना का लाभ लेने के लिए दुर्घटना होने के दो मास के अंदर आवेदन पत्र भरकर संबंधित मार्केट कमेटी कार्यालय में देना जरूरी होता है। इस मौके पर असंध मण्डल अध्यक्ष राम अवतार, मार्किट कमेटी सैक्ट्री कृष्ण धनखड़, मंडी सुपरवाइजर धर्मबीर, मोहन लाल मौजूद रहे।

# जिले में किसी भी प्रकार का अतिक्रमण नहीं होगा सहन: उत्तम सिंह

**करनाल सुखविंदर सोही**
**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने कहा कि जिलें में किसी भी प्रकार का अतिक्रमण सहन नहीं किया जाएगा, अगर कोई व्यक्ति अतिक्रमण करता पाया गया तो उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी, इसके इलावा अगर किसी दूध की डायरी का कोई पशु सडक पर आवारा धूमता हुआ पाया गया तो उस डायरी वालें का चालान किया जाएगा तथा उसका पशु भी उसे नहीं लौटाया जाएगा। उपायुक्त उत्तम सिंह सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में सडक सुरक्षा समिति की बैठक को संबोधित कर रहें थे। उन्होंने नगर निगम के कार्यकारी अभियंता को कहा कि आवारा पशुओं को पकड़ने के लिए मुहिम चलाए तथा उनको गऊशालाओं मे सुरक्षित पंहुचाए। उन्होंने कहा कि दिसंबर माह में जो 218 पशुओं को गऊशालाओं मे पहुंचाया गया है उनकी संख्या बढ़ाए तथा संबंधित गऊशालाओं को कहें कि वे पशुओं का नियमानुसार चेकअप करवाते रहें। एनएच के अधिकारियों को कहा कि नेशनल हाईवे पर जितने भी अवैध कट है उन्हें तुरन्त प्रभाव से बंद करें तथा उनकी एक रिर्पोट कार्यालय में भी भेजें। उपायुक्त ने पुलिस विभाग के अधिकारियों को कहा कि जिलें में मोबाइल



टीम बनाए जो दिन में विभिन्न जगहों पर जाकर विदाउट सीट बेल्ट और तेज गति से चलाने वाले वाहन चालकों के चालान करें। उन्होंने अधिकारी को यह भी कहा कि जिलें में जहां भी ट्रैफिक लाईट लगी हुई है, उन सभी लाईटों में टाईमर होना चाहिए जो सही काम करें, इस विषय में कोई लापरवाही न हो। उन्होंने आईआरएडो पोर्टल के तहत सडक दुर्घटनाओं को होने वाले हादसों बारे, अवैध कटों को बंद करने बारे, सडकों को दुरुस्त करने, स्कूल वाहन पॉलिसी के तहत वाहनों की चेकिंग करने, पुलिस व आरटीए विभाग द्वारा यातायात नियमों की अवहेलना किए जाने पर चालानिंग के साथ-साथ अन्य बिंदुओं पर चर्चा करते हुए निर्देश दिए।

# विधायक योगेंद्र राणा ने पार्षदों व नगर पालिका अधिकारियों की ली बैठक

**करनाल बीटू संधू**
**करनाल।** विधायक योगेन्द्र राणा ने सोमवार को नगर पालिका कार्यालय में पार्षदों व नगर पालिका अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में हल्के से जुड़े विकास कार्यों की समीक्षा की । उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी लंबित कार्यों को जल्द पूरा करवाया जाए। बैठक में विधायक योगेन्द्र राणा ने विकास कार्यों, शहर की सफाई व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट व नालों की मरम्मत के कार्य मुख्य रहे । इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि जिम्मेदारी के साथ अपने कार्यों का निर्वहन करें, अन्यथा सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि असंध विधानसभा में प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्य पर विशेष फोकस किया जाए। सभी कार्यों में तेजी लाई जाए। उन्होंने शहर की सीवरेज समस्या के बारे में अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस समस्या का तत्काल समाधान किया जाए। इसके साथ-साथ शहर में सफाई भी सही तरीके से की जाए। उन्होंने जींद चौक स्थित फुव्वारा चौक के सौंदर्यीकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सालवन रोड पर अधूरे पड़े शॉपिंग कॉम्पलेक्स के कार्यों में तेजी लाकर जल्द



पूरा करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहर में नाइट स्वीपिंग को लेकर टेंडर किया जाए। यदि नगर पालिका में सफाई कर्मचारियों की संख्या कम है तो उसे भी बढ़ाया जाएगा। बैठक के दौरान पार्षदों ने अपने वार्डों से जुड़ी लिखित डिमांड विधायक को दी। विधायक ने जल्द पार्षदों की सभी मांगों को पूरा करने का आश्वासन भी दिया। इस मौके पर नगर पालिका सचिव प्रदीप कुमार, एमई अशोक कुमार, कार्यकारी चेयरमैन राजेंद्र ढीगरा, पूर्व चेयरमैन दीपक छाबडा सहित सभी वार्डों के पार्षद उपस्थित रहें।

# चन्द्रशेखर ने सोमवार को नारी निकेतन का दौरा किया

**करनाल सुखविंदर सोही**
जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष, चन्द्रशेखर ने सोमवार को नारी निकेतन का दौरा किया। जहां उन्होंने रह रही महिलाओं से बातचीत की और उन्हे प्रदान की जा रही सुविधाओं का निरीक्षण किया। इसके अलावा उन्होने श्रद्धानंद बाल आश्रम और एम डी डी बाल भवन पहुंचकर वहां बच्चो को प्रदान की जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। वहीं उन्होंने बच्चों से बातचीत की व उन्हे पढ़ने के लिए उपन्यास पुस्तके प्रदान की। इसके पश्चात जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष, चन्द्रशेखर, प्लेस ऑफ सेफ्टी, पहुंचे जहा रह रहे ज्यूविनायलो से बातचीत की



और उन्हे प्रदान की जा रही सुविधाओं का निरीक्षण किया व उन्हें पढ़ने के लिए उपन्यास पुस्तके प्रदान की।

# भाजपा ने व्यवस्था परिवर्तन का किया कार्य, आज घर बैठे ही योजनाओं का लाभ उठा रहे आमजन- विधायक जगमोहन आनंद

**करनाल बीटू संधू**
**करनाल।** के विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने 10 साल के कार्यकाल में व्यवस्था परिवर्तन का कार्य किया है। आज आमजन सरकारी योजनाओं का लाभ घर बैठे उठा रहे हैं। प्रदेशभर में अंत्योदय की भावना से कार्य हो रहा है। पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंच रहा है। विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि जब भाजपा सरकार ने पहले केंद्र और फिर राज्य में जनसेवा का दायित्व संभाला, तब अंत्योदय की भावना से सही मायने में काम शुरू हुआ। परिवार पहचान पत्र के माध्यम से एक व्यवस्था बनाई गई। अब घर बैठे-बैठे असली जरूरतमंद लोग अपने बी.पी.एल. कार्ड बनवाते हैं। पी.पी.पी. हरियाणा के हर एक नागरिक के लिए प्रगतिशील, पारदर्शी व प्रमाणिक व्यवस्था



है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व करनाल के सांसद व केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में तेजी से विकास हो रहा है। विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि करनाल की जनता ने उन्हें चुनकर हरियाणा विधानसभा तक पहुंचाया है। मेरा दायित्व है कि करनाल से जुड़े मुद्दे और समस्याओं को त्वरित ढ़ंग से समाधान करवाऊं। इसी दिशा में तेजी से प्रयास हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनके कैंप कार्यालय पर कोई भी व्यक्ति अपनी शिकायत लेकर आ सकता है। शिकायत लिखित हो और उस पर नाम, पता व मोबाइल नंबर दर्ज हो। जो भी वाजिब काम है२, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा।

# वर्ष 2025 में रतन टाटा की व्यवसाय में ईमानदारी की सीख को युवाओं तक पहुंचाने का करेंगे काम- एसपी चौहान

## स्कूल कॉलेजों में मोबाइल फोन के दुरुपयोग और नशे के खिलाफ भी लगातार जारी रहेगी जंग

**करनाल बीटू संधू**
**करनाल।** वर्ष 2024 में शिक्षा के मंदिरों में मोबाइल फोन के दुरुपयोग को रोकने और स्कूल, कॉलेजों में बढ़ रही नशे की प्रवृति के खिलाफ सशक्त अभियान चलाकर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी को पत्र लिखकर ठोस पॉलिसी की अपील करने वाले एसपी चौहान द स्ट्रगलिंग मैन के असल नायक व नवचेतना मंच के संयोजक एसपी चौहान ने नववर्ष की पूर्व संध्या पर कहा है कि वर्ष 2025 में भी ये दोनों अभियान जारी रहेंगे। वर्ष 2025 में सरकार के साथ मिलकर इन दोनों अभियानों को सफल बनाने के लिए हरियाणा सरकार व नवचेतना मंच मिलकर ठोस कदम उठाएंगें। इस संदर्भ में उनकी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से सकारात्मक बातचीत हुई है। इसके अलावा व्यवसाय में



ईमानदारी के प्रेरणा स्त्रोत माने जाने वाले स्वर्गीय रतन टाटा के व्यावहारिक जीवन के बारे में स्कूल, कॉलेजो के स्टूडेंटस को जागृत करेंगे ताकि उनके जीवन में रोजगार के पहलुओं को लेकर नई रोशनी आ सके और वे अपने जीवन में मनचाहे मुकाम हासिल कर सकें। जनवरी 2025 से ही प्रार्थना के समय हम अपने सभी स्कूलों में स्वर्गीय रतन टाटा के जीवन पर प्रतिदिन नई बात कहेंगे, हमारे टीचर्स, प्रबंधक इस व्यवस्था को संभालेंगे। व्यापार जगत में स्वर्गीय रतन टाटा एक ऐसा उदाहरण है जिसकी युगों युगों तक मिसाल दी जाएगी। एसपी चौहान ने मीडिया के समक्ष कहा कि स्वामी विवेकानंद, स्वामी दयानंद, गुरु नानक देव जी, गुरु गोबिद सिंह जी, कबीर साहेब, श्यामा प्रसाद मुखर्जी, बाबा अंबेडकर साहब, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी, शहीदे आजम भगत सिंह, नेताजी सुभाषचंद्र बोस आदि महापुरुषों के जीवन के आदर्शों को वे नव?

# निगमायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने करनाल कलस्टर की ली समीक्षा बैठक, सफाई व्यवस्था हो सवोच्च प्राथमिकता, कार्यकारी अभियंता कूड़ा निस्तारण प्रक्रिया पर रखें पूर्ण निगरानी, शहर को निराश्रित पशुओं से करें मुक्त।

## एजेंसी प्रतिनिधियों को दिए निर्देश- प्री-सीओडी वेस्ट की एक माह में करें प्रोसेसिंग, पृथक्करण कचरा करें एकत्रित।

**करनाल बीटू संधू**
**करनाल।** स्वच्छता रैंकिंग में करनाल को देश के शीर्ष स्वच्छ शहरों में लाने के लक्ष्य तथा ठोस अपशिष्टद्द के निस्तारण को लेकर नगर निगम आयुक्त एक्शन मोड में काम कर रहे हैं। सोमवार को कलस्टर हैड एवं नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने इस विषय को लेकर करनाल कलस्टर की मासिक समीक्षा बैठक कर नगर निगम व नगर पालिका अधिकारियों तथा सुगम स्वच्छता एजेंसी को निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि कूड़ा मुक्त शहर की रेटिंग को लेकर इस बार 5 स्टार रेटिंग तथा



वाटर प्लस हासिल करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने निर्देश दिए कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के सभी पैरामीटर्स पर बारिकी से काम किया जाए, कोई भी बिन्दू छूटना नहीं चाहिए। शहर की सफाई हो सवोच्च प्राथमिकता- उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर की साफ-सफाई को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखा जाए। उन्होंने निगम अधिकारियों तथा नगर पालिका सचिवों से कहा कि कार्यालय आते समय शहर की साफ-सफाई को चेक किया जाए। इसके लिए शहरवासियों से भी बात की जाए, कोई समस्या सामने आए तो उसका समाधान करवाया जाए। उन्होंने कहा कि शहर की सफाई व्यवस्था को बेहतर से बेहतर किया जाए। कूड़े को पृथक्करण करने पर दिया जोर- हर घर से गीला और सूखा कूड़ा अलग-अलग एकत्र किया जाए, आज की समीक्षा बैठक में निगमायुक्त ने फिर से जोर दिया गया। उन्होंने एजेंसी प्रतिनिधियों को निर्देश दिए कि वह अपनी एक्सपर्ट टीम को फील्ड में रखें, ताकि नागरिकों को अलग-अलग क

# हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एचएसजीएमसी) के चुनाव के लिए 19 जनवरी को होगा मतदान।

## नामांकनों की जांच-पड़ताल के दौरान 2 कवरिंग उम्मीदवारों के नामांकन रदद।

**करनाल सुखविंदर सोही**
**हरियाणा।** सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एचएसजीएमसी) के चुनाव के दृष्टिगत करनाल जिला में पड़े वाले वार्ड नंबर 16, 17, 18 और 19 में कुल 29 नामांकन दाखिल हुए थे, आज सोमवार को नामांकनों की जांच-पड़ताल के दौरान 2 कवरिंग उम्मीदवारों के नामांकन रदद हो गए है। सरकारी प्रवक्ता ने विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि वार्ड नंबर-16 नीलोखेड़ी में कुल 5 नामांकन दाखिल हुए थे, जिनमें जांच पड़ताल के दौरान एक कवरिंग उम्मीदवार का नामांकन रदद हो गया है। इसी प्रकार वार्ड नंबर - 17 निसिंग में कुल 8 नामांकन दाखिल हुए थे जोकि सही पाये गये है। उन्होंने बताया कि वार्ड नंबर - 18 असंध में कुल 8 नामांकन दाखिल हुए थे जिनमें से एक कवरिंग उम्मीदवार का नामांकन रदद हो गया है। इसी प्रकार से वार्ड नंबर - 19 करनाल में कुल 8 नामांकन दाखिल हुए थे जोकि सही पाए गए। प्रवक्ता ने बताया कि नोटिफिकेशन के अनुसार हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी हेतु 30 दिसंबर को नामांकनों की जांच-पड़ताल की गई है और 2 जनवरी दोपहर 3 बजे तक नामांकन पत्र वापिस लिए जा सकते है तथा इसी दिन दोपहर 3 बजे के बाद चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। साथ ही वैलिड नामांकनों की भी सूची जारी की जाएगी। इसके अलावा पोलिंग स्टेशनों की भी सूची जारी की जाएगी। उन्होंने बताया कि 19 जनवरी को सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होगा और मतदान के तुरंत बाद मतगणना होगी, जिसके बाद उसी दिन परिणाम भी जारी कर दिया जाएगा।

# अवैध हथियार तस्करी की घटना में संलिप्त आरोपी अवैध हथियार सहित गिरफ्तार, जेल भेजा

सोनीपत दिसम्बर : जिले के थाना शहर गोहाना की पुलिस टीम नें अवैध हथियार की घटना में संलिप्त आरोपी को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी अमित उर्फ मिटठा पुत्र रोहताश निवासी जागसी हाल उत्तम नगर गोहाना सोनीपत का रहने वाला है। जिला पुलिस प्रवक्ता ने बतलाया कि गत 28 दिसम्बर को थाना शहर गोहाना की पुलिस टीम में नियुक्त मुख्य सिपाही संदीप अपनी पुलिस टीम के साथ गश्त पडताल करते हुए सैक्टर 7 रोहतक रोड गोहाना पर मौजूद था कि खुफिया जानकारी मिली की अमित उर्फ मिटठा पुत्र रोहताश निवासी गांव जाग्सी हाल उत्तम नगर गोहाना जिला सोनीपत अवैध पिस्तौल लिये हुये है जो कुछ समय बाद गोहाना से रोहतक की तरफ जायेगा अगर तुरन्त नाकाबंदी की जाये तो काबू आ सकता है जो पुलिस टीम नें ड्रैन न. 8 रोहतक रोड गोहाना पर नाकाबंदी कर-के चौकिंग शुरू की जो कुछ समय बाद एक नौजवान लड़का गोहाना बस स्टैंड की तरफ आता दिखाई दिया जो सामने खड़ी पुलिस टीम को देखकर एक दम पीछे मुड़कर तेज कदमों से वापिस गोहाना की तरफ जाने लगा जो शक की बिनाह पर कुछ ही कदमों पर काबू किया और नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम अमित उर्फ मिटठा पुत्र रोहताश निवासी गांव जाग्सी हाल उत्तम नगर गोहाना जिला सोनीपत बतलाया। जो शक के आधार पर शख्स अमित की तलाशी ली तो अमित की पहनी हुई ग्रे रंग की पजामी की दाहिनी जेब से एक देशी पिस्तौल 315 बोर व बाँये जेब से एक जिंदा रौंद बरामद हुआ। जो अमित उपरोक्त से देसी पिस्तौल 315 बोर व एक जिंदा रौंद बारे लाईसैन्स व परमिट मांगा तो कोई भी लाईसैंस व परमिट पेश नहीं कर सका। इस घटना का शस्त्र अधिनियम के तहत थाना शहर गोहाना में मामला दर्ज किया गया। थाना शहर गोहाना की पुलिस टीम में नियुक्त मुख्य सिपाही अनूप नें अपनी पुलिस टीम के साथ अवैध हथियार की तस्करी की घटना में संलिप्त आरोपी अमित उर्फ मिटठा पुत्र रोहताश निवासी जाग्सी हाल उत्तम नगर गोहाना सोनीपत को गिरफ्तार किया है।

## बेसहारा पशुओं को पकड़कर नंदीशाला या गौशाला भेजे प्रशासन, सरकार गौशालाओं का जल्द जारी करे अनुदान राशि

# हरियाणा में सड़कों पर खुला घूम रहा गौवंश, बढ़ रहे है हादसे, जा रही है लोगों की जान : कुमारी सैलजा

चंडीगढ़ दिसंबर : अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि हरियाणा में सड़कों पर खुला घूम रहा गौवंश न तो खुद के लिए और न ही लोगों के लिए सुरक्षित है। प्रदेश में हर रोज लावारिस पशुओं की वजह से लगातार हादसे बढ़ते जा रहे हैं। इन हादसों में अनेक लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ती है। ऐसे में प्रशासन को इन बेसहारा पशुओं पर नकेल कसने के लिए जल्द से जल्द कदम उठाने चाहिए। तापमान शून्य के आसपास है ऐसे में बेसहारा पशुओं को पकड़कर नंदीशाला या गौशाला भेजना चाहिए साथ ही सरकार को जल्द से जल्द गौशालाओं को अनुदान राशि जारी करनी चाहिए। मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश के कई जिलों में बेसहारा पशुओं ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। इससे रोजाना सड़क हादसे होते रहते हैं। कई बार बेसहारा पशु लड़ते हुए लोगों के दुकानों या फिर घरों में घुस जाते हैं जिससे काफी परेशानी होती है। सड़कों पर ऐसे पशुओं के कारण सड़क हादसे बढ़ रहे है, पशुओं के हमले के शिकार लोग अपंग हो रहे हैं। प्रदेश में करीब 600 गौशालाएं है। उन्होंने कहा कि बेसहारा पशु मुक्त अभियान चलाने वाला गोसेवा आयोग तथा बड़ा प्रशासनिक अमला मौजूद है और प्रदेश को 15 अगस्त 2018 तथा 26 जनवरी 2019 को बेसहारा पशु मुक्त राज्य घोषित किया जा चुका है। पर वर्तमान में स्थिति कुछ और ही है। प्रदेश में ऐसा कोई नगर या गांव नहीं है जहां पर बेसहारा पशु सड़कों पर घूमते हुए न मिलें। हरियाणा में जीटी रोड, हिसार-सिरसा रोड, अंबाला कैथल रोड, पानीपत-रोहतक-हिसार रोड और गुरुग्राम व फरीदाबाद रोड समेत कई ऐसे हाईवे हैं, जहां अक्सर रात को सड़क दुर्घटनाएं होती हैं। हादसों में न जाने कितने लोगों की जान जा चुकी है और न जाने कितने लोग अपंग हो चुके हैं। उन्होंने कहा है बकि फतेहाबाद, अंबाला, कैथल,



सिरसा, हिसार, पंचकूला, सोनीपत, भिवानी, झज्जर, करनाल, रेवाड़ी, यमुनानगर, कुरुक्षेत्र, चरखीदादरी, फरीदाबाद, पलवल और पानीपत जिलों में बेसहारा पशुओं की वजह से सड़कों पर टकराने से आए दिन मौत होती रहती है। उन्होंने कहा कि बेसहारा पशुओं को गोशालाओं में रखने में गौशाला संचालक ज्यादा रुचि नहीं दिखाते। दूध देना बंद करने वाले पशुओं को पशुपालक खुला में छोड़ देते हैं, जो दिन व रात सड़को पर घूमते हुए बड़ी दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं। उन्होंने सरकार से मांग की है कि इन बेसहारा पशुओं पर नकेल कसने के लिए जल्द से जल्द कदम उठाना चाहिए ताकि इनसे होने वाले हादसों को रोका जा सके। सरकार ने सुरक्षित यात्रा के लिए हाईवे बना दिये हैं। तमाम प्रबंध भी किए हैं इसके बावजूद यात्रा सुरक्षित नहीं हैं तथा कब कहां हादसा हो जाए, कहा नहीं जा सकता। हाईवे पर हादसों का सबसे बड़ा कारण है बेसहारा पशु।

### सर्दी में बेसहारा पशुओं को पकड़कर नंदीशाला या गौशाला भेजा जाए

इस समय तापमान शून्य के करीब है, कई जिलों में धुंध और कोहरा पड़ना शुरू हो गया है। रात को हाईवे पर पशुओं के वाहनों से टकराने की घटनाएं बढ़ रही है। सिरसा प्रदेश में सबसे अधिक गौशालाओं वाला जिला है। बावजूद इसके बेसहारा गौवंश हाईवे पर बैठा रहता है। धुंध के समय तो स्थिति इतनी विकराल हो जाती है कि पशु दिखाई नहीं देते, ऐसे में हादसे होते हैं। ऐसे में बेसहारा पशुओं को पकड़कर गौशाला भेजा जाए और सरकार की ओर से गौशालाओं को जो अनुदान दिया जाता है वह जल्द से जल्द दिया जाना चाहिए।

# बकरी चोर गिरोह के आधा दर्जन सदस्यों को पुलिस ने पकड़ा

## दो तमंचा व चार चाकू समेत 16 बकरियां बरामद

■ जालौन-उरई



कोतवाली जालौन एवं एसओजी/सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा पशु चोरी की घटनाओं का सफल अनावरण करते हुये पुलिस मुठभेड़ के दौरान घटनाओं से सम्बन्धित 06 अन्तर्रजनपदीय अभियुक्तों को चोरी के 16 बकरे/बकरियां तथा घटना में प्रयुक्त 01 अदद ईको कार एवं अवैध असलाह कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया ।

कोतवाली क्षेत्र में बकरी चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले बकरी चोर गिरोह के आधा दर्जन सदस्यों को कोतवाली व सर्विलांस टीम ने संयुक्त कार्रवाई में पक? लिया । आरोपियों के पास से एक कार, दो तमंचा व चार चाकू समेत 16 बकरियां बरामद की गई।

पिछले कुछ दिनों में कोतवाली क्षेत्र में बकरी चोर लगातार बकरी चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे थे। बकरी चोरों ने आठ दिसंबर को सुरेश कुमार के बा?ा में बंधी 22 बकरियां चोरी कर ली थीं। इतना ही नहीं शोर मचा रहे बकरी के सात बच्चों को गला रेतकर मार डाला था। इसके बाद 19 दिसंबर को ग्राम खनुआं में मुन्नालाल व भैयादीन के यहां से आठ बकरियां चोरी कर ले गए थे। जिनकी रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज की गई थी। बकरी चोरी की घटनाओं पर एसपी के निर्देश पर कोतवाली पुलिस व सर्विलांस टीम संयुक्त रूप से कार्रवाई कर रही थी। टीम बनाकर बकरी चोरों की तलाश की जा रही थी। रविवार की सुबह पुलिस को सूचना मिली कि बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे सर्विस रोड से होकर बकरी चोर बकरियों को बेचने के लिए ले जा रहे थे। सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी वीरेंद्र पटेल के साथ एसओजी प्रभारी सतीश कुमार कुशवहा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने पमां के पास एक्सप्रेस वे पुल के नीचे घेराबंदी कर ली। वहां से एक ईको कार गुजरने पर जब पुलिस टीम ने उसे रोकना चाहा तो चालक कार लेकर भागने लगा। पुलिस ने घेराबंदी कर कार सवारों को दबोच लिया। पुलिस ने कार चालक दीपक कुमार उर्फ दीपू पुत्र सिद्धगोपाल निवासी राजेंद्रनगर कस्बा व थाना कबरई जिला महोबा, बकरी चोर गिरोह के मुखिया अंताश खां पुत्र फजल खां समेत मलश खां पुत्र फजल खां, आकम खां उर्फ छोटू पुत्र फजल खां, लाला उर्फ जावेद पुत्र सुलेमान, तौहीद खां पुत्र सुलेमान खां निवासीगण सुभाषनगर काशीराम कॉलोनी कोतवाली व जिला महोबा को पक?कर जब उनकी तलाशी ली तो पुलिस ने उनके पास से दो तमंचा, दो कारतूस व चार चाकू समेत 16 बकरियों को बरामद किया। पुलिस की पूछतांछ में आरोपियों ने बताया कि वह अलग अलग गांवों में जाकर मौका लगते ही रात में बकरियों को चोरी कर कार में डाल लेते थे। यदि बकरियों के बच्चे शोर मचाते थे तो उन्हें मार देते थे। चोरी की बकरियों को बेचने के बाद जो रकम मिलती उसे आपस में बांटकर ऐश करते थे। कोतवाली क्षेत्र के अलावा उन्होंने जनपद महोबा में भी बकरी चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया है। अपनी सुरक्षा के लिए तमंचे भी साथ ही रखते थे। पुलिस ने सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में कोतवाल व एसओजी प्रभारी के अलावा एसआई शैलेंद्र कुमार, मदन पाल, कांस्टेबल नीरज कुमार, महाराज सिंह, पवन कुमार आदि शामिल रहे।

## प्राइवेट खाद विक्रेताओं द्वारा माइक्रो नाम का पैकेट जबरन किसानों को थमाने का वीडियो वायरल

■ जालौन-उरई

नगर में संचालित प्राइवेट खाद की दुकान पर सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य से अधिक दाम पर खाद बेचने और प्रति बोरी खाद के साथ किसानों को माइक्रो नाम का पैकेट जबरन थमाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

इस समय किसानों को फसल के लिए खाद की आवश्यकता पड़ रही है। सरकारी खाद की दुकानों को आवश्यकतानुसार खाद न मिलने पर किसानों को प्राइवेट खाद की दुकानों का सहारा लेना पड़ता है। रविवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ। जिसमें नवीन गल्ला मंडी के पास संचालित एक खाद की दुकान पर कुछ किसान खड़े नजर आ रहे हैं। किसानों का अरोप है कि दुकानदार सरकार द्वारा निर्धारित खाद के दाम से अधिक दाम लेकर खाद बेच रहे हैं। साथ ही किसानों को जबरन एक माइक्रो नाम का पैकेट थमाया जा रहा है। पैकेट न लेने पर खाद नहीं दी जा रही है। किसान अरविंद कुमार, मुकेश कुमार, कलू, सोहन, राजेंद्र, गुड्डन आदि ने आरोप लगाया कि सरकार द्वारा खाद की बोरी का दाम 276 रुपये है। जबकि प्राइवेट खाद विक्रेता मौके का फायदा उठाकर 350 से 390 रुपये प्रति बोरी खाद बेच रहे हैं। इतना ही नहीं किसानों को जबरन एक माइक्रो खाद नामक पैकेट भी थमा रहे हैं। जिसका दाम अलग से देना पड़ता है। जब कोई किसान अधिक दाम देने और माइक्रो पैकेट लेने से इंकार करता है तो उसे खाद नहीं दी जाती है और उसे दुकान से भगा दिया जाता है। किसानों ने डीएम से मांग करते हुए कहा कि प्राइवेट दुकानों पर ओवर रेट में बेची जा रही खाद की जांच कराई जाए और किसानों को निर्धारित दाम पर ही खाद दिलाई जाए।

## गांव में अंत्येष्टि स्थल न होने से लोगों को होना पड़ता है परेशान

**जालौन-उरई।** गांव में अन्यत्येष्टि स्थल न होने से लोगों को अपने प्रिंयजनों की अंत्येष्टि क्रिया के लिए परेशान होना पड़ता है। जिसकी मांग ग्रामीण ने आईजीआरएस के माध्यम से की थी। इस मांग पर जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा शिकायतकर्ता को अवगत कराया गया है कि जनपद में 11 गांवों में अंत्येष्टि स्थल का निर्माण कराया जाना है। जिनके चयन की कार्रवाई की जा रही है।

कुठौंदा बुजुर्ग निवासी समाजसेवी गजेंद्र सिंह सेंगर ने आईजीआरएस पोर्टल पर शिकाय दर्ज कराई थी कि उनके गांव में अन्त्येष्टि स्थल न होने से लोगों को अपने प्रियजनों के अंतिम संस्कार के लिए परेशान होना पड़ता है। गर्मी के मौसम में जहां लोगों को तपती धूप में खड़ा होना पड़ता है। तो बारिश के मौसम में स्थिति और भी विकट हो जाती है। यदि बारिश हो रही हो अंतिम संस्कार के लिए यह तो कहीं और जाना पड़ता है या फिर बारिश रूकने का इंतजार करना पड़ता है। उन्होंने मांग करते हुए कहा था कि गांव में अंत्येष्टि स्थल को विकसित कर पर्याप्त इंतजाम किए जाएं ताकि लोगों को अपने प्रियजनों के अंतिम संस्कार के लिए परेशान न होना पड़े। इस शिकायत का निस्तारण करते हुए जिला पंचायत राज अधिकारी ने शिकायतकर्ता को लिखित रूप से अवगत कराया है कि वर्ष 2024-25 में जनपद में 11 अंत्येष्टि स्थलों को विकसित करने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। पहले ग्राम पंचायत के चयन की कार्यवाही की जाती है। ग्राम पंचायत का चयन होने के बाद अंत्येष्टि स्थल का विकास किया जाता है। अभी ग्राम पंचायत के चयन की प्रक्रिया जारी है। ग्राम पंचायतों का चयन होने के बाद अंत्येष्टि स्थल का विकास करा दिया जाएगा।

## प्लॉट का कराया फर्जी बैनामा, पीड़ित ने की पुलिस से शिकायत

**कोंच।** अवैध रूप से क़ब्ज़ा करने की नियत से प्लॉट का फ़र्जी बैनामा करा लेने की बात करते हुए पीड़ित ने पुलिस से कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला गांधीनगर निवासी आनंद पुत्र मुहर सिंह ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसने बीती 18 फरवरी 2021 को मुहल्ला गोखले नगर में गाटा संख्या 1334 स्थित एक प्लॉट वास्तविक मालिकों से खरीदा था। इसके करीब 2 वर्ष बाद फ़र्जी और कूटरचित तरीके से कुछ लोगों ने उसके इस प्लॉट के फ़र्जी बने मालिकों से क्रय कर लिया। शिकायतकर्ता ने बताया उसके इस प्लॉट के नए बने विक्रेताओं और क्रेताओं का इस प्लॉट से कोई लेना-देना नहीं है और यह सब उसके प्लॉट पर क़ब्ज़ा करने की नियत से किया गया है।

आनंद ने मामले को लेकर पुलिस से कार्यवाही किए जाने की मांग की है। पुलिस ने प्रार्थनापत्र पर जांच के निर्देश दिए।

## सातवें दिन कथा व्यास ने सुदामा चरित्र के प्रसंग का सुंदर वर्णन किया

■ जालौन-उरई

नगर के नाना महाराज मंदिर पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के सातवें दिन कथा व्यास पंडित अवधेश शास्त्री ने सुदामा चरित्र के प्रसंग का सुंदर वर्णन किया। जिसे सुनकर उपस्थित श्रोताओं की आंखें नम हो गईं।

नाना महाराज मंदिर पर आयोजित भागवत कथा के सातवें दिन कथा व्यास पंडित अवधेश शास्त्री ने कहा कि सुदामाजी जितेंद्रिय एवं भगवान कृष्ण के परम मित्र थे। भिक्षा मांगकर अपने परिवार का पालन पोषण करते थे। गरीबी के बावजूद भी हमेशा भगवान के ध्यान में मग्न रहते। पत्नी सुशीला सुदामाजी से बार बार आग्रह करती कि आपके मित्र तो द्वारकाधीश है। उनसे जाकर मिलो शायद वह हमारी मदद कर दें। पत्नी के बार बार कहने पर सुदामा द्वारका पहुंचते हैं। भगवान कृष्ण के महल के बाहर पहुंचने पर जब द्वारपाल भगवान कृष्ण को बताते हैं कि सुदामा नाम का ब्राम्हण आया है। यह सुनकर श्रीकृष्ण नंगे पैर ही दौडकर आते हैं और अपने मित्र को गले से लगा लेते। उनकी दीन दशा देखकर कृष्ण के आंखों से अश्रुओं की धारा प्रवाहित होने लगती है। सुदामा जी को सिंहासन पर बैठाकर कृष्णजी सुदामा के चरण धोते हैं। सभी पटरानियां सुदामाजी से आशीर्वाद लेती हैं। सुदामाजी विदा लेकर अपने स्थान लौटते हैं तो भगवान कृष्ण की कृपा से अपने यहां महल बना पाते हैं। इसलिए कहा गया है कि जब जब भक्तों पर विपदा आई है प्रभु उनका तारण करने जरुर आए हैं। इस मौके पर महंत विजय रामदासजी महाराज, परीक्षित गोपालजी गुप्ता, आशीष सोनी, बीनू गुप्ता, राधेश्याम पांडे, अवध किशोर त्रिवेदी, चंद्रशेखर, उर्मिला गुप्ता, प्रिया गुप्ता, किरन गुप्ता, डॉ कुसुम लता त्रिवेदी, सुनीता, मंजू गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### वर्ष- 2024 में पुलिस विभाग में साल भर चलता रहा स्थानांतरण का दौर

**कालपी -उरई ।** गुजरने वाला वर्ष 2024 में कालपी के लिये कई खट्टे मीठे अनुभव छोड़कर जा रहा है।इस वर्षपुलिस विभाग में फेरबदल का दौर चलता रहा। इस वर्ष सीओ, कोतवाल तथा सभी चौकी प्रभारियों का स्थानांतरण होने के बाद नए अधिकारियों ने पदभार संभाला है। सन 2024 पर नजर डालें तो दो वर्षों तक क्षेत्राधिकारी डॉ. देवेंद्र कुमार पचौरी का 16 अक्टूबर को तबादला होने के बाद अवधेश कुमार सिंह ने कालपी क्षेत्राधिकारी का पदभार ग्रहण किया। इससे 8 साल पहले अवधेश कुमार सिंह कालपी कोतवाली प्रभारी निरीक्षक के पद पर रह चुके हैं। इसी प्रकार लोकसभा चुनाव होने के बाद जून में तत्कालीन कोतवाल कामता प्रसाद का स्थानांतरण होने पर कोतवाल नागेंद्र कुमार पाठक को प्रभारी निरीक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई। कालपी क्षेत्र के टरननगंज चौकी इंचार्ज अभिलाख सिंह के तबादले के उपनिरीक्षक रणधीर सिंह ने पदभार ग्रहण किया। रामगंज चौकी इंचार्ज मोहित यादव का स्थानांतरण होने के बाद धर्मेंद्र कुमार को जिम्मेदारी सौंपी गई। महमूदपुरा चौकी इंचार्ज रहे संतोष कुमार शुक्ला का स्थानांतरण होने के बाद जितेंद्र कुमार को जिम्मेदारी सौंपी गई।साल के आखिरी सप्ताह के दौरान ज्ञान भारती चौकी इंचार्ज जितेंद्र कुमार के स्थानांतरण के बाद विवेक कुमार मिश्र की नियुक्ति की गई है। पहली बार दर्जनभर उपनिरीक्षकों का कालपी कोतवाली के समय समय पर तैनाती मिली हैं।

### स्वेटर पाकर बच्चों के खिल उठे चेहरे

**जालौन-उरई।** कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय में भारत विकास परिषद मुख्य शाखा के स्वेटर वितरण कार्यक्रम में स्वेटर पाकर बच्चों के चेहरे खिलखिला उठे। भारत विकास परिषद मुख्य शाखा के तत्वावधान में कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय में स्वेटर वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ। स्वेटर वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बीईओ प्रीति राजपूत ने कहा कि सर्दी के मौसम में बच्चों की देखभाल की अधिक आवश्यकता पड़ती है। सर्दी में गर्म कपड़े बच्चों को राहत देते हैं। ऐसे में भारत विकास परिषद द्वारा बच्चों को दिए जा रहे स्वेटर सर्दी में उनके लिए उपयोगी साबित होंगे। कार्यक्रम में जब बच्चों को स्वेटर दिए गए तो बच्चों के चेहरे खिल उठे। इस दौरान 50 बच्चों को स्वेटर वितरित किए गए। इस मौके पर शाखा के प्रांतीय पदाधिकारी राजीव माहेश्वरी, महिला संयोजिका निशा माहेश्वरी, पूर्व पालिकाध्यक्ष गिरीश गुप्ता, शफीक राइन, महाराज आलम, मरहबा, अमरीन, अनफाया, अंशिका, अजहर, रिया फतिमा, प्रधानाध्यापक विद्या सागर मिश्र, अर्चना सीरोठिया, अर्चना राय, पूनम राजे, शिवम माहेश्वरी, जगमोहन, वीरबहादुर सिंह आदि मौजूद रहे।

### बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु किया जागरूक

**उरई।** मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के अन्तर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु जनपद जालौन की महिलाओं/बालिकाओं को पुलिस और सरकार की तरफ से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं आदि की जानकारी दी जा रही है । महिलाओं/बालिकाओं को नारी सुरक्षा/मिशन शक्ति अभियान के तहत विभिन्न हेल्प लाइन नम्बर वुमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102 एम्बुलेंस सेवा 108 व साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा थानों के सीयूजी नम्बर आदि के बारे जानकारी देते हुए 24 घण्टे पुलिस सहायता प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में अवगत कराया जा रहा है तथा विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों, जरूरी सूचनाओं, कल्याणकारी योजनाओं एवं सुरक्षा संबंधी जानकारियों सहित बुकलेट/पैम्पलेट आदि भी वितरित किये जा रहे हैं ।

## ओटीएस योजना का अधिक से अधिक उपभोक्ता ले लाभ

### बकायेदार बिल का भुगतान शीघ्र करे- एसडीओ

■ कोंच



विद्युत विभाग द्वारा ओटीएस योजना 15 दिसंबर से 31 जनवरी 2025 तक चलाई जा रही है। योजना के प्रथम चरण की अंतिम तिथि 31 दिसंबर है लेकिन अभी तक न के बराबर ही बकायेदार उपभोक्ताओं ने अपना पंजीकरण कराया है।उपखंड अधिकारी अनिरुद्ध कुमार मौर्य ने जानकारी में बताया कि उपखंड क्षेत्र में 28 हजार 467 ऐसे बकायेदार उपभोक्ता हैं जो ओटीएस की श्रेणी में आ रहे हैं, इन उपभोक्ताओं में से सिर्फ 1134 उपभोक्ताओं ने ही अपना पंजीकरण कराया है और इन उपभोक्ताओं से डेढ़ करोड़ रुपये बकाया राजस्व जमा कराया गया है। करीब 5 हजार की संख्या में कनेक्शन भी काटे गए हैं। वहीं उपखंड अधिकारी अनिरुद्ध कुमार मौर्य सहित अवर अभियंता द्वय अंकित साहनी, अमन पांडेय, टीजीटू सूरज, लिपिक आरिफ सिद्दीकी, अंशुल कुमार, वीरेंद्र, अनूप गुर्जर की देखरेख में कोंच के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में शामिल किशुनपुरा, कैलिया, घिलौर, नदीगाँव, महेशपुरा, सलैया, चमरसेना, भेंड़, तीतरा, खकल, पचीपुरी में शिविर लगाया गया। उपखंड अधिकारी ने चेतावनी देते हुए कहा है कि बकायेदार उपभोक्ता यदि पंजीकरण करा कर बकाया राजस्व जमा नहीं करते हैं तो उनके बिजली कनेक्शन काट दिए जाएंगे।

## फार्मर रजिस्ट्री कार्य की प्रगति को गाँव गाँव जाकर प्रभारी तहसीलदार ने परखा

■ कोंच

किसान सम्मान निधि का लाभ ले रहे किसानों के लिए आवश्यक फार्मर रजिस्ट्री को लेकर बीते रोज प्रभारी तहसीलदार जितेंद्र सिंह पटेल ने तहसील क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा कर चल रहे रजिस्ट्री कार्य का निरीक्षण किया और किसानों से कहा कि इस काम में लापरवाही उनका आर्थिक नुकसान करा सकती है इसलिए जल्द से जल्द अपनी अपनी फार्मर रजिस्ट्री करा लें।

प्रभारी तहसीलदार ने पनयारा, चमेंड़, विरगुवां बुजुर्ग में जाकर फार्मर रजिस्ट्री कार्य की स्थिति का जायजा लिया और किसानों को जागरूक करते हुए बताया कि फार्मर रजिस्ट्री के तहत लेखपाल एप के जरिए उनकी जमीन का पूरा ब्योरा अपलोड कर सत्यापित किया जाएगा। जिन किसानों की फार्मर रजिस्ट्री नहीं होगी उन किसान को सम्मान निधि योजना का लाभ नहीं मिलेगा।इस दौरान लेखपाल अखिलेश कुमार, योगेश सोनी आदि मौजूद रहे।

## नदीगांव थाने का निरीक्षण कर एसपी ने दिए निर्देश



**कोंच।** पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने सर्किल के नदीगांव थाने का आकस्मिक निरीक्षण किया और अधीनस्थो को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सर्दी के मौसम को देखते हुए खास सतर्कता बरतने और पिकेट व गश्त बढ़ाने को कहा।

पुलिस अधीक्षक ने इस दौरान थाना परिसर, थाना कार्यालय, सीसीटीएनएस कार्यालय, आईजीआरएस और महिला हेल्प डेस्क आदि को देखा तथा संबंधित को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। इसके अलावा थाने के अभिलेखागार में अभिलेखों की प्रविष्टियों को जांच कर सभी संबंधितों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने गश्त और पिकेट के बारे में जानकारी लेते हुए इन्हें बढ़ाने की जरूरत पर बल दिया, कहा कि सर्दी के मौसम में चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस का सक्रिय रहना जरूरी है। उन्होंने क्षेत्र के आपराधिक पृष्ठभूमि के लोगों की निगरानी करने और उनकी गतिविधियों पर नजर रखने के कड़े निर्देश दिए। महिला संबंधी अपराधों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने और जन शिकायतों में भी त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस दौरान थानाध्यक्ष दिव्यप्रकाश तिवारी सहित थाने के उप निरीक्षक मौजूद रहे।

## पूर्व प्रधानमंत्री को दी श्रद्धांजलि

■ कोंच



पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का निधन हो जाने पर देश भर में शोक व्याप्त है। इसी क्रम में सरोजिनी नायडू पार्क में नगर कॉग्रेस कमेटी ने शोकसभा आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए नमन किया।

कांग्रेस नगर अध्यक्ष राघवेन्द्र तिवारी ने कहा कि आर्थिक संकट के समय देश की अर्थव्यवस्था को संभाल कर ऊँचाई पर ले जाने के लिए उन्हें हमेशा याद किया जाएगा। मनरेगा जैसी योजना चलाकर गरीब श्रमिकों को उन्होंने जीवन जीने की राह दिखाई। सूचना का और शिक्षा का अधिकार योजना एवं न्यूक्लियर डील जैसे एतिहासिक कार्य के वह अगुवाकार रहे हैं। वह विनम्र मधुर और साफ़ सुथरी राजनीति के अहम चेहरा थे जिन्होंने कौंग्रेस पार्टी को हमेशा ताकत दी। शोकसभा में सभासद आजाद उददीन, ललिया महाराज, अनिल पटैरिया, गुड्डू अवस्थी, सुल्तान राईन, लकी दुबे, रघुवीर कुशवाहा, शकील अहमद, अजय बरार, रज्जाक अंसारी, राजू वैध, रिजवान कुरैशी, मोहित अग्रवाल, कासिम मंसूरी, जाहिद भाई, सनोवर आदि मौजूद रहे।

## गौशालाओं के औचक निरीक्षण में टंकियों के पानी की स्वच्छता के दिए निर्देश

■ कालपी-उरई



जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के निर्देश पर उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह तथा नायब तहसीलदार चंद्र मोहन शुक्ला ने ग्रामीण क्षेत्रों में घूम-घूम कर बरखेड़ा तथा हीरापुर गांवों की गौशालाओं का औचक निरीक्षण करके व्यवस्थाओ का जायजा लिया। टंकियों में में साफ पानी उपलब्ध कराने तथा स्वच्छता बनाए रखने के लिये निर्देश दिए।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण के दौरान एसडीएम शुशील कुमार सिंह ने पहुच कर वरखेरा गांव की गौशाला का निरीक्षण किया। उन्होंने गौशाला में भूसे का स्टॉक व रखरखाव देखा। परिसर में मौजूद गौवंशो की गणना करके अभिलेख से मिलान किया।पानी तथा प्रकाश व्यवस्था का भी जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान गंदगी देखकर एसडीएम ने ड्यूटी में मौजूद कर्मियों को निर्देश दिए कि परिसर में सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाए। टंकी को रोज साफ करके शुद्ध पानी भरा जाये । इससे पहले नायब तहसीलदार कालपी चंद्र मोहन शुक्ला ने महेवा विकासखंड के ग्राम हीरापुर में गौशाला का निरीक्षण कर गौवंशो की गणना करके अभिलेखों से मिलान किया। उन्होंने गौवंशो को गुड़ तथा हरा चारा अपने हाथों से खिलाया। नायब तहसीलदार ने कर्मचारियों को स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिये।

## संक्षिप्त समाचार

### मणिपुर में दो उग्रवादी गिरफ्तार, गोला-बारूद जब्त



**मणिपुर ।** मणिपुर के इंफाल पश्चिम जिले में प्रतिबंधित संगठन कंगलीपाक पीपुल्स रिवोल्यूशनरी पार्टी (प्रीपाक) के दो उग्रवादियों को जबरन वसूली में कथित संलिप्तता के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि दोनों आतंकवादियों की पहचान लीशांगथेम नेपोलियन मेइती (35) और थोकचोम अमुजाओ सिंह (33) के रूप में हुई है और इन्हें रविवार को सांगईप्रो ममांग लेइकाई से पकड़ा गया। उन्होंने बताया कि उनके पास से तीन मोबाइल फोन और 12 मांग पत्र जब्त कर लिए गए। इस बीच, पुलिस की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि सुरक्षा बलों ने चुराचांदपुर और तेंगनौपाल जिलों में तलाशी अभियान के दौरान हथियार तथा गोला-बारूद जब्त किया।

### मुठभेड़ के बाद दो बदमाशों को किया गिरफ्तार



**नोएडा ।** नोएडा पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इससे पहले अलग-अलग इलाकों में पुलिस की इन बदमाशों के साथ मुठभेड़ हुई थी। इन बदमाशों ने एनसीआर में अलग-अलग जगहों पर कई वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया है कि थाना सेक्टर 58 नोएडा पुलिस व मोबाइल स्नेचर के बीच मुठभेड़ हो गई है। 29 दिसंबर की देर रात थाना सेक्टर 58 पुलिस बल द्वारा आगामी नववर्ष के दृष्टिगत अपराधों की रोकथाम एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जयपुरिया चौराहे पर संदिग्ध व्यक्ति और वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान सामने से एक संदिग्ध मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति आता दिखाई दिया।

### मछुआरों की बोट और कार्गो शिप की हुई टक्कर



**मुंबई।** मुंबई के पास समंदर में एक और बोट हादसा हो गया। इस हादसे में मछुआरों की बोट एक कार्गो शिप से जा टकराई। हालांकि इस हादसे में फिलहाल किसी के हताहत होने की जानकारी सामने नहीं आई है। कार्गों शिप से टक्कर के बाद मछुआरों की बोट समंदर में डूबने लगी। मछुआरों को बचाने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। आसपास मौजूद मछुआरों की बोट डूबते नाव को बचाने के लिए पहुंचीं। वहीं इस घटना की जानकारी मिलते ही नेवी और कोस्ट गार्ड की टीम भी मौके पर पहुंच गई। जिसके बाद तेजी से राहत और बचाव का काम शुरू किया गया। आधिकारिक जानकारी के मुताबिक मछुआरों के डूबते बोट पर सहायता के लिए नवी और कोस्ट गार्ड की टीम कल रात से ही काम कर रही है।



उत्तरकाशी में लगातार बर्फबारी से प्रभावित सड़कों से बर्फ हटाता बर्फ हटाने वाला वाहन।

चीन से लेकर यूरोपीय संघ और फ्रांस से लेकर यूएन तक सभी ने घटना पर दुख जताया

# दक्षिण कोरिया विमान हादसे से सदमे में दुनिया चीन से लेकर ईयू तक ने जताया दुख

- दक्षिण कोरिया के मुआन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हुए भीषण विमान हादसे में 179 लोगों की मौत पर दुनिया भर में शोक

एजेंसी, सियोल

दक्षिण कोरिया के मुआन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हुए भीषण विमान हादसे के बाद दुनिया सदमे में हैं। हादसे में 179 लोगों की मौत पर दुनिया भर में शोक है। चीन से लेकर यूरोपीय संघ और फ्रांस से लेकर यूएन तक सभी ने घटना पर दुख जताया। साथ ही दक्षिण कोरिया की मदद करने की बात कही है। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने दक्षिण कोरिया के कार्यवाहक राष्ट्रपति चोई सांग-मोक को संदेश भेजा है। उन्होंने लिखा कि वे हादसे के बारे में जानकर हैरान हैं। उन्होंने कहा कि मैं पीड़ितों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं और घायलों के जल्द ठीक होने की कामना करता हूं। यूरोपीय संघ के प्रमुख उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने कहा कि मुआन में विमान दुर्घटना की तस्वीरें देखकर दुखी हूं। एक साझेदार के रूप में यूरोप दुख की घड़ी में दक्षिण कोरिया के साथ खड़ा है। फ्रांस के विदेश मंत्रालय ने कहा कि इस भयानक क्षति के बारे में जानकर बहुत दुख हुआ। वह प्रभावित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करता है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव के एंटोनियो गुटेरेस





ने घटना को लेकर कहा कि मैं बहुत दुखी हूं और इस कठिन समय में कोरिया गणराज्य के लोगों और सरकार के साथ अपनी एकजुटता व्यक्त करता हूं। दुखद घटना में घायल हुए लोगों के शीघ्र और पूर्ण स्वस्थ होने की कामना करते हैं।

### पोप फ्रांसिस ने भी जताया दुख

दक्षिण कोरिया विमान हादसे पर पोप फ्रांसिस ने दुख जताया। उन्होंने कहा कि वह जीवित बचे लोगों और मृतकों के लिए प्रार्थना करते हैं। मेरी संवेदनाएं दक्षिण कोरिया के उन अनेक परिवारों के साथ हैं जो विमान दुर्घटना के बाद शोक में हैं। जर्मनी ने भी हादसे पर दुख जताया। जर्मनी के राष्ट्रपति फ्रैंक वाल्टर स्टीनमीयर ने कहा कि हादसा सियोल में कई सप्ताह तक चली राजनीतिक उथल-पुथल के कठिन दौर के बाद राष्ट्र के दिल पर एक और आघात है। यह मारे गए लोगों के मित्रों और परिवारों के लिए एक अविश्वसनीय क्षति और पीड़ा है। वहीं ग्रीस के विदेश मंत्रालय ने कहा कि घटना से हम दुखी हैं और अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हैं।

**दुखद घटना में घायल हुए लोगों के शीघ्र और पूर्ण स्वस्थ होने की कामना करते हैं**

### ईरान, इस्राइल ने भी जताई संवेदना

घटना को लेकर ईरान ने भी संवेदना जताई है। ईरान विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता एस्माईल बाघेई ने पीड़ितों के परिवारों और दुखद घटना में घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। वहीं इस्राइल के विदेश मंत्री गिदोन सार ने कहा कि दुर्घटना के बारे में सुनकर गहरा दुख हुआ और पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा कि कठिन समय में इस्राइल दक्षिण कोरिया के साथ खड़ा है। इसके अलावा सऊदी अरब के विदेश मंत्रालय ने कहा कि पीड़ितों के परिवारों और कोरिया गणराज्य की सरकार और जनता के प्रति सऊदी अरब की ओर से हार्दिक संवेदना और सहानुभूति व्यक्त की जाती है।

### वायु परिवहन संघ ने भी दुख व्यक्त किया

340 एयरलाइनों का प्रतिनिधित्व और हवाई यातायात का 80 प्रतिशत हिस्सा वहन करने वाले अंतरराष्ट्रीय वायु परिवहन संघ ने कहा कि हम जेजू एयर की उड़ान 7C2216 के दुर्घटनाग्रस्त होने से स्तब्ध और दुखी हैं। हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं विमान के यात्रियों, चालक दल और उनके प्रियजनों के साथ हैं।

### एच-1B वीजा कार्यक्रम में बड़े सुधार की जरूरत

**नई दिल्ली।** अमेरिका में एलन मस्क ने एच-1 बी वीजा को लेकर बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका में कुशल विदेशी श्रमिकों को लाने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली प्रणाली टूट गई है और इसमें बड़े सुधार की जरूरत है। उनका कहना है कि वह एच-1बी वीजा कार्यक्रम को बचाने के लिए युद्ध तक कर सकते हैं। मस्क और भारतीय-अमेरिकी तकनीकी उद्यमी विवेक रामास्वामी हाल ही में आप्रवासन के ध्रुवीकरण मुद्दे पर अमेरिकी राष्ट्रपति-चुनाव डोनाल्ड ट्रंप के समर्थकों के साथ भिड़ गए हैं। एलन मस्क जो खुद एच-1बी पर दक्षिण अफ्रीका से आए थे। उन्होंने सोशल मीडिया साइट एक्स पर एक पोस्ट किया, उन्होंने कहा कि एच-1बी कार्यक्रम टूट गया है और बड़े सुधार की आवश्यकता है।

डेमोक्रेट्स के बीच दौड़ से उनके हटने की मांग तेज हो गई थी

## जो बाइडन को राष्ट्रपति पद की दौड़ से हटने का पछतावा

एजेंसी, वॉशिंगटन

डोनाल्ड ट्रंप को अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में चुना गया है। वह 20 जनवरी 2025 को अपना पद संभालेंगे। इस बीच, एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि हाल ही में हुए राष्ट्रपति के चुनाव में जो बाइडन रिपब्लिकन नेता ट्रंप को हरा सकते थे। बाइडन को अभी भी 2024 की राष्ट्रपति पद की दौड़ से हटने का पछतावा है। बाइडन ने गर्मियों में, पहली बहस में खराब प्रदर्शन और कम अनुमोदन रेटिंग के बाद 21 जुलाई को अपने अभियान से हटने का ऐलान किया था, क्योंकि डेमोक्रेट्स के बीच दौड़ से उनके हटने की मांग तेज हो गई थी। उन्होंने उपराष्ट्रपति कमला हैरिस




को समर्थन देने में भी देरी की, जिससे हैरिस को ट्रंप के खिलाफ लड़ाई के लिए सिर्फ तीन महीने का समय मिला। हैरिस अंततः 2.2 मिलियन वोटों से हार गईं। सूत्रों ने वाशिंगटन पोस्ट को बताया कि बाइडन ने हाल ही में विश्वास व्यक्त किया था कि उनके अभियान में आने वाली चुनौतियों के बावजूद, वह नवंबर में ट्रंप को हरा सकते थे। राष्ट्रपति बाइडन ने उपराष्ट्रपति हैरिस को अपनी वापसी के लिए जिम्मेदार ठहराने से इनकार किया है। बाइडन ने अपने सलाहकारों के सामने स्वीकार किया है कि उन्होंने कुछ गलत फैसले लिए, जैसे कि मेरिक गारलैंड को अटॉर्नी जनरल के रूप में चुनना।

### नई तकनीकी सर्विलांस से नहीं बच पाएंगे घुसपैठी

**जम्मू।** अंतरराष्ट्रीय सीमा पर अक्सर सर्दियों में धुंध की आड़ में आतंकी घुसपैठ का षड्यंत्र रचते हैं, लेकिन विंटर मैनेजमेंट स्ट्रेटेजी (सर्द प्रबंधन रणनीति) प्रभावी होने से आतंकी अब सुरक्षाबल और आधुनिक उपकरणों की नजर से बच नहीं पाएंगे। यह रणनीति घुसपैठ करने वाले आतंकियों पर कड़े प्रहार के लिए बनाई है। सीमा पर जवानों को स्पष्ट निर्देश हैं कि कोहरे की आड़ में सीमा के पास आने वाले दुश्मन को गोली मार दी जाए। नियंत्रण रेखा पर भारी हिमपात के बाद आतंकी जम्मू में धुंध से घिरे मैदानी इलाकों में घुसपैठ की कोशिश करते हैं। धुंध में किसी को देखना संभव नहीं होता। ऐसे में सीमा की सुरक्षा ऑडिट के बाद सुरक्षा की कमियां दूर करने के साथ फेंसिंग के हर हिस्से पर अतिरिक्त नाके लगाए हैं।

श्री राम जन्मभूमि मंदिर तीन मंजिला है

## राममंदिर में लगायी जाएंगी लिफ्ट



एजेंसी, अयोध्या

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट द्वारा अयोध्या में भगवान राम के मंदिर परिसर में तीन लिफ्ट लगायी जाएंगी ताकि श्रद्धालुओं को पहली मंजिल तक पहुंचने में कोई दिक्कत ना हो। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य अनिल मिश्रा ने शनिवार देर शाम संवाददाताओं से कहा, ''हमने आपको पहले भी बताया है कि श्री राम जन्मभूमि मंदिर तीन मंजिला है। भूतल पर रामलला विराजमान हैं। पहली मंजिल पर भगवान का दरबार होगा। उसके ऊपर भी एक मंजिल होगी, अभी यह तय नहीं है कि उसमें क्या होगा।'' मिश्रा ने कहा, ''राम दरबार के दर्शन करने वाले लोग सीढ़ियों का उपयोग करके जा सकते हैं। जो लोग ऊपर जाना चाहते हैं लेकिन सीढ़ियों के सहारे नहीं जा सकते, उनके लिए हमने बहुत पहले से परकोटे से मंदिर तक जाने की व्यवस्था की है। मंदिरों के गलियारों को जोड़ने वाला परकोटा बनकर तैयार हो जाएगा। जो लोग दर्शन के लिए ऊपर जाना चाहते हैं, वे मंदिर के पीछे से जाएंगे। वहां लिफ्ट लगाने की व्यवस्था की जा रही है।'' मिश्रा ने कहा, ''जब परकोटा बन जाएगा, तो लिफ्ट लगाई जाएगी। निर्माण एजेंसी लिफ्ट लगाने की व्यवस्था कर रही है। दो लिफ्ट लगाई जाएंगी। एक लिफ्ट बड़े आकार की होगी, जिसका उपयोग व्हील चेयर से आने वाले श्रद्धालु कर सकेंगे। इस तरह से उत्तर दिशा में एक लिफ्ट होगी, जहां से वीआईपी प्रवेश होता है। आने वाले प्रमुख लोगों और संतों के लिए एक छोटी लिफ्ट लगाई जाएगी। इस तरह से परकोटे में तीन लिफ्ट की व्यवस्था की जा रही है। मिश्रा के अनुसार, परकोटा मंदिरों के गलियारों को जोड़ता है। अयोध्या में तुलसी उद्यान के पास एक होटल चलाने वाले प्रज्ज्वल सिंह ने इस घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''राम मंदिर ट्रस्ट द्वारा लिफ्ट लगाने का कदम बुजुर्गों और शारीरिक रूप से अक्षम लोगों की मदद के लिए उठाया गया है।

## लोकसभा में बदले समीकरण, मोदी 4 जून से ज्यादा मजबूत

**बंगाल और दिल्ली में कांग्रेस की इन दोनों दलों के साथ मुस्लिम वोट बैंक की होड़ लगी है। इसलिए वे तीनों मुस्लिम वोट बैंक को एक दूसरे से ज्यादा मस्लिम परस्त दिखाने की कोशिश कर रहे हैं।**

इंडिया गेट से



अजय सेतिया की कलम से

राहुल गांधी की मुस्लिम ईसाई राजनीति के चलते इंडी गठबंधन तीन टुकड़े होने जा रहे हैं। कम से कम 17 सांसदों ने अपने नेताओं को बता दिया है कि वे संसद में राहुल गांधी की मुस्लिम ईसाई राजनीति का टूल नहीं बन सकते। कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने जिस तरह वक्फ बोर्ड की जेपीसी में बवाल काटा है, उससे हिन्दू सांसद खुद को असहज महसूस कर रहे हैं, क्योंकि उनके निर्वाचन क्षेत्र से उनके कार्यकर्ता वक्फ बोर्ड पर उनका स्टैंड पूछ रहे हैं। बंगाल और दिल्ली में कांग्रेस की इन दोनों दलों के साथ मुस्लिम वोट बैंक की होड़ लगी है। इसलिए वे तीनों मुस्लिम वोट बैंक को एक दूसरे से ज्यादा मस्लिम परस्त दिखाने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन हिन्दू वोट बैंक की किसी को चिंता नहीं है, जो महाराष्ट्र में एक तरफा भाजपा और शिंदे की शिव सेना के साथ चला गया। आप समझ गए होंगे कि मैं किन 17 सांसदों की बात कर रहा हूं। जिन्हें अपनी जमीन खिसकती दिखाई दे रही है। ये हैं उद्धव शिवसेना के 9 सांसद और शरद पवार की एनसीपी के आठ सांसद। इन सत्रह सांसदों को लगता है कि राहुल गांधी बंगाल और दिल्ली में मुस्लिम वोट बैंक की राजनीति कर रहे हैं, लेकिन महाराष्ट्र में वीर सावरकर के खिलाफ बोल कर उनकी मराठा हिन्दू वोट बैंक की राजनीति खराब कर रहे हैं। इस लिए दोनों दलों के सांसदों ने अपने अपने नेताओं को बता दिया है कि वे वक्फ बोर्ड संशोधन बिल पर उन के निर्देशों का पालन नहीं कर पाएंगे। आप ने देखा होगा कि शरद पवार के जन्म दिन के बाद उनकी बेटी सुप्रिया सुले के तेवर बदल गए हैं। शरद पवार के जन्मदिन पर अजीत पवार और उनकी पत्नी सुनेत्रा भी शामिल हुई थी। इसके बाद अजीत पवार के सामने चुनाव लड़ने वाले उनके भतीजे युगेंद्र पवार ने पुनर्गणना की अपनी याचिका वापस ले ली है। सुप्रिया सुले ने यह एलान किया कि उनके निर्देश पर युगेंद्र ने रि-काउंटिंग की याचिका वापस ले ली है। दूसरी बड़ी घटना यह हुई है कि सुप्रिया सुले ने ईवीएम पर सवाल उठाने का मजाक उड़ाया। जबकि अपने जन्मदिन से पहले शरद पवार ने खुद मुम्बई में एलान किया था कि वह दूसरे दलों से बात करके यह मामला सुप्रीम कोर्ट ले जाएंगे। दिल्ली आ कर उन्होंने एक मीटिंग भी की, जिसमें इंडी एलायंस के सारे दल शामिल हुए थे। कांग्रेस की तरफ से अभिषेक मनु सिंघवी और आम आदमी पार्टी की तरफ से अरविन्द केजरीवाल गए थे। अरविन्द केजरीवाल को शक है कि भाजपा उन्हें ईवीएम से हरवा देगी। इस बीच दो घटनाएं हुई, एक तो शरद पवार का जन्मदिन था, दूसरा शरद पवार की नरेंद्र मोदी से मुलाक़ात भी हुई है। इसलिए सुप्रिया सुले का बदला हुआ स्टैंड आने वाली राजनीति की और इशारा है। सुप्रिया सुले ने कहा कि जिस ईवीएम से वह खुद चार बार चुनाव जीती हैं, उसे खराब कैसे कह सकती हैं। दूसरे राहुल गांधी और प्रियंका वाड्रा भी इसी ईवीएम से जीते हैं। उन्होंने ईवीएम वोटिंग से ही कांग्रेस की सीटें बढने का जिक्र भी किया। उनका यह बयान इशारा करता है कि सांसदों के दबाव में दोनों एनसीपी के विलय की बात चल रही है। उधर उद्धव ठाकरे भी छटपटा रहे हैं, क्योंकि हिंदुत्व की लाइन छोड़कर उन्हें भविष्य में नुक्सान होता दिख रहा है। हालांकि शिवसेना में विलय की संभावना फिलहाल न के बराबर है, लेकिन उद्धव ठाकरे के सांसदों का दबाव है कि वे वक्फ बोर्ड पर उनके निर्देशों का पालन नहीं करेंगे। अरविन्द केजरीवाल को ऐसा कोई खतरा नहीं है कि उनके सांसद भाजपा के साथ चले जाएंगे इसलिए वह खुलकर मुस्लिम वोटों की राजनीति कर रहे हैं। उनकी कांग्रेस के साथ मुस्लिम वोटों की टक्कर तेज हो गई है, वह चाहते थे कि कांग्रेस चुनावों को फ्रेंडली मैच की तरह लड़ ले, लेकिन कांग्रेस ने हमलावर रूख अपना लिया है, जिस पर आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस को 24 घंटे का नोटिस दिया था, लेकिन कांग्रेस को 24 घंटे की धमकी देने के 72 घंटे बाद भी उनकी जुबान को ताला लगा है। उनके पास इसके सिवा कोई चारा नहीं कि वह इंडी एलायंस से किनारा कर लें। इस तरह कहीं हिन्दू वोट बैंक के लिए तो कहीं मुस्लिम वोट बैंक के लिए इंडी एलायंस में दरार चौड़ी हो गई है। इस बीच कांग्रेस के कई हिन्दू सांसद भी यह महसूस करने लगे हैं कि उसका नेतृत्व यानी सोनिया गांधी और राहुल गांधी मणिपुर में क्रिश्चियन राजनीति कर रहे हैं। इस लिए कांग्रेस के भीतर से भी दबाव बन रहा है कि धार्मिक और जातिवाद की राजनीति से कांग्रेस को ही नुक्सान होगा। यह एक तरह से राहुल गांधी के खिलाफ बगावत है।

देश 2025 में अनाज उत्पादन में नई ऊंचाइयों को छूने के लिए तैयार

# 2025 में 16.47 करोड़ टन के नए शिखर पर पहुंचेगा अनाज उत्पादन



एजेंसी, नई दिल्ली

अनुकूल मानसून के कारण देश 2025 में अनाज उत्पादन में नई ऊंचाइयों को छूने के लिए तैयार है। हालांकि, दलहन व तिलहन उत्पादन में महत्वपूर्ण चुनौतियां बनी हुई हैं, क्योंकि कृषि क्षेत्र में मजबूत सुधार के संकेत दिख रहे हैं। कृषि मंत्रालय के शुरुआती अनुमान अनुकूल तस्वीर पेश करते हैं। इसके तहत जून, 2025 को समाप्त होने वाले फसल वर्ष 2024-25 के लिए खरीफ अनाज उत्पादन रिकॉर्ड 16.47 करोड़ टन पहुंचने का अनुमान है। कृषि सचिव देवेश चतुर्वेदी ने कहा, कृषि क्षेत्र की वृद्धि दर 2024-25 में 3.5-4 फीसदी रहने का अनुमान है, जो बीते वित्त वर्ष में 1.4 फीसदी थी। सचिव ने कहा, सामान्य बारिश के कारण खरीफ की फसल अच्छी रही। कुल मिलाकर, पूरे वर्ष के लिए फसल की संभावना आशाजनक दिख रही है। हालांकि, फरवरी-मार्च में संभावित गर्मी की लहर सर्दियों की गेहूं की फसल को प्रभावित कर सकती है।

**कृषि मंत्रालय के शुरुआती अनुमान अनुकूल तस्वीर पेश करते हैं**

### प्याज और टमाटर की पैदावार हुई प्रभावित

कृषि अर्थशास्त्री एस महेंद्र देव ने कहा, कृषि क्षेत्र में इस वृद्धि की प्रमुख वजह अच्छा मानसून और ग्रामीण मांग में सुधार है। यह वृद्धि महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और राजस्थान के कुछ हिस्सों में बाढ़ व सूखे की वजह से फसलों के प्रभावित होने के बावजूद हुई है। जलवायु परिवर्तन से प्रेरित मौसम संबंधी विसंगतियों ने विशेष रूप से कुछ क्षेत्रों में प्याज और टमाटर की पैदावार को प्रभावित किया है।

### 2.93 करोड़ हेक्टेयर में गेहूं की बुवाई

कृषि मंत्रालय ने अपने अनुमान में कहा, सर्दियों की फसल की बुवाई में लगातार प्रगति हुई है। दिसंबर, 2024 के मध्य तक 2.93 करोड़ हेक्टेयर में गेहूं की बुवाई हुई है। इस दौरान कुल रबी (सर्दियों) की फसलें 5.58 करोड़ हेक्टेयर में फैली हैं। बागवानी क्षेत्र ने भी उल्लेखनीय प्रगति दिखाई है। फलों और सब्जियों का रिकॉर्ड उत्पादन हुआ है।

CMYK

संपादकीय

# बिहार में कयासों का दौर

**बिहार** में एक बार फिर कयासों का दौर शुरू हो गया है। अटकलें लगाई जाने लगीं हैं कि नीतीश कुमार एक बार फिर पलटी मार सकते हैं। कयासों और अटकलों में कितना दम है, यह नहीं मालूम, लेकिन तेजस्वी यादव ने नीतीश के राजद के साथ आने को बकवास करार दिया है। नीतीश कुमार जब राजद से अलग होकर भाजपा के साथ आए थे, तब उन्होंने कहा था कि अब कहीं नहीं जाएंगे। लालू यादव के करीबी और राजद विधायक भाई वीरेंद्र ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को महागठबंधन में आने का ऑफर दिया था। उन्होंने कहा था कि राजनीति में कुछ भी संभव है। राजनीति में कोई हमेशा के लिए न तो दोस्त होता है और न ही दुश्मन। राजद विधायक के इस बयान के बाद ही प्रदेश की सियासत गरमा गई और कयासों का दौर शुरू हो गया। बिहार में जिस तरह के बदलाव हुए हैं, उनसे भी ऐसे संकेत मिल रहे हैं कि जेडीयू और भाजपा के बीच सब कुछ ठीक नहीं है। बिहार में एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक फेरबदल हुआ है। नीतीश कुमार के दिल्ली दौरे से पहले 62 आईपीएस अधिकारियों का तबादला कर दिया गया। इस कदम के साथ ही करीब 40 आईएएस अधिकारियों के तबादले से राजनीतिक मंशा के बारे में अटकलें लगाई जा रही हैं। हर किसी के मन में यह सवाल है कि इन व्यापक प्रशासनिक बदलावों का बिहार के राजनीतिक परिदृश्य पर क्या असर होगा? तबादलों का समय नीतीश कुमार की कांग्रेस नेताओं के साथ अपेक्षित बैठकों से मेल खाना भी चर्चा का विषय बना हुआ है। भाजपा के करीबी माने जाने वाले अधिकारियों को हटाए जाने के बाद से भी अटकलें तेज हुईं हैं। सवाल है कि क्या वास्तव में ही नीतीश कुमार की एनडीए छोड़ने की कोई मंशा है? महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे के साथ जो कुछ हुआ है, उससे भी नीतीश कुमार को लगा होगा कि अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा जेडीयू को कमजोर करके खुद ऊपर आ सकती है। सवाल यह है कि भाजपा कब तक कम विधायक वाले नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बनाए रखेगी? इस तरह के सवाल बिहार के भाजपा नेता अपने केंद्रीय नेतृत्व से जरूर पूछ रहे होंगे। जैसे-जैसे घटनाक्रम सामने आ रहे हैं, बिहार का राजनीतिक परिदृश्य संभावित रूप से परिवर्तनकारी बदलावों के लिए तैयार है। भले ही तेजस्वी यादव ने नीतीश के राजद के साथ आने को बकवास या अफवाह कहा हो, लेकिन यह नहीं भूलना चाहिए कि सियासत में जो दिखता है, वह होता नहीं, जो दिखता नहीं, वह हो जाता है।

**भाजपा कब तक कम विधायक वाले नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बनाए रखेगी? इस तरह के सवाल बिहार के भाजपा नेता अपने केंद्रीय नेतृत्व से जरूर पूछ रहे होंगे।**

पाठकवाणी

## मनमोहन सिंह के सम्मान का नाटक!

**इसमें** कोई संदेह नहीं कि दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह एक ईमानदार, एक बेहतरीन अर्थशास्त्री और देश की अर्थव्यवस्था के सुधारक के रूप में सदैव स्मरणीय रहेंगे। लेकिन इस सच्चाई को भी नहीं नकारा जा सकता कि सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने उन्हें दस वर्षों तक एक कठपुतली की तरह प्रयोग किया। मृत्योपरान्त कांग्रेस द्वारा उनके सम्मान का प्रश्न उठाना कांग्रेस का निरा पाखंड है, क्योंकि राहुल गांधी के अनुचित हस्तक्षेप के चलते ही उन्होंने अपने दूसरे कार्यकाल में त्यागपत्र देने का मन बना लिया था, यह पूरा देश जानता है। मनमोहन सिंह की सरकार द्वारा पारित अध्यादेश की प्रति को संसद की सीढ़ियों पर फाड़कर राहुल गांधी ने मनमोहन सिंह के सम्मान को श्रद्धांजलि दे दी थी, यह भी सभी जानते हैं। यह अपमान मनमोहन सिंह का क्यों हुआ था, क्योंकि वो गैर गांधी-नेहरू परिवार से बने प्रधानमंत्री थे। ऐसा नहीं कि यह अपमान केवल उन्हीं का हुआ था, स्वर्गीय पीवी नरसिम्हा राव भी वैसे ही भुक्तभोगी रहे हैं। उनकी तो मृत देह को भी सोनिया गांधी ने कांग्रेस मुख्यालय तक में अंतिम दर्शन के लिए नहीं रखने दिया था। यही नहीं उनका अंतिम संस्कार भी दिल्ली में करने की अनुमति सोनिया गांधी ने नहीं दी थी। आज वो परिवार मनमोहन सिंह को जिस सम्मान का प्रश्न उठा रहा है वह नाटक के सिवा कुछ नहीं।

**-डॉ नरेन्द्र टोंक**, मेरठ।

कुछ खास



चंद दिनों पूर्व तक चिराग पासवान, मांझी, सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा नीतीश जी को मानसिक रूप से अस्वस्थ बताते थे। अब वो स्वस्थ कैसे हो गए? बिहार में केवल सीएम के चेहरे का प्रयोग किया जा रहा है। मुख्यमंत्री अब निर्णय लेने लायक नहीं रह गए हैं।

**-तेजस्वी यादव**, राजद प्रमुख

आज का ट्वीट



''मनमोहन सिंह को एक सही स्मारक से वंचित करके भाजपा सरकार ने उनका का अपमान किया है। महान नेताओं का अपमान करने का दाग इतिहास से कभी फीका नहीं होता।''

**-एमके स्टालिन**

# आयुष्मान बन गई घोटाला स्कीम

सामयिक



**शाहीन सबा**

**जिन लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाता वे शारीरिक रूप से स्वस्थ होते थे। इसके बाद आयुष्मान योजना के तहत ऑपरेशन किया जाता था। क्राइम ब्रांच के ज्वाइंट कमिश्नर शरद सिंघला बताते है कि उन्होंने आरोपियों की कहानी का सच जानने के लिए अपना आयुष्मान कार्ड बनाने को कहा तो आरोपियों ने 15 मिनट में ज्वाइंट कमिश्नर का आयुष्मान कार्ड बनाकर दे दिया।**

देश में कई संस्थाए फ्री मेडिकल चेकअप गरीब जनता के लिए भलाई के लिए लगाती हैं और इन कैंपों से कैंप में भाग लेने वाली गरीब जनता को बहुत लाभ भी मिलता है। इन कैंपों से गरीब जनता को फ्री जांच, डाक्टरी सलाह, इलाज आदि मिल जाते हैं। कई बार तो बड़े बड़े ऑपरेशन भी फ्री में हो जाते हैं। पर हाल ही में गुजरात के अहमदाबाद में एक बड़ा स्वास्थ्य घोटाला सामने आया है, जिसमें फर्जी तरीके से मेडिकल चेकअप लगाकर व आयुष्मान कार्ड बनाकर लोगों के ऑपरेशन किए गए। इस घोटाले के कारण दो लोगों की मौत हो गई और सात लोगों की जिंदगी भी खतरे में पड़ गई।

बताया जाता है कि गुजरात के कई ख्याति हॉस्पिटल ने कई हेल्थ चेकअप कैंप लगाए थे, जिनमें से कुछ मेहसाणा के बोरीसाणा गांव में आयोजित किए गए थे। इन कैंपों में डॉक्टरों ने लोगों को यह बता दिया कि उनके दिल में समस्याएं हैं और उन्हें एंजियोप्लास्टी की आवश्यकता है। इसके बाद, सात मरीजों को ऑपरेशन किया गया और उनमें से दो की ऑपरेशन के बाद मौत हो गई। जब मरीजों के परिजनों ने इस घटना पर हंगामा किया, तो यह मामला सामने आया।

चूंकि प्रधानमंत्री जनआरोग्य योजना, जिसे आमतौर पर आयुष्मान भारत योजना के नाम से जाना जाता है, का उद्देश्य गरीब और जरूरतमंद लोगों को मुफ्त स्वास्थ्य सेवा देना है। लेकिन अब यह योजना इन हॉस्पिटलों के घोटाले का शिकार हो गई है, जिसमें कई लोगों के जीवन से खेला गया। अहमदाबाद पुलिस की क्राइम ब्रांच ने एक गिरोह के 8 लोगों को गिरफ्तार किया है, जो 1500 रुपये लेकर 15 मिनट में किसी का भी आयुष्मान कार्ड बना देते थे। इस गिरोह में अस्पताल मालिक, डॉक्टर और आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए अधिकृत वेंडर शामिल थे। यह गिरोह लोगों का स्वास्थ्य चेकअप कैंप लगाकर, उन्हें फर्जी बीमारियों का शिकार बताकर अस्पताल में भर्ती कर देता था। इसके बाद, अगर मरीज के पास आयुष्मान कार्ड था, तो उसे तुरंत आईसीयू में भर्ती किया जाता था और ऑपरेशन कर दिया जाता था। यदि मरीज के पास कार्ड नहीं था, तो उसे इमरजेंसी के नाम पर कार्ड बनवाया जाता था, और फिर ऑपरेशन कर दिया जाता था। इसके बाद, सारे बिल सरकार को भेजकर पैसा निकाल लिया जाता था।





अब तक इस गिरोह ने लगभग 3000 आयुष्मान कार्ड बनाए हैं और इसके जरिए प्रधानमंत्री जनआरोग्य योजना के तहत 16 करोड़ रुपये निकाल चुका है। जांच में यह भी सामने आया कि ख्याति हॉस्पिटल का मालिक, अस्पताल के डॉक्टर, और कुछ एजेंसी के कर्मचारी इस गिरोह में शामिल थे। इस मामले के पर्दाफाश के बाद, पुलिस ने ख्याति अस्पताल को ब्लैकलिस्ट कर दिया है और इस घोटाले में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है।

आयुष्मान योजना के तहत, सरकार गरीबों को पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज देने का वादा करती है। यह योजना उन लोगों के लिए है जो खाद्य सुरक्षा योजना या किसी अन्य सरकारी योजना में रजिस्टर्ड होते हैं। आमतौर पर आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया काफी सरल होती है। अगर किसी का नाम सरकारी योजना में दर्ज होता है, तो केवल आधार कार्ड की कॉपी अपलोड करने से कार्ड बन जाता है। लेकिन इस घोटाले में, एजेंसी और अस्पताल के मालिक ने इस प्रक्रिया का गलत तरीके से फायदा उठाया। दरअसल गरीबों को आयुष्मान कार्ड बनाने में दिक्कत न हो, इसलिए आवेदन करने की प्रक्रिया बेहद साधारण है। अगर किसी का नाम खाद्य सुरक्षा योजना या गरीबों के लिए चलने वाली किसी भी योजना के तहत दर्ज है, तो आयुष्मान पोर्टल पर जाकर सिर्फ आधार कार्ड की कॉपी अपलोड करनी पड़ती है। अगर डेटा मैच हो गया तो तुरंत आयुष्मान कार्ड बन जाता है। लेकिन अगर किसी का डेटा मैच न हो या फिर उसका नाम किसी योजना में रजिस्टर न हो तो ऐसे लोगों को अपने डॉक्यूमेंट के वेरिफिकेशन के लिए आयुष्मान कार्ड सेंटर जाना होता है।

डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन का काम सरकार ने प्राइवेट एजेंसीस को दे रखा है। ख्याति हॉस्पिटल के मालिक ने इस एजेंसी के साथ सांठगांठ कर रखी थी। जिन लोगों के पास आयुष्मान कार्ड नहीं होता था, उन्हें भर्ती करने के बाद सबसे पहले इस एजेंसी के पास उनके दस्तावेज भेजे जाते थे। इसके बाद 15 मिनट में आयुष्मान कार्ड बनकर आ जाता था। बात इतनी ही नहीं जिन लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाता वे शारीरिक रूप से स्वस्थ होते थे। इसके बाद आयुष्मान योजना के तहत ऑपरेशन किया जाता था। क्राइम ब्रांच के ज्वाइंट कमिश्नर शरद सिंघला बताते है कि उन्होंने आरोपियों की कहानी का सच जानने के लिए अपना आयुष्मान कार्ड बनाने को कहा तो आरोपियों ने 15 मिनट में ज्वाइंट कमिश्नर का आयुष्मान कार्ड बनाकर दे दिया।

गुजरात पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की जांच में यह मामला सामने आया। अहमदाबाद के ज्वाइंट कमिश्नर शरद सिंघला ने अपने आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए आरोपियों से संपर्क किया और उन्हें 15 मिनट में कार्ड तैयार कर दिया गया। इस घटना के बाद, पुलिस ने इस गिरोह के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी। इसके अलावा, आयुष्मान कार्ड बनाने वाली कंपनी के कर्मचारियों ने भी भ्रष्टाचार के तहत कार्ड बनाने का काम किया था।

इस घोटाले के खुलासे के बाद, केंद्र सरकार को आयुष्मान योजना के पोर्टल को अपडेट करने की जरुरत है सुनिश्चित किया जाए भविष्य में ऐसे मामलों को रोका जा सके। इसके अलावा, गुजरात के सभी अस्पतालों का ऑडिट करना जरूरी है इस घोटाले ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि भ्रष्टाचार करने वाले लोग किसी भी योजना का फायदा उठा सकते हैं और इसके जरिए आम लोगों के जीवन से खिलवाड़ कर सकते हैं।

मरीजों के परिजनों ने बताया कि अस्पताल ने बिना किसी अनुमति के ऑपरेशन किया और इसके लिए उनसे अतिरिक्त पैसे भी वसूले। एक मरीज के बेटे ने बताया कि उनके पिता का ऑपरेशन बिना उनकी सहमति के किया गया और 14 हजार रुपये अलग से वसूले गए। इस पूरे मामले के दौरान, अस्पताल के मेडिकल प्रशासन से संपर्क किया गया, लेकिन उन्होंने जवाब देने से इंकार कर दिया और कहा कि वे जांच के दौरान पुलिस से ही बात करेंगे।

यह घोटाला यह साबित करता है कि आयुष्मान योजना का उद्देश्य नेक था, लेकिन भ्रष्टाचार और लालच ने इसे बुरी तरह से नुकसान पहुंचाया। सरकार को इस प्रकार के मामलों पर कड़ी निगरानी रखनी चाहिए, ताकि गरीबों को मिलने वाली चिकित्सा सुविधाएं सही मायने में उन्हें मिल सकें। अगर किसी को इस योजना में गड़बड़ी का सामना हो या कोई भी योजना का दुरुपयोग देखे, तो उन्हें इसकी सूचना सरकार को देनी चाहिए। गुजरात का तो यह कांड तो केवल एक उदहारण है , ऐसे कांड देश के किसी भी शहर में हो सकते है।

# विश्व में 2025 में करना है ऐसा धमाल- दुनियाँ कहे वाह रे भारत माता के लाल!- भारत ने 2024 में बौद्धिक क्षमता व नेतृत्व से किया कमाल

## 2025 की बारी-विश्व गुरु बनने की तैयारी-अद्भुत रही वर्ष 2024 से यारी

**हर देशवासी को 2025 की सफलताओं की गाथाओं का ऐसा इतिहास रचना होगा कि दुनियाँ के रोंगटे खड़े हो जाएं, कहें वाह रे भारत के लाल तूने कर दिया कमाल!- एडवोकेट सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र**



**एडवोकेट सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र**

**गोंदिया-** वैश्विक स्तरपर दुनियाँ का हर देश नए आगंतुक वर्ष 2025 को सैल्यूट करने के लिए बेसब्री से इंतजार राहत के यह नया वर्ष उनके लिए खुशियों का बेशुमार तोहफा लेकर आए। वैश्विक स्तरपर वर्ष 2024 को विदा होने में अभी कुछ पल शेष हैं, परंतु मेरा मानना है कि हमें समझ लेना है कि भारत में सफलताओं के झंडे गाड़ने वाले वर्ष 2024 सभी साथ मिलकर शुकराना अदा करें। हमें इतना सामर्थ्य बल प्रदान किया कि सभी क्षेत्रों में सफलताओं के ऐसे झंडे गाड़े कि विश्व की निगाहें भारत की ओर मुड़ गई कि आखिर इतनी भारी सफलताओं का राज क्या है?क्योंकि न केवल 142.6 करोड़ विशाल जनसांख्यिकीय तंत्र का कुशल नेतृत्व बल्किआर्थिक,सामाजिक राजनीतिक नेतृत्व के गुणों की सुगंध को सारी दुनियाँ की नजरों में ले जाकर वैश्विक मंचों पर फिजिकली जाकर अपेक्षाकृत अधिक प्रतिष्ठा और मान सम्मान पाया! विश्व की नजरें 2024 से भारत के प्रति बदल गई। वैश्विक नेताओं के भारत के प्रति बॉडी लैंग्वेजेस बदल गए। हर अंतरराष्ट्रीय मंच पर अमेरिका ब्रिटेन ऑस्ट्रेलिया जैसे राष्ट्राध्यशों की नजरें भारतीय पीएम को ढूंढते नजर आई। इसलिए हमें वर्ष 2024 का शुकराना अदा करना होगा क्योंकि अगर हम साल 2024 के पन्नों को पलट कर देखेंगे, तो इस साल में हमनें कई उपलब्धियां हासिल की है, जिसने देश का न सिर्फ मान बढ़ाया बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तरपर भी अलग पहचान दी है। अब आने वाले नए वर्ष 2025 वर्ष के लिए अभी से ही हर देशवासी को सफलताओं का सटीक इतिहास रचने का ऐसा रोडमैप बनाएं और क्रियान्वयन करें ताकि वर्षांत तक विश्व गुरु बनने का सपना साकार करने में पुरजोर मेहनत दिखे कि इंडिया जो कहता है वह करके दिखाता है। साथियों बात अगर हम वर्ष 2024 के साथ ऐतिहासिक यारी और आर्थिक क्षेत्र में शुकराने के कारणों की करें तो हमें, तमाम चुनौतियों के बावजूद देश में आर्थिक विकास को गति मिल रही है। वैश्विक स्तर पर भारत बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभर रहा है। आत्मनिर्भर भारत बनाने की दिशा में शुरू किए गए प्रयासों का अब असर दिखाई देना लगा है। मेक इन इंडिया के तहत दुनिया भर की कंपनियां अब भारत में आ रही है और यहां पर अपने उत्पाद तैयार कर रही हैं। जीएसटी कलेक्शनः टैक्स कलेक्शन के मोर्चे पर भारी तेजी देखने को मिल रही है।अप्रैल 2024 में जीएसटी कलेक्शन 2.10 लाख करोड़ के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया। नवंबर में यह 1.82 लाख करोड़ का रहा है। विदेशी मुद्रा भंडारः 20 सितंबर को विदेशी मुद्रा भंडार 2.84 अरब डॉलर बढ़कर 692.30 अरब डॉलर के रिकॉर्ड पर पहुंचा। सितंबर में मुद्रा भंडार 22.3 करोड़ डॉलर बढ़कर 689.46 अरब डॉलर की नई ऊंचाई पर पहुंचा था। आंकड़ों में सबसे कम बेरोजगारीः वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही में शहरी बेरोजगारी की दर घटकर 6.4 प्रतिशत पर आ गई है। यह 2017 से संकलित किए जा रहे आंकड़ों में सबसे कम बेरोजगारी है।सोना-चांदी ने भरी उड़ानः 45 वर्ष में पहली बार एक वर्ष की अवधि में सोना-चांदी एक साथ सबसे अधिक बढ़े। सोना 81 हजार प्रति तौला और चांदी एक लाख प्रतिकिलो के स्तर से पार पहुंचे। यूपीआई का बढ़ रहा दबदबाः जनवरी से नवंबर 2024 के बीच यूपीआई से 15,547 करोड़ से अधिक लेन-देन हुए हैं, जिनके जरिए 223 लाख करोड़ रुपये की राशि का लेनदेन हुआ। 7.28 करोड़ आईटीआरः आकलन वर्ष 2024-25 के लिए कुल 7.28 करोड़ आईटीआर दाखिल किए गए। इनमें 5.27 करोड़ रिटर्न नए टैक्स रिजीम के तहत दाखिल हुए।सेंसेक्स-निफ्टी की उड़ानः सितंबर को सेंसेक्स85,978.25 के अपने रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंचा था। निफ्टी ने भी 26,277 के सर्वकालिक उच्चस्तर को छुआ। उसके बाद से उतार- चढ़ाव जारी है। साथियों बातें कर हम स्पोर्ट्स क्षेत्र में 2024 को शुक्राने की करें तो, एक क्रिकेट विश्व कप, आधा दर्जन ओलंपिक पदक और दो शतरंज विश्व चैंपियन, वर्ष 2024 ने भारतीय खेल प्रशंसकों को जश्न मनाने के कई मौके दिए जिससे खेलों की दुनिया में देश का भविष्य उज्जवल नजर आता है, यूं तो वर्ष 2024 ने भारतीय खेलों में कुछ यादगार पल जोड़े लेकिन जिन तारीखों को याद किया जाएगा उनमें 29 जून, 30 जुलाई, 12 दिसंबर और 28 दिसंबर शामिल हैं। भविष्य की दिशा में एक बड़ा कदम 2036 ओलंपिक की मेजबानी के इरादे का औपचारिक आशय पत्र सौंपना रहा, यह एक ऐसा कदम है जिसमें देश के खेल परिदृश्य को बदलने की क्षमता है। पिछले चार महीनों में शतरंज बोर्ड भारत के लिए खुशहाली का मैदान बन गया है, जहां पुरुष और महिला दोनों टीमों ने सितंबर में पहली बार ओलंपियाड में स्वर्ण पदक जीते हैं वहीं डी गुकेश और कोनेरू हम्पी ने दिसंबर में विश्व खिताब के साथ नई ऊंचाइयों को छुआ।गुकेश 12 दिसंबर को 18 साल की उम्र में चीन की डिंग लिरेन को हराकर सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियन बने जबकि 37 वर्षीय हम्पी ने 28 दिसंबर को अपने करियर में दूसरी बार महिलाओं का रैपिड विश्व खिताब जीता। साथियों बात अगर हम रक्षा क्षेत्र में 2024 को शुक्राने की करें तो, साल 2024 में रक्षा के मोर्चे पर कई ऐसी घटनाएं हुईं जो 'इतिहास में पहली बार' श्रेणी में दर्ज हो गईं। पूरा साल देश को मिली महत्वपूर्ण उपलब्धियों और सफलताओं के नाम रहा। भारत को मजबूत, सुरक्षित, आत्मनिर्भर और समृद्ध राष्ट्र बनाने के लिए रक्षा मंत्रालय ने पूरी ताकत झोंक दी।54 मंत्रालयों में सबसे अधिक पैसा रक्षा मंत्रालय को दिया गया था।खास बात यह है कि भारत सरकार के 54 मंत्रालयों और 93 विभागों में रक्षा मंत्रालय को सबसे अधिक फंड आवंटित किया गया। केंद्र सरकार के कुल खर्च का लगभग 13 फीसदी हिस्सा रक्षा मंत्रालय को दिया गया। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि विश्व में 2025 में करना है ऐसा धमाल- दुनियाँ कहे वाह रे भारत माता के लाल!-भारत ने 2024 में बौद्धिक क्षमता व नेतृत्व से किया कमाल।2025 की बारी-विश्व गुरु बनने की तैयारी-अद्भुत रही वर्ष 2024 से यारी।हर देशवासी को 2025 की सफलताओं की गाथाओं का ऐसा इतिहास रचना होगा कि दुनियाँ के रोंगटे खड़े हो जाएं, कहें वाह रे भारत के लाल तूने कर दिया कमाल!





**-संकलनकर्ता लेखक - कर विशेषज्ञ स्तंभकार साहित्यकार अंतरराष्ट्रीय लेखक चिंतक कवि संगीत माध्यमा सीए(एटीसी) एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र**

तीखी नजर

# सताने जलाने वाले 2024 तू जा



राजेंद्र शर्मा

जा 2024 तू जा। बहुत हुआ, अब तो निकल ले। हम पर मेहरबानी कर। हमारी जान बख्श और 2025 को आने दे। 2025 कैसा होगा, इसकी फिक्र तू छोड़, तू तो बस विदाई ले। तू तो बस जा। ओ चुनाव में पब्लिक को बड़ी-बड़ी उम्मीदें दिखाने वाले साल; ओ मोदी जी को भी 400 पार के सपने दिखाने वाले साल; ओ भगवाइयों को 400 सौ पार से संविधान बदलने के हौसले बंधाने वाले साल; ओ आखिर में नतीजों से सब को हैरान करने वाले साल, तू जा। ओ मोदी जी से खुद ही खुद को सीधे ईश्वर का भेजा, नॉन बायलॉजिकल ईश्वरीय दूत घोषित कराने वाले और विरोधियों पर मंगलसूत्र से लेकर भैंसें तक, छीनकर ले जाने और मुसलमानों में बंटवा देने के इल्जाम लगवा देने वाले साल, तू चलता बन।

ओ बेरोजगारी के रोने तेज से तेज कराने वाले साल, तू जा। ओ महंगाई के नये-नये रिकार्ड बनाने वाले साल तू जा। ओ किसानों की आत्महत्याओं के कंपटीशन में, मजदूरों- खेत मजदूरों की आत्महत्याओं को भी ला खड़ा करने वाले साल, तू अब तो जा। औरतों पर अत्याचारों के नये-नये रिकार्ड बनवाने वाले साल, तू अब जा। दलितों को घोड़ी चढ़ने से लेकर बारात में बैंड बजवाने तक से रोके जाने की परंपरा कायम रखे जाने के साल, तू जा। औरतों और दलितों की बगल में, दूसरे दर्जे के नागरिकों के रूप में मुसलमानों की हैसियत पुख्ता कराने वाले साल, तू जा। लिंचिंग के एक के बाद एक तमाशे दिखाने वाले साल, तू जा। एन्काउंटर के एक से बढकर एक कारनामे दिखाने वाले साल, तू जा। कमजोरों के घरों, दूकानों, दिलों, सब पर बुलडोजर चलवाए जाने वाले साल, तू अब जा।

ओ जाते-जाते जाकिर हुसैन, श्याम बेनेगल जैसी बड़ी हस्तियों को हमसे चुरा ले जाने वाले साल, तू जा। ओ मनमोहन सिंह की विदाई से मोदी जी के लिए नया संकट खड़ा कर देने वाले साल, तू बस जा। संकट ये है कि जो बेचारे मोदी जी अपना सारा ध्यान अब तक नेहरू जी को कंपटीशन में पछाड ? पर ही लगाए हुए थे, अब उनका एक और कंपटीटर मर कर पैदा हो गया है--मनमोहन सिंह। बेचारे, अब नेहरू को हराएं या मनमोहन सिंह को। मनमोहन सिंह को हराना वैसे तो आसान लगता है, वह सिर्फ दो बार प्रधानमंत्री चुने गए थे, जबकि मोदी जी की तीसरी पारी चल रही है। पर मनमोहन सिंह की शिष्टता, विनम्रता, मृदुता, जनतांत्रिकता, धर्मनिरपेक्षता वगैरह-वगैरह को कैसे हराएं? मोदी जी को मनमोहन सिंह से जीत कर भी हरवा देने वाले साल, तू अब जा।

ओ अडानी पर बार-बार संकट के बादल ले आने और मोदी जी से उसकी हिफाजत कराने वाले साल, तू जा। इसकी फिक्र मत कर कि आगे-आगे अडानी का क्या होगा? जब तक मोदी जी कायम हैं, कुछ भी नहीं होगा; न 2025 में, न 2026 में आदि, आदि। अडानी की चिंता छोड़, तू तो बस अब जा। बाकी सब जस का तस रहा, तब भी कम से कम कलैंडर तो नया होगा। सो जा 2024 और 2025 को आने दे।

# मेलबर्न टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया को बड़ी बढ़त

## बुमराह ने झटके चार विकेट, कंगारुओं ने दूसरी पारी में नौ विकेट पर बनाए 228 रन, कुल बढ़त 333 रन की



### भारत की पहली पारी 369 रन पर सिमटी, कमिंस, बोलैंड और लायन ने झटके तीन-तीन विकेट

● मेलबर्न

**बॉर्डर-गावस्कर** ट्रॉफी के चौथे टेस्ट मैच के चौथे दिन रविवार को ऑस्ट्रेलियाने दूसरी पारी में मार्नस लाबुशेन (70), कप्तान पैट कमिंस (41) और नाथन लायन (नाबाद 41) की उपयोगी पारियों की बदौलत दिन का खेल समाप्त होने के समय नौ विकेट पर 228 रन बना लिए है। इसी के साथ उसकी कुल बढ़त 333 रन की हो गई हैं।

दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया ने अपना पहला विकेट 20 के स्कोर पर सैम कोंस्टास (08) के रूप में गंवाया है। उन्हें जसप्रीत बुमराह ने बोल्ड आउट किया। 19वें ओवर में मोहम्मद सिराज ने उस्मान ख्वाजा (21) को बोल्ड आउट किया। भोजनकाल तक ऑस्ट्रेलिया ने 53 रन पर अपने दो विकेट गवां दिए है हालांकि ऑस्ट्रेलिया की बढ़त 158 रन हो चुकी है। 33वें ओवर में सिराज ने स्टीव स्मिथ (13) को पंत के हाथों कैच आउट कराकर पवेलियन भेज दिया। अगले ही ओवर में बुमराह ने ट्रेविस हेड (01) को भी विदा कर भारत को चौथी सफलता दिलाई। इसी के साथ बुमराह ने टेस्ट क्रिकेट में अपने दो सौ विकेट पूरे कर लिए। इसके बाद बुमराह ने मिचेल मार्श (00) को आउट कर ऑस्ट्रेलिया को पांचवा झटका दिया। 36वें ओवर में बुमराह ने एलेक्स कैरी (02) को बोल्ड कर अपना चौथा शिकार किया। ऑस्ट्रेलिया का सातवां विकेट मार्नस लाबुशेन के रूप में गिरा। उन्होंने मोहम्मद सिराज ने पगबाधा आउट किया। लाबुशेन ने 139 गेंदों में तीन चौकों की मदद से (70) रनों की पारी खेली। आठवां विकेट मिचेल स्टार्क (05) का रन आउट के रूप में गिरा। इसके बाद रवींद्र जडेजा ने कप्तान पैट कमिंस को (41) के स्कोर पर चलता कर दिया। नाथन लायन और स्कॉट बोलैंड ने 10वें विकेट के लिए महत्वपूर्ण साझेदारी करते हुए को स्कोर दो सौ रनों के पार पहुंचा दिया। दिन का खेल समाप्त होने के समय ऑस्ट्रेलिया ने 82 ओवरों में नौ विकेट पर 228 रन बना लिए है और उसकी कुल बढ़त 333 रनों की हो गई हैं। नाथन लायन (नाबाद 41) और स्कॉट बोलैंड (नाबाद 10) रन बनाकर क्रीज पर हैं। भारत की ओर जसप्रीत बुमराह ने चार विकेट लिए। मोहम्मद सिराज को तीन विकेट मिले। रवींद्र जडेजा ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले भारत ने शनिवार के नौ विकेट पर 359 रन आगे खेलना शुरु किया। भारतीय टीम शनिवार के स्कोर में दस रन का इजाफा कर पहली पारी 369 रनों के स्कोर पर सिमट गई है। नाथन लॉयन ने नीतीश कुमार रेड्डी को आउट किया। रेड्डी ने 189 गेंदों में 11 चौके और एक छक्का लगाते हुए (114) रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी के आधार पर 105 रनों की बढ़त हासिल हुई थी। ऑस्ट्रेलिया की ओर से पैट कमिंस, स्कॉट बोलैंड और लायन ने तीन-तीन विकेट लिए। ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 474 रन का स्कोर बनाया था।




### स्कोर बोर्ड

ऑस्ट्रेलिया पहली पारी : 474 रन

| भारत पहली पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी जयसवाल रन आउट | 82 | 118 | 11 | 1 |
| रोहित शर्मा का बोलैंड बो कमिंस | 03 | 5 | 0 | 0 |
| केएल राहुल बो कमिंस | 24 | 42 | 3 | 0 |
| विराट कोहली का कैरी बो बोलैंड | 36 | 86 | 4 | 0 |
| आकाश का लायन बो बोलैंड | 00 | 13 | 0 | 0 |
| पंत का लायन बो बोलैंड | 28 | 37 | 3 | 0 |
| जडेजा पगबाधा बो लायन | 17 | 51 | 3 | 0 |
| नीतीश का स्टार्क बो लायन | 114 | 189 | 11 | 1 |
| सुंदर का स्मिथ बो लायन | 50 | 162 | 1 | 0 |
| बुमराह का ख्वाजा बो कमिंस | 00 | 3 | 0 | 0 |
| मोहम्मद सिराज नाबाद | 04 | 15 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 11 रन

कुल : 119.3 ओवर में 369 रन पर ऑलआउट

विकेट पतन: 1-8, 2-51, 3-153, 4-154, 5- 159, 6-191, 7-221, 8-348, 9-350, 10-369

| गेंदबाजी | ओवर | मेडन | रन | विकेट |
|---|---|---|---|---|
| मिचेल स्टार्क | 25 | 2 | 86 | 0 |
| पैट कमिंस | 29 | 6 | 89 | 3 |
| स्कॉट बोलैंड | 27 | 7 | 57 | 3 |
| नाथन लायन | 28.3 | 4 | 96 | 3 |
| मिशेल मार्श | 7 | 1 | 28 | 0 |
| ट्रैविस हेड | 3 | 0 | 11 | 0 |

| ऑस्ट्रेलिया दूसरी पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सैम कोंस्टास बो बुमराह | 08 | 18 | 1 | 0 |
| उस्मान ख्वाजा बो सिराज | 21 | 65 | 2 | 0 |
| लाबुशेन पगबाधा बो सिराज | 70 | 139 | 3 | 0 |
| स्टीव स्मिथ का पंत बो सिराज | 13 | 41 | 1 | 0 |
| ट्रैविस हेड का नीतीश बो बुमराह | 01 | 2 | 0 | 0 |
| मार्श का पंत बो बुमराह | 00 | 4 | 0 | 0 |
| एलेक्स कैरी बो बुमराह | 02 | 7 | 0 | 0 |
| कमिंस का रोहित बो जडेजा | 41 | 90 | 4 | 0 |
| मिचेल स्टार्क रन आउट | 05 | 13 | 0 | 0 |
| नाथन लायन नाबाद | 41 | 54 | 5 | 0 |
| स्कॉट बोलैंड नाबाद | 10 | 65 | 1 | 0 |

अतिरिक्त : 16 रन

कुल : 82 ओवर में नौ विकेट पर 228 रन

विकेट पतन: 1-20 , 2-43, 3-80, 4-85, 5-85, 6-91, 7-148, 8-156, 9-173

| गेंदबाजी | ओवर | मेडन | रन | विकेट |
|---|---|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह | 24 | 7 | 56 | 4 |
| आकाश दीप | 17 | 4 | 53 | 0 |
| मोहम्मद सिराज | 22 | 4 | 66 | 3 |
| रवींद्र जडेजा | 14 | 2 | 33 | 1 |
| नीतीश कुमार रेड्डी | 1 | 0 | 4 | 0 |
| वॉशिंगटन सुंदर | 4 | 0 | 7 | 0 |

## चोटिल जॉश इंग्लिस बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी से हुए बाहर



**मेलबर्न, वार्ता:** ऑस्ट्रेलिया के विकेटकीपर बल्लेबाज जॉश इंग्लिस पिंडलियों में आए खिंचाव के कारण बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से बाहर हो गए हैं। मेलबर्न टेस्ट के तीसरे दिन स्थानापंन्न खिलाड़ी के रूप में क्षेत्ररक्षण के इंग्लिस को पिंडलियों खिंचाव महसूस हुआ। इस कारण वह सिडनी टेस्ट नहीं खेल पाएंगे। ऑस्ट्रेलिया जल्द ही उनकी जगह किसी दूसरे खिलाड़ी के नाम घोषणा कर सकता है। इस चोट के कारण अब जॉश इंग्लिस के इस सीजन बीबीएल में खेलने पर संदेह है। ऑस्ट्रेलिया को उम्मीद है कि वह अगले महीने के अंत में होने वाले श्रीलंका टेस्ट दौरे तक फिट हो जाएंगे। श्रीलंका दौरे से पहले ऑस्ट्रेलिया की टीम एक अभ्यास शिविर के लिए यूएई जाएगी। तेज गेंदबाज जाय रिचर्डसन भी ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट टीम के साथ बने रहेंगे। शनिवार को तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क पीठ दर्द की शिकायत की थी और उन्होंने मैदान में ही उपचार लिया था। हालांकि रविवार सुबह सेन रेडियो से बातचीत में कहा कि वह पूरी तरह फिट हैं।

## बुमराह 20 की औसत से 200 विकेट वाले पहले गेंदबाज

**मेलबर्न, वार्ता :** मेलबर्न टेस्ट के चौथे दिन रविवार को रिकॉर्ड्स की सूची में जसप्रीत बुमराह का नाम टॉप पर रहा। बुमराह 20 से कम की औसत से 200 टेस्ट विकेट लेने दुनिया के वाले पहले गेंद हैं। वह सीना देशों (साउथ अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया) में सबसे ज्यादा 142 विकेट लेने वाले गेंदबाज भी बन गए हैं। बुमराह बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी (बीजीटी) 2024-25 में अब तक 29 विकेट ले चुके हैं। जसप्रीत बुमराह ने टेस्ट में 3912 रन देकर 200 विकेट हासिल किए हैं। अब तक टेस्ट में 85 गेंदबाजों ने 200 प्लस विकेट लिए हैं, जिसमें बुमराह का नाम टॉप पर है। अपने 200वें टेस्ट विकेट के समय किसी गेंदबाज द्वारा दिए गए पिछले सबसे कम रन वेस्टइंडीज के जोएल गार्नर के 4067 रन थे। भारतीयों में यह रिकॉर्ड पहले रवींद्र जड़ेजा के नाम था, जिन्होंने 4840 रन देकर 200 विकेट लिए थे। मेलबर्न में खेले 3 टेस्ट में बुमराह अब तक 23 विकेट ले चुके हैं, जो किसी विदेशी मैदान पर भारतीय गेंदबाज द्वारा लिए गए सबसे अधिक विकेट हैं। पिछला सर्वाधिक 20 विकेट अनिल कुंबले के नाम था, जिन्होंने सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर लिया था।

## सार संक्षेप

### डब्ल्यूटीसी के फाइनल के लिए भारत, ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका में होगी प्रतिस्पर्धा

**मेलबर्न :** विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के दूसरे फाइनलिस्ट के लिए भारत, ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका अपने-अपने मुकाबलों में प्रतिस्पर्धा करते हुए दिखेंगे। दक्षिण अफ्रीका ने पाकिस्तान पर दो विकेट से जीत दर्ज कर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) में अपनी जगह बना ली है। हाल में चल रहे मैचों के अनुसार इन तीनों टीमों की स्थिति इस प्रकार है। भारत को बिना किसी बाहरी सहायता के डब्ल्यूटीसी के फाइनल में जगह बनाने के लिए शेष दोनों मैच जीतने होंगे। ऐसी स्थिति में भारत अंक तालिका को 60.53 पर समाप्त करेगा और अगर ऑस्ट्रेलिया इसके बाद श्रीलंका के खिलाफ अपने शेष दोनों मैच जीत भी जाता है तब भी वह 57.02 प्रतिशत अंक तक ही पहुंच पाएगा। अगर भारत एक टेस्ट मैच जीतता है और एक टेस्ट ड्रॉ होता है तब 57.02 प्रतिशत अंक के साथ फाइनल में पहुंचने से वंचित रह सकता है क्योंकि अगर ऑस्ट्रेलिया श्रीलंका को 2-0 से हरा देता है तब ऐसी स्थिति में ऑस्ट्रेलिया के पास 58.77 प्रतिशत अंक हो जाएंगे। अगर भारत 57.02 अंक के साथ भी फाइनल में पहुंचना चाहेगा तब उसे यह उम्मीद करनी होगी कि ऑस्ट्रेलिया श्रीलंका के खिलाफ 16 से अधिक अंक अर्जित ना कर पाए जिसका मतलब है कि ऑस्ट्रेलिया अगर श्रीलंका को एक मैच में हरा देता है तब भारत को यह उम्मीद करनी होगी कि श्रीलंका ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक मैच कम से कम ड्रॉ करा ले। यदि भारत अगले दो मैचों में से एक मैच जीतता और एक हारता है तब ऐसी स्थिति में उसके पास 55.26 प्रतिशत अंक होंगे और वह चाहेगा कि श्रीलंका ऑस्ट्रेलिया को 1-0 के अंतर से हरा दे। यदि भारत के दोनों मैच ड्रॉ पर समाप्त होते हैं तब ऐसी स्थिति में उसके पास 53.51 प्रतिशत अंक होंगे। श्रीलंका 2-0 की जीत के साथ इस आंकड़े को पार कर सकता है जबकि ऑस्ट्रेलिया को फाइनल में जगह बनाने के लिए एक मैच में जीत चाहिए होगी। अगर भारत का एक मैच ड्रॉ होता है और एक मैच वो हार जाता है तब ऐसी स्थिति में उसके पास 51.75 प्रतिशत अंक होंगे और ऐसी स्थिति में वह फाइनल की दौड़ से पूरी तरह से बाहर हो जाएगा।

### हम्पी ने दूसरी बार वर्ल्ड रैपिड शतरंज चैंपियनशिप जीती

**न्यूयॉर्क :** भारत की कोनेरू हम्पी ने दूसरी बार वर्ल्ड रैपिड शतरंज चैंपियनशिप खिताब जीत लिया है। न्यूयॉर्क में खेले गए इस टूर्नामेंट में हम्पी ने फाइनल में इंडोनेशिया की इरीन सुखंदर को हराया। इससे पहले हम्पी ने साल 2019 में जॉर्जिया में हुए इस चैंपियनशिप को जीता था। भारत की नंबर 1 खिलाड़ी चीन की जू वेनजुन के बाद एक से अधिक बार खिताब जीतने वाली दूसरी खिलाड़ी हैं। 37 वर्षीय हम्पी ने 11 में से 8.5 अंकों के साथ टूर्नामेंट का समापन किया। रूस के वोलोडर मुर्जिन ने पुरुष और भारत की कोनेरू हम्पी ने विमेंस चैंपियनशिप का टाइटल जीता। हम्पी नेशनल बॉयज टाइटल जीतने वाली पहली भारतीय महिला थीं। वे ग्रैंड मास्टर बनने वाली भारत की पहली महिला खिलाड़ी हैं। वे 2600 ईएलओ पॉइंट हासिल करने वाली सिर्फ दूसरी महिला खिलाड़ी हैं। उनके पिता अशोक कोनेरू ने 5 साल की उम्र में उनकी प्रतिभा को पहचान लिया था।

## हॉकी इंडिया लीग में सहारनपुर की बेटी महिमा चौधरी का चयन

सहारनपुर

**12 जनवरी** से 26 जनवरी तक झारखंड के रांची में आयोजित होने वाली हॉकी इंडिया लीग (महिला) में सहारनपुर की बेटी महिमा चौधरी को बंगाल टाइगर्स की टीम में चयन हुआ है। जिसमें बंगाल टाइगर्स ने महिमा को 10 लाख में खरीदा है हॉकी इंडिया लीग हर साल आयोजित होती है जिसमें देश विदेश के खिलाड़ी भी भाग लेते है। पुरुष हॉकी इंडिया लीग 26 दिसंबर से राउरकेला में शुरू हो चुकी है। फेडरेशन के अध्यक्ष दिलीप टिर्की की सफल कोशिशों से इस साल लीग में महिला लीग भी शुरू की जा रही है। महिमा चौधरी पहले से ही सीनियर राष्ट्रीय टीम का हिस्सा है जोकि आने वाले विश्व कप की तैयारी में जुटे है। इस लीग से इंडिया टीम की हर खिलाड़ी को एक अच्छा एक्सपोजर मिलेगा जब वो विदेशी खिलाड़ियों के साथ एक टीम में खेलेंगे। हॉकी कोच शारिक हुसैन ने महिमा को इस उपलब्धि पर बधाई दी। उन्होंने बताया कि महिमा चौधरी आशा की वो किरण है जो सहारनपुर को बहुत जल्दी इक महिला हॉकी में एक ओलंपियन देने वाली है। मैं हमेशा से ही उसके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं। सहारनपुर के वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ी फुरकान अहमद, यशपाल सिंह पुंडीर, नवीन चंद शर्मा, सुरेश पाल, संदीप भट, ऊषा गुप्ता ने भी महिमा चौधरी को बधाई दी वा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। वहीं साथी हॉकी खिलाड़ी शालिनी रावत, शिवानी रावत,निखिल कुमार, आसिफ अली, विशु, सागर नंदा, विपुल कुमार, विशाल कुमार, वासी उल्ला खां में खुशी की लहर है।

**बंगाल टाइगर्स ने महिमा चौधरी को 10 लाख रुपये में खरीदा**



## पहले टेस्ट मैच में जीती दक्षिण अफ्रीका

### पाकिस्तान को हरा दक्षिण अफ्रीका विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में

**सेंचुरियन, वार्ता :** दक्षिण अफ्रीका ने रविवार को खेले गये पहले टेस्ट मैच के चौथे दिन पाकिस्तान को दो विकेट से हराकर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में अपनी जगह बना ली है। दक्षिण अफ्रीका ने 11 मैचों में सात जीत दर्ज करते हुए प्रतिशत 66.67 अंक के साथ शीर्ष पर पहुंच गई है। इसी के साथ दूसरे फाइनलिस्ट के लिए भारत, ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका के बीच प्रतिस्पर्धा होगी।

दक्षिण अफ्रीका ने कगिसो रबाडा (31), मार्को यानसेन (16) की जूझारु और कप्तान तेम्बा बवूमा (40) तथा एडन मारक्रम (37) की महत्वपूर्ण पारियों की बदौलत पहले टेस्ट मैच के चौथे दिन रोमांचक मुकाबले में पाकिस्तान को दो विकेट से हरा दिया है। दक्षिण अफ्रीका ने कल के तीन विकेट पर 27 रन से रविवार को आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में मोहम्मद अब्बास ने एडन मारक्रम को बोल्ड कर पाकिस्तान को चौथी सफलता दिलाई। मारक्रम ने 63 गेंदों में छह चौके लगाते हुए (37) रन बनाये। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए डेविड बेडिंघम ने कप्तान तेम्बा बवूमा के साथ मोर्चा संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने पांचवें विकेट के लिए 34 रन जोड़े। अब्बास ने बवूमा को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। बवूमा ने (14) रन बनाये। इसके बाद नसीम शाह ने काइल वेरेन (02) को अपना शिकार बना लिया। आठवें विकेट के रूप में कॉर्बिन बॉश (00) को मोहम्मद अब्बास ने आउट किया। एक समय जब दक्षिण अफ्रीका 116 रन पर आठ विकेट गिर गये तो ऐसा लगा रहा था। पाकिस्तान जल्द ही उसने ऑलआउट कर यह मुकाबला जीत लेगा। ऐसे समय में मार्को यानसेन और कगिसो रबाड़ा की जोड़ी ने जूझारू पारी खेली और टीम के लिए तेजी के साथ रन बनाए।




# हरियाणा ने जीता प्रो कबड्डी लीग का खिताब

## हरियाणा स्टीलर्स ने खिताबी मुकाबले में पटना पाइरेट्स को 32-23 के अंतर से हराया

● पुणे, वार्ता

**अपने** डिफेंडर्स के शानदार प्रदर्शन की बदौलत हरियाणा स्टीलर्स ने बालेवाड़ी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के बैडमिंटन हॉल में रविवार को खेले गए प्रो कबड्डी लीग के 11वें सीजन के फाइनल मुकाबले में तीन बार के चैंपियन पटना पाइरेट्स को 32-23 के अंतर से हराते हुए पहली बार चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया है। हरियाणा ने बीते साल भी फाइनल खेला था लेकिन वह पुनेरी पल्टन से हार गई थी।

इसे हरियाणा के डिफेंडर्स बनाम पटना के रेडर्स का मुकाबला कहा जा रहा था और हरियाणा के डिफेंडर्स ने 11 के मुकाबले 16 अंकों के साथ लट्ठ गाड़ते हुए अपना वचर्स्व साबित किया और इस दौरान उन्होंने पटना के दोनों स्टार रेडर्स- देवांक (5) और अयान (3) को पूरी तरह रोके रखा। पटना के लिए डिफेंडर गुरदीप ने सबसे अधिक 6 अंक लिए। दूसरी ओर, हरियाणा के लिए शिवम पटारे (9) और मोहम्मदरेजा शादलू (7) ने दोनों विभागों में अपना कमाल दिखाया और राहुल सेतपाल (3) तथा जयदीप (2) के साथ मिलकर पटना के रेडरों की नकेल कसते हुए बतौर कोच मनप्रीत सिंह को चौथे प्रयास में पहला खिताब दिलाया। पहले खिताब की आस में हरियाणा ने मनमाफिक आगाज के साथ शुरुआती 10 मिनट में 7-5 की बना ली थी। इस दौरान दोनों टीमें डिफेंस में 3-3 से बराबरी पर रहीं लेकिन अयान और देवांक की नाकामी के कारण पटना रेंडिग में 4 के मुकाबले सिर्फ दो अंक ले सके। साथ ही शिवम पटारे पर लगाम नहीं लगा पाना भी उसे भारी पड़ता दिख रहा था। ब्रेक के बाद हालांकि देवांक ने शादलू की छुट्टी कर वापसी के संकेत दिए। इसके बाद अयान ने भी अपने हाथ खोले और मल्टीप्वाइंटर के साथ स्कोर बराबर कर हरियाणा को सुपर टैकल सिचुएशन में ला दिया। अगली रेड पर शिवम ने अयान को सुपर टैकल कर हरियाणा को लीड दिला दी। शिवम डिफेंस में लगातार अंक ले रहे थे। हरियाणा 12-9 से आगे हो गए थे। इसके बाद अंकित ने विनय को लपका तो जयदीप ने देवांक को लपक इसका जवाब दिया। फिर नवीन ने डू ओर डाई रेड पर अंकित का शिकार कर लीड 4 कर दी। इसके बाद राहुल ने अयान को बैकहोल्ड कर लिया। पटना के लिए अब सुपर टैकल आन था। गुरदीप ने इसका पूरा लाभ लिया और शिवम को सुपर टैकल कर हाफटाइम तक स्कोर 12-15 कर दिया। हाफटाइम के बाद सुधारकर ने नवीन को आउट कर देवांक को रिवाइव करा लिया। फिर दीपक ने विनय को आउट कर स्कोर 14-15 कर दिया।




## पद्मश्री अजय ठाकुर ने अंतरराष्ट्रीय कबड्डी को कहा अलविदा

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश के अंतरराष्ट्रीय कबड्डी स्टार और पद्मश्री पुरस्कार विजेता अजय ठाकुर ने अंतरराष्ट्रीय कबड्डी से संन्यास की घोषणा कर दी है। ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता के दौरान उन्होंने यह बड़ा फैसला लिया। उन्होंने वीडियो के माध्यम से यह घोषणा की है। उन्होंने कहा कि अब काफी कबड्डी खेल चुके हैं और युवा खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का मौका देना चाहते हैं। अजय ठाकुर ने अपने संन्यास का कारण अपनी शारीरिक इंजरी को भी बताया, जिनकी वजह से वे अब खेल को जारी रखने में असमर्थ हैं। उन्होंने कहा कि देश में अब युवा प्लेयर काफी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। मुझे विश्वास है कि वे भारत का नाम और भी ऊंचा करेंगे। अजय ठाकुर ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रेडर के रूप में भारतीय कबड्डी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। वह भारतीय टीम के कप्तान भी रहे और अपनी नेतृत्व क्षमता के लिए जाने गए।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेलः- dailyloktantra@gmail.com

किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)